# एडिटोरियल क्विज़



## मई 2025


| C-171/2, Block-A, Sector-15, Noida | 641, Mukherjee Nagar, Opp. Signature View Apartment, New Delhi | 21, Pusa Road, Karol Bagh New Delhi | Tashkent Marg, Civil Lines, Prayagraj, Uttar Pradesh | Tonk Road, Vasundhra Colony, Jaipur, Rajasthan | Burlington Arcade Mall, Burlington Chauraha, Vidhan Sabha Marg, Lucknow | 12, Main AB Road, Bhawar Kuan, Indore, Madhya Pradesh |
|---|---|---|---|---|---|---|

E-mail : care@groupdrishti.in

Phone: +91-87501-87501

# प्रश्न

1. **ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
   1. इन नियमों द्वारा नगरपालिका ठोस अपशिष्ट (प्रबंधन एवं हैंडलिंग) नियम, 2000 का स्थान लिया गया तथा स्रोत पर ही अपशिष्ट को अलग करने पर ध्यान केंद्रित किया गया।
   2. जहाँ तक संभव हो, जैव-निम्नीकरणीय अपशिष्ट को परिसर के अंदर ही संसाधित एवं उपचारित करने के साथ खाद या जैव-मीथेनेशन के माध्यम से निपटाया जाना चाहिये।
   3. इसके तहत टिन, काँच और प्लास्टिक पैकेजिंग जैसे डिस्पोज़ेबल उत्पादों के निर्माताओं को अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली स्थापित करने के क्रम में स्थानीय प्राधिकारियों को वित्तीय सहायता प्रदान करने का प्रावधान किया गया है।

   **उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

   A. केवल एक
   B. केवल दो
   C. सभी तीन
   D. कोई नहीं

2. **निम्नलिखित में से कौन सा कथन किसी क्षेत्र को बुनियादी ढाँचे के रूप में नामित करने के निहितार्थ का सबसे अच्छा वर्णन करता है?**

   A. इससे संबंधित क्षेत्र में सेवाओं का तत्काल निजीकरण हो जाता है।
   B. सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों को वित्तपोषित करने के लिये इस पर करों में वृद्धि की जाती है।
   C. इसे वित्तपोषण, कराधान और नियामक ढाँचे के संदर्भ में तरजीही व्यवहार प्राप्त होता है।
   D. कोई नहीं

3. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

   **कथन-I:** राष्ट्रीय वन नीति (NFP) 1988 में भौगोलिक क्षेत्र के 33% भाग का वन अथवा वृक्ष आच्छादित होने की परिकल्पना की गई।

   **कथन-II:** भारत वन स्थिति रिपोर्ट (ISFR) 2023 के अनुसार, क्षेत्रफल की दृष्टि से मध्य प्रदेश में सर्वाधिक वन क्षेत्र है, उसके बाद अरुणाचल प्रदेश और छत्तीसगढ़ का स्थान है।

   **उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

   A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन I का सही स्पष्टीकरण है
   B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I का सही स्पष्टीकरण नहीं है
   C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है
   D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है

4. **अलघ समिति, लकड़ावाला समिति, तेंदुलकर समिति और रंगराजन समिति को प्रायः जन-समाचारों में किस संदर्भ में देखा जाता है:**

   A. पर्यावरण सुधार
   B. शिक्षा नीतियाँ
   C. कृषि सुधार
   D. निर्धनता का मापन

5. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
   1. सकल घरेलू उत्पाद (GDP) एक विशिष्ट अवधि में किसी देश में उत्पादित उन सभी "अंतिम" वस्तुओं और सेवाओं के कुल मौद्रिक मूल्य का मापन है, जिनका अंतिम उपयोगकर्त्ता द्वारा क्रय किया जाता है।
   2. किसी क्षेत्र का सकल मूल्यवर्द्धित (GVA) उत्पादन के मूल्य में से मध्यवर्ती इनपुट को घटाने के बाद प्राप्त राशि है, तथा "मूल्य वर्द्धन" को श्रम और पूंजी के बीच वितरित किया जाता है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

3. यदि सरकार द्वारा अर्जित कर उसके द्वारा प्रदत्त सब्सिडी से अधिक है, तो सकल घरेलू उत्पाद (GDP) GVA से अधिक होगी।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**6. केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (CPSE) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इन्हें महारत्न, नवरत्न और मिनीरत्न श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है।
2. वित्त मंत्रालय का सार्वजनिक उद्यम विभाग (DPE) कंपनियों को नवरत्न का दर्जा देने के लिये ज़िम्मेदार है।
3. के. कस्तूरीरंगन समिति (वर्ष 2005) ने CPSE में स्वामित्व और सतर्कता प्रबंधन से संबंधित प्रमुख मुद्दों पर सिफारिशें कीं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं/ हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**7. निम्नलिखित में से कौन राजकोषीय मॉनिटर और वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट जारी करता है?**

A. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF)
B. विश्व बैंक
C. अंतर्राष्ट्रीय निपटान बैंक (BIS)
D. विश्व व्यापार संगठन (WTO)

**8. लार्ज लैंग्वेज मॉडल (LLM) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. GPT और BERT जैसे बड़े सामान्य प्रयोजन वाले LLM, AI सिस्टम हैं जिन्हें विभिन्न प्रकार के कार्यों को करने के लिये डिज़ाइन किया गया है, जिसमें टेक्स्ट वर्गीकरण, प्रश्न उत्तर और टेक्स्ट निर्माण शामिल हैं।
2. भारतजेन (BharatGen) AI-संचालित सार्वजनिक सेवाओं के लिये विश्व की पहली सरकार द्वारा वित्त पोषित मल्टीमॉडल LLM पहल है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**9. केंद्रीय सूचना आयोग (CIC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे सूचना का अधिकार (RTI) अधिनियम, 2005 के तहत एक वैधानिक निकाय के रूप में स्थापित किया गया था।
2. राष्ट्रपति कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता वाली समिति की सिफारिशों के आधार पर इसके सदस्यों की नियुक्ति करते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**10. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. परमाणु ऊर्जा अधिनियम, 1962 के तहत परमाणु ऊर्जा को विशेष रूप से केंद्र सरकार द्वारा नियंत्रित किया जाता है।
2. परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड (AERB) भारत में परमाणु उद्योग के भीतर सुरक्षा मानकों और अनुपालन की देखरेख के लिये ज़िम्मेदार है।
3. परमाणु क्षति के लिये नागरिक दायित्व अधिनियम, 2010 ऑपरेटर की देयता पर एक सीमा निर्धारित करता है, जिसे सरकार द्वारा समर्थित किया जाता है जबकि भारतीय परमाणु बीमा पूल (INIP) परमाणु दुर्घटनाओं के लिये बीमा कवरेज प्रदान करता है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं ?

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीनों

D. कोई नहीं

**11. निम्नलिखित में से कौन सी नदियाँ सिंधु नदी की सहायक नदियाँ हैं ?**

1. सतलुज
2. ब्यास
3. घटप्रभा
4. झेलम

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1, 2 और 4

B. केवल 2 और 3

C. केवल 3

D. 1, 2, 3 और 4

**12. सकल स्थिर पूंजी निर्माण (GFCF) के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह किसी विशिष्ट अवधि में अर्थव्यवस्था की स्थिर पूंजी परिसंपत्तियों में शुद्ध वृद्धि को संदर्भित करता है।
2. इसमें बुनियादी अवसरंचना, मशीनरी, उपकरण और अन्य टिकाऊ परिसंपत्तियों में निवेश शामिल है जो दीर्घकालिक आर्थिक विकास में योगदान करते हैं।
3. यह भारत के नाममात्र सकल घरेलू उत्पाद (GDP) का लगभग 30% है, जो इसे निजी अंतिम उपभोग व्यय के बाद दूसरा सबसे बड़ा घटक बनाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीनों

D. कोई नहीं

**13. पॉवर्टी एंड इक्विटी ब्रीफ (PEB) के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे विश्व बैंक समूह और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) की वसंत एवं वार्षिक बैठकों के दौरान अर्धवार्षिक रूप से प्रकाशित किया जाता है।
2. यह विकासशील और विकसित देशों के बीच कोई अंतर किये बिना देशों की गरीबी, साझा समृद्धि तथा असमानता की प्रवृत्तियों के विषय में जानकारी प्रदान करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**14. भू-संपदा (विनियमन और विकास) अधिनियम, 2016 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका प्राथमिक उद्देश्य भू-संपदा क्षेत्र को विनियमित करना और भू-संपदा लेनदेन में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं दक्षता को बढ़ावा देना है।
2. अधिनियम में राज्य सरकारों को एक से अधिक नियामक प्राधिकरण स्थापित करने का प्रावधान है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**15. अमर जैन बनाम भारत संघ एवं अन्य, 2025, फहीमा शिरीन आरके बनाम केरल राज्य (2019) और अनुराधा भसीन बनाम भारत संघ (2020) मामले अक्सर निम्नलिखित संदर्भ में समाचारों में देखे जाते हैं:**

1. डिजिटल अधिकार और इंटरनेट तक पहुँच
2. पर्यावरण संरक्षण कानून
3. गोपनीयता और डेटा सुरक्षा का अधिकार
4. संपत्ति और भूमि अधिग्रहण का अधिकार

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

16. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सामाजिक-आर्थिक और जाति जनगणना (SECC) पहली बार वर्ष 1931 में आयोजित की गई थी, जिसका उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में भारतीय परिवारों की आर्थिक स्थिति पर आँकड़े एकत्र करना था ताकि अभाव संकेतकों की पहचान की जा सके।
2. जनगणना अधिनियम 1948 के तहत जनगणना के आँकड़े गोपनीय होते हैं, जबकि सामाजिक-आर्थिक और जाति जनगणना (SECC) में व्यक्तिगत जानकारी का उपयोग सरकारी विभागों द्वारा परिवारों को लाभ देने या प्रतिबंधित करने के लिये किया जा सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

17. **दलबदल विरोधी कानून के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे 52वें संशोधन अधिनियम, 1985 के माध्यम से संविधान में शामिल किया गया।
2. यह संसद सदस्यों और राज्य विधानमंडल सदस्यों दोनों पर लागू होता है।
3. इस कानून के तहत अयोग्य ठहराए गए सदस्यों को उसी सदन में किसी भी राजनीतिक दल से चुनाव लड़ने की अनुमति है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

18. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** 1951 से जनगणना के आँकड़ों में अनुसूचित जाति (SCs), अनुसूचित जनजाति (STs) और विभिन्न धार्मिक समूहों की जनसंख्या शामिल है, लेकिन अन्य जाति समूहों के सदस्यों की गणना नहीं की गई है।

**कथन-II:** अगली जनगणना में जाति गणना को शामिल करने के लिये सरकार को जनगणना अधिनियम, 1948 में संशोधन करने की आवश्यकता है।

**उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I का सही व्याख्या है
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I का सही व्याख्या नहीं है
C. कथन-I सही है किंतु कथन-II सही नहीं है
D. कथन-I सही नहीं है किंतु कथन-II सही है

19. **निम्नलिखित में से कौन दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ (आसियान) समूह के सदस्य हैं?**

1. इंडोनेशिया
2. बांग्लादेश
3. मलेशिया
4. भूटान

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 3
B. केवल 2 और 3
C. केवल 4
D. 1, 2, 3 और 4

20. **mBridge परियोजना, BRICS+ पहल, पेट्रो-युआन बाज़ार और BRICS मुद्रा शब्द प्राय: किस संदर्भ में समाचारों में देखे जाते हैं?**

A. क्रिप्टोकरेंसी विनियमन
B. डी-डॉलरीकरण प्रयास
C. वैश्विक व्यापार शुल्क
D. सतत् विकास लक्ष्य

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**21. कृषक उत्पादक संगठन (FPO) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. FPO किसानों से बना एक उत्पादक संगठन (PO) है, जिसके प्रचार-प्रसार में लघु कृषक कृषि व्यवसाय संघ (SFAC) सहयोग करता है।
2. भारत में इसे केवल भारतीय ट्रस्ट अधिनियम, 1882 के तहत सार्वजनिक ट्रस्ट के रूप में पंजीकृत किया जा सकता है।

**उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही नहीं है/हैं ?**

1. केवल 1
2. केवल 2
3. 1 और 2 दोनों
4. न तो 1 और न ही 2

**22. "ट्रांसशिपमेंट पोर्ट" शब्द का सर्वोत्तम रूप से वर्णन निम्नलिखित में से किसके द्वारा किया गया है:**

A. वे बंदरगाह जहाँ केवल घरेलू माल के लिये छोटे जहाज़ काम करते हैं।
B. वे बंदरगाह जहाँ बड़े जहाज़ आयातित कंटेनर उतारते या निर्यात के कंटेनर लादते हैं, और जो अच्छे प्रकार से विकसित तथा गहरे जलग्रहण वाले होते हैं।
C. वे बंदरगाह जो केवल थोक माल (जैसे कोयला और तेल) का संचालन करते हैं।
D. वे बंदरगाह जहाँ केवल कंटेनरीकृत वस्तुओं की प्रोसेसिंग होती है, लेकिन कोई अंतर्राष्ट्रीय शिपमेंट नहीं होता।

**23. निजी सदस्यों के विधेयक के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इन्हें संसद सदस्यों (सांसदों) द्वारा प्रस्तावित किया जाता है, जो मंत्री नहीं होते हैं, जिससे उन्हें अपने निर्वाचन क्षेत्रों के लिये महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर कानून या संशोधन प्रस्तुत करने की अनुमति मिलती है।
2. सांसदों को कम से कम एक महीने के नोटिस के साथ इन विधेयकों का मसौदा तैयार कर प्रस्तुत करना चाहिये।
3. ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के अधिकार विधेयक, 2014, 45 वर्षों में राज्य सभा द्वारा पारित किया जाने वाला पहला निजी विधेयक था; हालाँकि, यह लोकसभा में बिना चर्चा के ही समाप्त हो गया।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**24. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय संविधान का भाग XVIII अनुच्छेद 352 के तहत राष्ट्रीय आपातकाल के प्रावधानों से विशेष रूप से संबंधित है।
2. राष्ट्रपति शासन की घोषणा को दो महीने के भीतर संसद के दोनों सदनों द्वारा अनुमोदित किया जाना चाहिये।
3. अनुच्छेद 355 में कहा गया है कि केंद्र सरकार को प्रत्येक राज्य को बाह्य आक्रमण से बचाना चाहिये और संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार शासन सुनिश्चित करना चाहिये।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**25. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** वर्ष 2025 में शुरू किये गए राष्ट्रीय क्रिटिकल खनिज मिशन (NCMM) का उद्देश्य क्रिटिकल खनिज क्षेत्र में आत्मनिर्भर होने के लिये एक सुदृढ़ ढाँचा स्थापित करना है।

**कथन-II:** आर्थिक विकास और राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से क्रिटिकल खनिज महत्त्वपूर्ण हैं, और उनकी सीमित उपलब्धता या भौगोलिक संकेंद्रण से आपूर्ति शृंखला में व्यवधान उत्पन्न हो सकता है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन I का सही स्पष्टीकरण है

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I का सही स्पष्टीकरण नहीं है

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है

D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है

**26. शून्यकाल के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संविधान में इसका स्पष्ट उल्लेख है।
2. यह प्रश्नकाल के तुरंत बाद शुरू होता है।
3. इसके अंतर्गत सांसद (MP) बिना किसी पूर्व सूचना के मामले प्रस्तुत कर सकते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**27. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका गठन भारत सरकार के राजस्व और व्यय का अंकेक्षण करने के लिये संसद द्वारा किया जाता है।
2. भारत शासन अधिनियम, 1919 में सर्वप्रथम उल्लेख के साथ इसे वर्ष 1921 में पेश किया गया था, जिसे मोंटफोर्ड सुधार भी कहा जाता है।
3. इसका गठन प्रत्येक वर्ष लोकसभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमों के नियम 308 के अंतर्गत किया जाता है।
4. इसमें अधिकतम 22 सदस्य होते हैं (15 सदस्य लोकसभा अध्यक्ष द्वारा निर्वाचित तथा 7 सदस्य राज्यसभा के सभापति द्वारा निर्वाचित) तथा इनका कार्यकाल केवल 1 वर्ष का होता है।

**निम्नलिखित में से कौन-सी समिति उपर्युक्त विवरण से सर्वाधिक सुमेलित होती है?**

A. सार्वजनिक उपक्रम समिति

B. लोक लेखा समिति

C. प्राक्कलन समिति

D. अधीनस्थ विधायन समिति

**28. निम्नलिखित में से कौन-सा देश यूक्रेन के साथ सीमा साझा करता है?**

1. पोलैंड
2. स्लोवाकिया
3. हंगरी
4. रोमानिया

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 4

B. केवल 2 और 3

C. केवल 4

D. 1, 2, 3, और 4

**29. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. उत्पादन दृष्टिकोण अर्थव्यवस्था के प्राथमिक, द्वितीयक और तृतीयक क्षेत्रों में जोड़े गए मूल्य को जोड़कर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का अनुमान लगाता है।
2. भारत में, केन्द्रीय सांख्यिकी कार्यालय (CSO) सभी क्षेत्रों से सकल मूल्य वर्धन (GVA) का योग निकालकर तथा उत्पादों पर शुद्ध करों और सब्सिडी के लिये इसे समायोजित करके इस पद्धति का पालन करता है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1और न ही 2

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**30. भाखड़ा-नांगल परियोजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भाखड़ा डैम सतलुज नदी पर बना एक कंक्रीट गुरुत्व बाँध है और यह उत्तर भारत में पंजाब व हिमाचल प्रदेश की सीमा के पास स्थित है।
2. भाखड़ा डैम, टिहरी डैम के बाद भारत का दूसरा सबसे ऊँचा डैम (बाँध) है।
3. भाखड़ा डैम के नीचे स्थित नांगल डैम को सामूहिक रूप से भाखड़ा-नांगल डैम कहा जाता है, हालाँकि दोनों अलग-अलग संरचनाएँ हैं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सत्य है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. उपर्युक्त में से कोई नहीं

**31. निम्नलिखित में से कौन-सा भारतीय संविधान के अनुच्छेद 142 के प्रावधानों का सबसे अच्छा वर्णन करता है?**

A. यह राष्ट्रपति को किसी भी दोषी व्यक्ति को क्षमादान देने या उसकी सजा कम करने का अधिकार देता है।
B. यह सर्वोच्च न्यायालय को अपने समक्ष किसी भी मामले में पूर्ण न्याय करने के लिये आवश्यक कोई भी आदेश पारित करने का अधिकार देता है।
C. यह संसद को राष्ट्रीय हित में राज्य सूची के किसी भी विषय पर कानून बनाने की अनुमति देता है।
D. इसमें भाषाई अल्पसंख्यकों के लिये एक विशेष अधिकारी की नियुक्ति का प्रावधान है।

**32. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** दिवालियापन एक ऐसी स्थिति है जहाँ किसी व्यक्ति या संगठन की देनदारियाँ उसकी परिसंपत्तियों से अधिक हो जाती हैं और वह संस्था अपने दायित्वों या ऋणों को पूरा करने के लिये पर्याप्त नकदी जुटाने में असमर्थ होती है, क्योंकि वे भुगतान के लिये देय हो जाते हैं।

**कथन-II:** दिदिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (संशोधन) अधिनियम, 2021 का उद्देश्य IBC, 2016 के तहत सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (MSMEs) के रूप में वर्गीकृत कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिये एक कुशल वैकल्पिक दिवाला समाधान ढाँचा प्रदान करना है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**33. जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का अनुप्रयोग निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में होता है?**

1. कला और रचनात्मकता
2. कंप्यूटर ग्राफिक्स
3. स्वास्थ्य देखभाल
4. विनिर्माण

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2, 3 और 4

**34. प्राय: समाचारों में रहने वाले पद ओपन मार्केट ऑपरेशंस (OMO) का सर्वोत्तम वर्णन किया जा सकता है:**

A. बाज़ार में चलनिधि को समायोजित करने के लिये सरकारी प्रतिभूतियों के क्रय/विक्रय से संबंधित RBI द्वारा प्रयुक्त एक साधन।
B. ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने की पहल।
C. भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को विनियमित करने की नीति।
D. ब्याज दरों में वृद्धि के माध्यम से मुद्रास्फीति को प्रबंधित करने के लिये RBI का यांत्रिकत्व।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**35. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** हरित क्रांति से अनाज उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई, जिससे भारत विश्व के सबसे बड़े कृषि उत्पादकों में से एक बन गया।

**कथन-II:** इस क्रांति से भारत में चावल-गेहूँ की गहन फसल पद्धति का उद्भव हुआ, जो सहायक कृषि-जलवायु परिस्थितियों, संसाधनों की उपलब्धता, सरकारी सहायिकी और सुनिश्चित धान खरीद से प्रेरित थी।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन I का सही स्पष्टीकरण है

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I का सही स्पष्टीकरण नहीं है

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है

D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है

**36. जनगणना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत की पहली समकालिक जनगणना वर्ष 1881 में भारत के तत्कालीन जनगणना आयुक्त डब्ल्यू.सी. प्लॉडेन के अधीन संपन्न हुई थी।
2. जनगणना का संचालन गृह मंत्रालय द्वारा भारत के महापंजीयक एवं जनगणना आयुक्त के माध्यम से किया जाता है।
3. भारतीय जनगणना अधिनियम, 1948 इसका विधिक ढाँचा प्रदान करता है तथा इसके अंतर्गत एक निश्चित आवृत्ति अनिवार्य की गई है, जिससे प्रत्येक दस वर्ष का अंतराल एक संवैधानिक दायित्व बन जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**37. सहकारिता के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सहकारी समितियाँ जन-केंद्रित उद्यम हैं, जिनका स्वामित्व, नियंत्रण और संचालन उनके सदस्यों द्वारा किया जाता है तथा वे अपनी सामान्य आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक आवश्यकताओं और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिये ऐसा करते हैं।
2. भारतीय अकाल आयोग (वर्ष 1901) के परिणामस्वरूप वर्ष 1904 में पहला सहकारी ऋण समिति अधिनियम पारित हुआ, जिसके बाद (संशोधित) सहकारी समिति अधिनियम, 1912 पारित हुआ।
3. संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2025 को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित किया है, जिसका विषय है "सहकारिताएँ एक बेहतर विश्व का निर्माण करती हैं"।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं/ हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**38. भारतीय संविधान के निम्नलिखित अनुच्छेदों में से कौन सा संघ और राज्यों के बीच वित्तीय संसाधनों के वितरण की सिफारिश करने के लिये प्रत्येक पाँच वर्ष में वित्त आयोग की स्थापना का प्रावधान करता है?**

A. अनुच्छेद 275

B. अनुच्छेद 280

C. अनुच्छेद 281

D. अनुच्छेद 282

**39. बाजरा के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. बाजरा एक मज़बूत, जल-कुशल फसल है जो बंज़र मृदा में भी उगती है तथा फाइबर, प्रोटीन, विटामिन और खनिजों से भरपूर होती है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

2. भारत में बाजरे के दो समूह उगाए जाते हैं, जिनमें प्रमुख बाजरा हैं - ज्वार, मोती बाजरा, तथा रागी, तथा गौण बाजरा हैं - फॉक्सटेल, छोटा बाजरा, तथा बार्नयार्ड बाजरा।
3. खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO) ने वर्ष 2023 को अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष घोषित किया है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**40. रेपो दर के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. रेपो दर वह ब्याज़ दर है जिस पर वाणिज्यिक बैंक केंद्रीय बैंक से पैसा ऋण लेते हैं।
2. यह बैंकों को प्रतिभूतियों को विक्रय कर धन ऋण लेने की अनुमति देता है, इस समझौते के साथ कि वे बाद में उन्हें उच्च मूल्य पर पुनर्खरीद कर लेंगे, जिससे अल्पकालिक तरलता आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद मिलेगी।
3. रेपो दर में कटौती से ब्याज़ दरें कम हो जाती हैं, ऋण सस्ते हो जाते हैं, तथा ऋण लेने और खर्च करने में वृद्धि होती है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**41. जनगणना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अंतिम विस्तृत जातिगत आँकड़े वर्ष 1931 की जनगणना में दर्ज किये गये थे, जबकि वर्ष 1941 की जनगणना में भी जातिगत जानकारी एकत्र की गयी थी, लेकिन द्वितीय विश्व युद्ध शुरू होने के कारण इसे प्रकाशित नहीं किया गया था।
2. गृह मंत्री की अध्यक्षता वाली राजनीतिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति ने हाल ही में आगामी जनगणना में जाति गणना को शामिल करने को मंज़ूरी दी है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**42. संधि कानून पर वियना कन्वेंशन, 1969 (VCLT) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह कन्वेंशन राज्यों के बीच संधियों पर लागू होता है, जिन्हें एक या एक से अधिक संबंधित दस्तावेज़ों में अंतर्राष्ट्रीय कानून द्वारा शासित लिखित अंतर्राष्ट्रीय समझौतों के रूप में परिभाषित किया जाता है।
2. भारत ने VCLT की पुष्टि नहीं की है, फिर भी जो देश इसकी पुष्टि नहीं करते, वे भी सामान्यत: इसके प्रावधानों का व्यवहार में पालन करते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**43. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह भारत का पहला गहरे जल का ट्रांसशिपमेंट पोर्ट (Deep-Water Transshipment Port) है, जिसे कंटेनर और बहुउद्देश्यीय कार्गो के लिये डिज़ाइन किया गया है।
2. बंदरगाह का विकास सार्वजनिक-निजी भागीदारी (PPP) के तहत डिजाइन, निर्माण, वित्त, संचालन और हस्तांतरण (DBFOT) के आधार पर किया गया है।
3. यह भारत का पहला अर्द्ध-स्वचालित बंदरगाह, AI-संचालित नियंत्रण कक्ष और देश की पहली स्वदेशी पोत यातायात प्रबंधन प्रणाली (VTMS) से सुसज्जित है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

निम्नलिखित में से कौन-सा पोर्ट उपर्युक्त वर्णन से सबसे मेल खाता है?

A. वधावन बंदरगाह
B. विझिंजम बंदरगाह
C. पारादीप बंदरगाह
D. हल्दिया बंदरगाह

**44. ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट (GPU) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक विशिष्ट प्रोसेसर है जिसे मूल रूप से ग्राफिक्स रेंडरिंग को तेज़ी से संसाधित करने के लिये डिज़ाइन किया गया था।
2. GPU एक साथ कई डेटा को संसाधित कर सकता है, जिससे यह मशीन लर्निंग, वीडियो संपादन और गेमिंग अनुप्रयोगों के लिये उपयोगी बनता है।
3. बेंगलुरु आधारित स्टार्टअप सर्वम भारत का पहला AI लार्ज लैंग्वेज मॉडल विकसित कर रहा है और उसे इंडिया AI मिशन के तहत GPU प्राप्त होंगे।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने कथन सत्य है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीनों
D. कोई नहीं

**45. स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टरों (SMR) के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. SMR उन्नत परमाणु रिएक्टर हैं जिनकी क्षमता 300 मेगावाट है, जो परंपरागत रिएक्टरों का लगभग एक तिहाई है।
2. ये कॉम्पैक्ट, कारखाने में समन्वायोजित, तथा संस्थापना के लिये परिवहन योग्य हैं, जिससे ये दूरदराज़ अथवा सीमित स्थान वाले क्षेत्रों के लिये उपयुक्त हैं।
3. इसमें पुन:ईंधनन की आवश्यकता 1-2 वर्ष में होती है, जबकि परंपरागत संयंत्रों में यह अवधि 3 से 7 वर्ष होती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**46. निवारक निरोध के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. निवारक निरोध को अधिकृत करने वाली विधि भारत में ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन (1818) के समय से ही अस्तित्व में हैं।
2. अनुच्छेद 22 के अंतर्गत गिरफ्तार किये गए व्यक्तियों की संरक्षा तथा निवारक निरोध मामलों में उच्च न्यायालय के न्यायाधीश नियुक्त होने के अर्हित सदस्यों वाले सलाहकार बोर्ड के अधिदेश का प्रावधान किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**47. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत सरकार अधिनियम, 1935 द्वारा संघीय ढाँचे का निर्माण होने के साथ शिक्षा को प्रांतीय सूची में रखा गया।
2. स्वर्ण सिंह समिति ने शिक्षा को समवर्ती सूची में शामिल करने की सिफारिश की, जिसे 42वें संविधान संशोधन अधिनियम,1976 के माध्यम से लागू किया गया।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**48. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ब्रह्मांड के द्रव्यमान का लगभग 75% हाइड्रोजन है, लेकिन पृथ्वी के वायुमंडल का केवल 0.5-1.0 ppm (प्रति मिलियन भाग) है।
2. प्राकृतिक हाइड्रोजन, जिसे भूगर्भिक हाइड्रोजन या श्वेत हाइड्रोजन भी कहा जाता है, हाइड्रोजन गैस ($H_2$) को संदर्भित करता है जो पृथ्वी की पर्पटी में प्राकृतिक रूप से उत्पन्न और संग्रहीत होती है।
3. भारत की विविध भूवैज्ञानिक संरचनाएँ, जिनमें अल्ट्रामैफिक और मैफिक चट्टानें, ओपियोलाइट बेल्ट शामिल हैं, प्राकृतिक हाइड्रोजन उत्पादन की महत्त्वपूर्ण क्षमता का संकेत देती हैं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**49. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह पूर्वी भूमध्यसागरीय बेसिन में स्थित है।
2. इसकी सीमा दक्षिण-पश्चिम में मिस्र, उत्तर और पूर्व में इज़राइल तथा पश्चिम में भूमध्य सागर से लगती है।
3. यह विश्व के सबसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों में से एक है, जिसे अक्सर "खुली हवा वाली जेल" के रूप में जाना जाता है।

**निम्नलिखित में से कौन-सा स्थान उपर्युक्त विवरण से सबसे अधिक मेल खाता है?**

A. गाज़ा पट्टी
B. पश्चिमी तट
C. सिनाई प्रायद्वीप
D. बेरूत

**50. निम्नलिखित में से कौन इस्लामिक सहयोग संगठन (OIC) के सदस्य हैं?**

1. अफगानिस्तान
2. बांग्लादेश
3. सऊदी अरब
4. ईरान

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

1. केवल 1 और 4
2. केवल 2 और 3
3. केवल 3
4. 1, 2, 3, और 4

**51. संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) का गठन वर्ष 1945 में संयुक्त राष्ट्र चार्टर के तहत किया गया था और यह संयुक्त राष्ट्र के छह मुख्य अंगों में से एक है।
2. इसमें 5 स्थायी और 10 अस्थायी सदस्य होते हैं।
3. भारत कभी भी UNSC का अस्थायी सदस्य नहीं रहा है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**52. ऑपरेशन सिंदूर, जिसे प्रायः समाचारों में देखा जाता है, को सबसे उपयुक्त रूप से इस प्रकार वर्णित किया जा सकता है:**

A. भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा समन्वित सटीक हमला अभियान।
B. कश्मीर में शांति मिशन।
C. पहलगाम क्षेत्र के लिये मानवीय सहायता अभियान।
D. भारत और पाकिस्तान के बीच कूटनीतिक वार्ता।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025
SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025
SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स
SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप
SCAN ME

**53. इथेनॉल सम्मिश्रण के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह पादप-आधारित स्रोतों से प्राप्त जैव ईंधन इथेनॉल को पेट्रोल के साथ मिश्रित करने की प्रक्रिया को संदर्भित करता है, जिससे अधिक सतत् और स्वच्छ ईंधन निर्मित होता है।
2. वर्ष 2022 तक भारत द्वारा 10% इथेनॉल सम्मिश्रण (ब्लेंडिंग) का प्रारंभिक लक्ष्य समय से पहले प्राप्त कर लिया गया, जिसके बाद वर्ष 2025 तक 20% इथेनॉल सम्मिश्रण (E20) का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया गया।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**54. भारतीय दिवाला एवं शोधन अक्षमता बोर्ड (IBBI) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016 के तहत स्थापित एक वैधानिक निकाय है, जिसका कार्य भारत में व्यवसायों और व्यक्तियों के लिये दिवाला और शोधन अक्षमता समाधानों की देखरेख करना है।
2. IBBI में 10 सदस्य हैं, जो वित्त मंत्रालय, कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय और नीति आयोग का प्रतिनिधित्व करते हैं।

**उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही *नहीं* है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**55. पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन (OPEC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक स्थायी, अंतर-सरकारी संगठन है, जिसकी स्थापना 1960 में बगदाद सम्मेलन में की गई थी।
2. सऊदी अरब इस समूह का सबसे बड़ा तेल आपूर्तिकर्त्ता है, जो प्रतिदिन 10 मिलियन बैरल से अधिक तेल का उत्पादन करता है तथा संगठन का मुख्यालय भी यहीं स्थित है।

**उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**56. भारतीय प्रतिस्पर्द्धा आयोग (CCI) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह प्रतिस्पर्द्धा अधिनियम, 2002 को लागू करने के लिये उत्तरदायी एक वैधानिक निकाय है।
2. इसमें एक अध्यक्ष और छह सदस्य होते हैं जिन्हें केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त किया जाता हैं।
3. इसके पास अर्ध-न्यायिक शक्तियाँ हैं, जो वैधानिक प्राधिकारियों को राय प्रदान करती हैं तथा अन्य मामलों को संभालती हैं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**57. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत और ब्रिटेन ने मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं, जिससे विश्व की पाँचवीं और छठी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच संबंध मजबूत होंगे ।
2. 2024 में, ब्रिटेन, भारत का सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य बन जाएगा, जबकि भारत ब्रिटेन का 11 वाँ सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार होगा।
3. भारत और ब्रिटेन के बीच डबल कंट्रीब्यूशन कन्वेंशन समझौते का उद्देश्य दोनों देशों में पेशेवरों को सामाजिक सुरक्षा अंशदान देने से रोकना है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**58. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| | ऑपरेशन | संघर्ष |
|---|---|---|
| 1. | ऑपरेशन रिडल | 1965 भारत-पाक युद्ध |
| 2. | ऑपरेशन कैक्टस लिली | 1971 भारत-पाक युद्ध |
| 3. | ऑपरेशन मेघदूत | सियाचिन संघर्ष |

**उपर्युक्त में से कितनी युग्म सही सुमेलित है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीनों
D. कोई भी नहीं

**59. सूक्ष्म वित्त संस्थानों (MFIs) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ये वित्तीय कंपनियाँ हैं जो बैंकिंग सुविधाओं से वंचित लोगों को छोटे सूक्ष्म ऋण करती हैं।
2. भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने सूक्ष्म वित्त को प्राथमिकता वाले क्षेत्र के अंतर्गत वर्गीकृत किया है।
3. MFIs को RBI द्वारा गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी-सूक्ष्म वित्त संस्थान (NBFC-MFIs) ढाँचे के माध्यम से विनियमित किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**60. CRISPR-Cas9 शब्द अक्सर समाचारों में किस संदर्भ में देखा जाता है?**

A. जलवायु परिवर्तन अनुकूलन
B. जेनेटिक इंजीनियरिंग
C. क्वांटम कम्प्यूटिंग
D. कृत्रिम बुद्धिमत्ता

**61. होर्मुज़ जलडमरूमध्य केसंदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह फारस की खाड़ी के मुहाने पर स्थित है और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के लिये महत्त्वपूर्ण है।
2. यह ईरान और ओमान को अलग करता है तथा फारस की खाड़ी को ओमान की खाड़ी और अरब सागर से जोड़ता है।

**उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**62. वित्तीय कार्रवाई कार्यबल (FATF) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह धन शोधन और आतंकवादी वित्तपोषण पर वैश्विक निगरानी संस्था है, जिसकी स्थापना 1989 में G-7 शिखर सम्मेलन के बाद की गई थी।
2. इंडोनेशिया FATF का एकमात्र पर्यवेक्षक देश है।
3. FATF की "ग्रे सूची" में वे देश शामिल हैं जिनकी धन शोधन निरोधक/आतंकवाद के वित्तपोषण का प्रतिरोध (AML/CFT) व्यवस्था कमज़ोर है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**63. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| | पीढ़ी | विवरण |
|---|---|---|
| 1. | पहली पीढ़ी | पारंपरिक तकनीक का उपयोग करके खाद्य स्रोतों से उत्पादित। |
| 2. | दूसरी पीढ़ी | गैर-खाद्य फसलों या अखाद्य भागों से उन्नत प्रक्रियाओं का उपयोग करके बनाई गई। |
| 3. | तीसरी पीढ़ी | अनुपजाऊ भूमि पर उगाए गए शैवाल से उत्पादित। |
| 4. | चौथी पीढ़ी | आनुवंशिक रूप से संशोधित फसलों से बनाई गई, जो कार्बन अवशोषित करती हैं। |

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

उपर्युक्त में से कितनें युग्म सही सुमेलित है/हैं ?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

64. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** जीन संपादन एक ऐसी तकनीक है जो किसी जीव के आनुवंशिक पदार्थ (DNA या RNA) को सटीक रूप से संशोधित करने की अनुमति देती है।

**कथन-II:** जीन संपादन में जीनोम के भीतर विशिष्ट DNA अनुक्रमों को जोड़ने, हटाने या बदलने के लिये विशेष उपकरणों का उपयोग शामिल है।

**उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I का सही व्याख्या है
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I का सही व्याख्या नहीं है
C. कथन-I सही है किंतु कथन-II सही नहीं है
D. कथन-I सही नहीं है किंतु कथन-II सही है

65. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद (NSC) भारत में राष्ट्रीय सुरक्षा प्रबंधन के लिये सर्वोच्च निकाय है।
2. कैबिनेट सचिव सामरिक नीति समूह (SPG) की अध्यक्षता करते हैं, NSC को नीतिगत सिफारिशें प्रस्तुत करते हैं।
3. राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड (NSAB) राष्ट्रीय सुरक्षा मुद्दों पर दीर्घकालिक विश्लेषण और नीतिगत सिफारिशें प्रदान करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीनों
D. कोई भी नहीं

66. **मार्शल योजना को अक्सर किस संदर्भ में समाचारों में देखा जाता है ?**

A. अंतरिक्ष अन्वेषण
B. द्वितीय विश्व युद्ध के बाद आर्थिक पुनर्निर्माण
C. वैश्विक जलवायु परिवर्तन
D. शीत युद्ध

67. **उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. NATO की स्थापना वर्ष 1949 में एक अंतरसरकारी सैन्य गठबंधन के रूप में की गई थी, जिसका प्राथमिक उद्देश्य शीत युद्ध के दौरान सोवियत संघ की आक्रामकता का मुकाबला करना था।
2. संयुक्त राज्य अमेरिका NATO के 12 मूल संस्थापक सदस्यों में से एक था।
3. NATO एकीकृत सैन्य बलों को बनाए रखता है, जिसके तहत सदस्य देश NATO कमांड के अंतर्गत सामूहिक रक्षा प्रयासों में कर्मियों और संसाधनों का योगदान कर सकते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीनों
D. कोई भी नहीं

68. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मनी लॉन्ड्रिंग (धन शोधन) का अर्थ है अवैध रूप से प्राप्त आय की पहचान छुपाना या उसे वैध स्रोत से प्राप्त आय के रूप में प्रस्तुत करना।
2. वित्तीय कार्रवाई कार्यबल (FATF) सदस्य देशों को दो समूहों में वर्गीकृत करता है: ग्रे सूची और ब्लैक सूची।
3. भारत ने अभी तक संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन अगेंस्ट ट्रांसनेशनल ऑर्गेनाइज्ड क्राइम (UNTOC) और इसके प्रोटोकॉल की पुष्टि नहीं की है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीनों

D. कोई भी नहीं

**69. निम्नलिखित में से कौन-सा क्षेत्र महत्वपूर्ण खनिजों के अनुप्रयोगों पर निर्भर करता है?**

1. सोलर पैनल में उपयोग होने वाले फोटोवोल्टिक (PV) सेल्स का उत्पादन
2. विंड टर्बाइन्स के लिए स्थायी चुंबक (पर्मानेंट मैग्नेट्स)
3. लिथियम-आयन बैटरीज

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1

D. 1, 2, और 3

**70. खरीफ फसलों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. खरीफ फसलें वे फसलें हैं, जिन्हें वर्षा ऋतु में बोया जाता है, जो आमतौर पर दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगमन के साथ जून में शुरू होती हैं।
2. खरीफ फसलें भारत में कुल खाद्यान्न उत्पादन का आधे से अधिक हिस्सा हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**71. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** भारत में लू (हीट वेव) असामान्य रूप से उच्च तापमान की अवधि को संदर्भित करती है, जो आमतौर पर मार्च से जून तक होती है और कभी-कभी जुलाई तक बढ़ जाती है।

**कथन-II:** लू (हीट वेव) एक अधिसूचित आपदा है, जिसे आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के तहत सरकार द्वारा आधिकारिक रूप से मान्यता प्राप्त है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन I की सही व्याख्या है

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं लेकिन कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है

D. कथन-I सही नहीं है लेकिन कथन-II सही है

**72. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. दूरसंचार अधिनियम, 2023 केंद्र या राज्यों को सार्वजनिक आपात स्थिति, आपदा या सार्वजनिक सुरक्षा के दौरान अस्थायी रूप से दूरसंचार सेवाओं या नेटवर्क का नियंत्रण लेने का अधिकार देता है।
2. भारतीय टेलीग्राफ नियम, 2007 कानूनी संचार अवरोधन के लिये सरकारी प्राधिकरण अनिवार्य करता है।
3. सूचना प्रौद्योगिकी (IT) अधिनियम, 2000 और अवरोधन नियम, 2009 सरकार को कंप्यूटर संसाधन के माध्यम से किसी भी सूचना की निगरानी, अवरोधन या डिक्रिप्शन करने की अनुमति देते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीनों

D. कोई भी नहीं

**73. अक्सर समाचारों में देखे जाने वाले वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (FATF) का सबसे अच्छा वर्णन किस प्रकार किया जा सकता है?**

A. यह एक वित्तीय अपराध निगरानी एजेंसी है, जो आतंकवाद के वित्तपोषण तथा धन शोधन को रोकने पर केंद्रित है।

B. यह एक वैश्विक पर्यावरण निगरानी संस्था है, जो जलवायु परिवर्तन हेतु वित्तपोषण पर केंद्रित है।

C. यह एक बहुपक्षीय संस्था है जो साइबर सुरक्षा एवं वित्तीय धोखाधड़ी से संबंधित अंतर्राष्ट्रीय कानूनों के प्रवर्तन हेतु उत्तरदायी है।

D. यह एक नियामक निकाय है जो मुख्य रूप से वैश्विक व्यापार समझौतों के साथ देशों के बीच आर्थिक सहयोग पर बल देता है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**74. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. जिंक कोटिंग्स जंग लगने से रोककर, रखरखाव की आवश्यकता को कम करके तथा संबंधित लागत को कम करके पवन टर्बाइनों तथा सौर ऊर्जा संबंधी संरचनाओं के जीवनकाल को बढ़ाने में सहायक है।
2. जिंक आधारित बैटरियाँ अपनी सुरक्षा स्थिति, लागत दक्षता तथा संसाधन उपलब्धता के कारण एक विकल्प प्रस्तुत कर सकती हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**75. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| | बाँध | नदी |
|---|---|---|
| 1. | बगलिहार बाँध | चेनाब |
| 2. | किशनगंगा बाँध | झेलम |
| 3. | भाखड़ा नांगल बाँध | सतलुज |

**उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**76. मानव विकास रिपोर्ट 2025 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. भारत "मध्यम मानव विकास" श्रेणी में बना हुआ है, यद्यपि यह "उच्च मानव विकास" (HDI □ 0.700) की सीमा के निकट पहुँच रहा है।
2. भारत की जीवन प्रत्याशा वर्ष 2023 में बढ़कर 72 वर्ष हो गई, जो वर्ष 1990 के बाद सबसे अधिक है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**77. राष्ट्रीय रक्षा कोष के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 1962 में स्थापित, यह राष्ट्रीय रक्षा संवर्धन के लिये स्वैच्छिक दान का प्रबंधन करता है और एक निश्चित वार्षिक बजट प्राप्त करने के साथ-साथ उनके उपयोग पर निर्णय लेता है।
2. NDF के लिये सभी योगदान आयकर, 1961 से मुक्त हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**78. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) के निम्नलिखित में से कौन से कार्य हैं ?**

1. वैश्विक वित्तीय सहायता
2. अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को सुविधाजनक बनाना
3. विकासशील देशों के लिये वित्तपोषण
4. विनिमय दर स्थिरता को बढ़ावा देना

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 4
B. केवल 2 और 3
C. केवल 2
D. 1, 2, 3, और 4

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

79. 'अनविलिंग ऑर अनएबल' डॉक्ट्रिन (unwilling or unable doctrine) अक्सर समाचारों में किस संदर्भ में देखा जाता है?

A. गैर-राज्य अभिकर्त्ताओं के खिलाफ विदेशी क्षेत्रों में आत्मरक्षा
B. नागरिक युद्धों में मानवीय हस्तक्षेप
C. तानाशाही शासन पर लगाए गए आर्थिक प्रतिबंध
D. सीमा विवाद और क्षेत्रीय दावे

80. राष्ट्रीय महत्त्वपूर्ण खनिज मिशन के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. यह विभिन्न मंत्रालयों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (PSU), निजी कंपनियों एवं अनुसंधान संस्थानों के साथ मिलकर कार्य करते हुए "व्होल ऑफ गवर्नमेंट" दृष्टिकोण अपनाने पर केंद्रित है।
2. इस मिशन की गतिविधियों का समन्वय एक अधिकार प्राप्त समिति द्वारा किया जाता है, जिसकी अध्यक्षता कैबिनेट सचिव करते हैं एवं इसमें संबंधित हितधारक मंत्रालयों के सदस्य शामिल होते हैं।
3. खान मंत्रालय, इस मिशन का प्रशासनिक मंत्रालय है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

81. निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प 'डिज़ाइन लॉ संधि (DLT)' शब्द का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

A. देशों के बीच औद्योगिक डिज़ाइनों की सुरक्षा को सरल और समान बनाने की दिशा में एक रूपरेखा।
B. ट्रेडमार्क सुरक्षा के वैश्विक मानकीकरण पर केंद्रित एक संधि।
C. सॉफ्टवेयर पेटेंट की अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा के लिये बनाया गया एक विनियमन।
D. साहित्यिक कृतियों की सुरक्षा को नियंत्रित करने वाला एक वैश्विक समझौता।

82. कणीय पदार्थ (PM) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह तरल की छोटी बूंदों, शुष्क ठोस टुकड़ों और तरल परतों से युक्त ठोस कोर से बनी ठोसों तथा एरोसोल का एक जटिल मिश्रण होता है।
2. PM केवल मानव गतिविधियों से उत्सर्जित सल्फर डाइऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड्स और कार्बनिक यौगिकों जैसे गैसों से ही हवा में बनता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

83. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| | संचालन | उद्देश्य |
|---|---|---|
| 1. | कैक्टस लिली | बांग्लादेश मुक्ति युद्ध के दौरान भारतीय सेना और वायु सेना का ऑपरेशन। |
| 2. | विजय | कारगिल युद्ध के दौरान क्षेत्र पुन: प्राप्त करने के लिये भारत का अभियान। |
| 3. | सिंदूर | 2025 पहलगाम आतंकी हमले के बाद की प्रतिकारात्मक कार्रवाई। |

उपर्युक्त युग्मों में से कितने युग्म सही सुमेलित हैं?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

84. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

**कथन-I:** सर्वोच्च न्यायालय ने डिजिटल पहुँच को एक मूल अधिकार घोषित किया है, यह पुष्टि करते हुए कि इसका जीवन, शिक्षा, अभिव्यक्ति और समता के अधिकार से गहरा संबंध है।

**कथन-II:** इंटरनेट शिक्षा, रोज़गार, शासन और सामाजिक समावेशन के लिये अनिवार्य है, जो कल्याण, नौकरियों, ऑनलाइन शिक्षा और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तक पहुँच के माध्यम से 21वीं सदी की नागरिकता को आकार देता है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन I की सही व्याख्या है

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं किंतु कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है

D. कथन-I सही नहीं है लेकिन कथन-II सही है

**85. विस्तारित निधि सुविधा, स्टैंड-बाय व्यवस्था (SBA) और संरचनात्मक समायोजन कार्यक्रम (SAP) शब्द हाल ही में किस संदर्भ में समाचारों में देखे गए:**

A. जलवायु परिवर्तन पहल

B. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) कार्यक्रम

C. वैश्विक स्वास्थ्य नीतियाँ

D. अंतर्राष्ट्रीय व्यापार समझौते

**86. निम्नलिखित में से कौन-सा देश ईरान के साथ सीमा साझा करता है?**

1. अज़रबेजान
2. अर्मेनिया
3. तुर्कमेनिस्तान
4. पाकिस्तान

**निम्नलिखित कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 4

B. केवल 2

C. केवल 1

D. 1, 2, 3, और 4

**87. भारतट्रेडनेट के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक एकीकृत व्यापार दस्तावेज़ीकरण और वित्तपोषण मंच है जो UPI, आधार और डिजीलॉकर के साथ इंडिया स्टैक में एकीकृत है।
2. यह सीमा शुल्क, बैंकों और निर्यातकों जैसे हितधारकों को एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म पर जोड़कर कागज आधारित प्रक्रियाओं की जगह लेता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**88. बुडापेस्ट संधि 2001, पेरिस कन्वेंशन 1998, बर्न कन्वेंशन, 1928 को अक्सर किस संदर्भ में समाचारों में देखा जाता है?**

A. बौद्धिक संपदा अधिकार

B. पर्यावरण संरक्षण

C. व्यापार और वाणिज्य

D. वैश्विक स्वास्थ्य पहल

**89. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. शिक्षा, जो पहले भारतीय शासन अधिनियम 1935 के तहत राज्य विषय था, को 42वें संविधान संशोधन के माध्यम से वर्ष 1976 में समवर्ती सूची में स्थानांतरित कर दिया गया था।
2. 86वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2002, ने 6-14 वर्ष की आयु के बच्चों के लिये शिक्षा के अधिकार को अनुच्छेद 21A के तहत मूल अधिकार बना दिया।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**90. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सार्जेंट समिति (1944) की रिपोर्ट में इस निकाय के गठन की सिफारिश की गई थी।
2. इसकी स्थापना वर्ष 1956 में एक सांविधिक निकाय के रूप में की गई थी।
3. यह देश की एकमात्र अनुदान देने वाली एजेंसी है जो उच्च शिक्षा संस्थानों में धन उपलब्ध कराने तथा मानकों को बनाए रखने हेतु उत्तरदायी है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 — SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 — SCAN ME

IAS करंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स — SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप — SCAN ME

**निम्नलिखित में से कौन सा निकाय उपर्युक्त विवरण से सबसे बेहतर रूप से संबंधित है?**

A. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC)

B. अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (AICTE)

C. राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (NBA)

D. भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (ICSSR)

**91. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) एक वैधानिक निकाय है जिसे वर्ष 1992 में निवेशकों के हितों की रक्षा करने और प्रतिभूति बाजार को विनियमित करने के लिये स्थापित किया गया था।
2. SEBI की स्थापना से पहले, पूंजी निर्गम (नियंत्रण) अधिनियम, 1947 के तहत पूंजी बाजारों को नियंत्रित करने का कार्य पूंजी निर्गम नियंत्रक द्वारा किया जाता था।
3. प्रतिभूति अपीलीय न्यायाधिकरण (SAT) को SEBI के निर्णयों से प्रभावित व्यक्तियों के हितों की रक्षा करने के लिये एक अध्यक्ष और दो सदस्यों के साथ स्थापित किया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीनों

D. कोई भी नहीं

**92. संयुक्त राष्ट्र चार्टर 1945 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संयुक्त राष्ट्र चार्टर, संयुक्त राष्ट्र की आधारभूत संधि के रूप में, सभी सदस्य देशों को बाध्य करने वाला अंतर्राष्ट्रीय कानून का एक उपकरण है।
2. सामान्य सभा संयुक्त राष्ट्र का प्राथमिक नीति-निर्माण और प्रतिनिधि निकाय है, जिसमें सभी सदस्य देशों का प्रतिनिधित्व होता है, जो सार्वभौमिक भागीदारी सुनिश्चित करता है।
3. संयुक्त राष्ट्र चार्टर का अनुच्छेद 51 आत्मरक्षा में प्रतिक्रिया की अनुमति देता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं/ हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीनों

D. कोई भी नहीं

**93. निम्नलिखित में से कौन-सा एकीकृत वायु कमान और नियंत्रण प्रणाली (IACCS) का सर्वोत्तम वर्णन करता है?**

A. एक रडार प्रणाली जो केवल भूमि-आधारित खतरों का पता लगाने के लिये उपयोग की जाती है।

B. एक प्रणाली जो हवाई क्षेत्र का प्रबंधन करने और अतिरेक को कम करने के लिये विभिन्न वायु रक्षा परिसंपत्तियों से डेटा को एकीकृत करती है।

C. नागरिक विमान यातायात नियंत्रण के लिये एक संचार प्रणाली।

D. वैश्विक हवाई क्षेत्र निगरानी के लिये एक उपग्रह-आधारित प्रणाली।

**94. ऑटोरिग्रैसिव मॉडल्स, ट्रांसफॉर्मर-आधारित मॉडल्स, और एन्कोडर-डीकोडर मॉडल्स को अक्सर निम्नलिखित संदर्भ में समाचारों में देखा जाता है:**

A. लार्ज लैंग्वेज मॉडल (LLM)

B. क्रिप्टोकरेंसी माइनिंग

C. वीडियो स्ट्रीमिंग एल्गोरिदम

D. क्लाउड स्टोरेज सलूशन

**95. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. हीट वेव को आपदा प्रबंधन अधिनियम (DM), 2005 के तहत एक अधिसूचित आपदा माना गया है।
2. ओडिशा वर्ष 1998 में हीट वेव के कारण हुई मृत्यु के बाद वर्ष 1999 में हीट एक्शन प्लान विकसित करने वाला पहला राज्य था।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

96. **मुद्रास्फीति/इन्फ्लेशन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कोर इन्फ्लेशन में खाद्य, पेय पदार्थ, सब्जियाँ और ईंधन (कच्चे तेल सहित) जैसी अस्थिर वस्तुओं को शामिल नहीं किया जाता है, जिसका उपयोग हेडलाइन इन्फ्लेशन के मापन हेतु किया जाता है।
2. उर्जित पटेल समिति ने मुद्रास्फीति लक्ष्य निर्धारण के उपाय के रूप में WPI (थोक मूल्य सूचकांक) की तुलना में CPI (उपभोक्ता मूल्य सूचकांक) की सिफारिश की।
3. वर्तमान मुद्रास्फीति लक्ष्य, समिति की सिफारिश के अनुरूप है, जिसमें 4% की लक्षित मुद्रास्फीति दर हासिल करने की बात कही गई है, जिसके साथ +/- 2% का विचलन स्वीकार्य है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

97. **ब्रह्मोस के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक दो-चरणीय सुपरसोनिक क्रूज़ मिसाइल है जिसे उच्च सटीकता और गति के लिये डिज़ाइन किया गया है।
2. इसमें ठोस-ईंधन बूस्टर और एक तरल-ईंधन रैमजेट इंजन का उपयोग होता है, जो मैक 3 की क्रूज़ गति बनाए रखता है, जिससे यह विश्व की सबसे तेज़ क्रूज़ मिसाइलों में से एक बन जाती है।
3. इसे पूरी तरह से भारत में रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) द्वारा विकसित किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीनों
D. कोई भी नहीं

98. **फिलिप्स कर्व, जिसे प्राय: समाचारों में देखा जाता है, को सबसे अच्छा किस रूप में वर्णित किया जा सकता है?**

A. किसी देश की जनसंख्या वृद्धि दर और उसके GDP के बीच संबंध।
B. बेरोज़गारी और महंगाई के बीच प्रतिलोम (inverse) संबंध।
C. सरकारी व्यय और राष्ट्रीय ऋण के बीच प्रत्यक्ष संबंध।
D. उपभोक्ता विश्वास और शेयर बाज़ार के प्रदर्शन के बीच सहसंबंध।

99. **राष्ट्रीय रक्षा कोष के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी स्थापना वर्ष 1962 में सशस्त्र बलों के सदस्यों और उनके आश्रितों के कल्याण के लिये की गई थी।
2. इस कोष का संचालन एक कार्यकारी समिति द्वारा किया जाता है, जिसके अध्यक्ष प्रधानमंत्री होते हैं और गृहमंत्री, रक्षामंत्री तथा वित्तमंत्री इसके सदस्य होते हैं।
3. प्रधानमंत्री कार्यालय से जारी कार्यालय ज्ञापन के अनुसार, राष्ट्रपति इस कोष के कोषाध्यक्ष होते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीनों
D. कोई भी नहीं

100. **ग्लोबल मीथेन प्रतिज्ञा (Global Methane Pledge) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे वर्ष 2021 में COP 26 (कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज़) में मीथेन उत्सर्जन को कम करने की कार्रवाई को प्रोत्साहित करने के लिये शुरू किया गया था।
2. इस प्रतिज्ञा में शामिल देश वर्ष 2030 तक मीथेन उत्सर्जन को 2020 के स्तर से कम से कम 30% तक सामूहिक रूप से घटाने के लिये प्रतिबद्ध हैं।
3. इसका नेतृत्व भारत करता है, जो वैश्विक रूप से शीर्ष पाँच मीथेन उत्सर्जक देशों में शामिल है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/ हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीनों

D. कोई भी नहीं

**101. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. GDP मूल्य अपस्फीतिकारक मुद्रास्फीति को ध्यान में रखते हुए अर्थव्यवस्था में उत्पादित सभी वस्तुओं और सेवाओं के मूल्य में परिवर्तन को मापता है।
2. आधार वर्ष एक संदर्भ बिंदु होता है जो विभिन्न वर्षों के GDP की गणना और तुलना के लिये एक स्थिर मानदंड प्रदान करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**102. भारतीय प्रतिस्पर्द्धा आयोग के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह प्रतिस्पर्द्धा अधिनियम, 2002 के तहत स्थापित एक वैधानिक निकाय है, जिसका उद्देश्य बाजार में निष्पक्ष प्रतिस्पर्द्धा को बढ़ावा देना और प्रतिस्पर्द्धा-विरोधी प्रथाओं को रोकना है।
2. यह एक बहु-सदस्यीय संस्था है जिसमें एक अध्यक्ष और छह सदस्य शामिल होते हैं, जिन्हें केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**103. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सर्वोच्च न्यायालय (SC) के न्यायाधीश की नियुक्ति संविधान के अनुच्छेद 124 के तहत राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।
2. परंपरा के अनुसार, सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठतम न्यायाधीश को भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI) के रूप में नामित किया जाता है।
3. मुख्य न्यायाधीश (CJI), राष्ट्रपति की स्वीकृति से, सर्वोच्च न्यायालय को दिल्ली से किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित कर सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं ?**

1. केवल एक
2. केवल दो
3. सभी तीन
4. कोई भी नहीं

**104. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका विकास रूस द्वारा किया गया है और यह लंबी दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली विश्व की सबसे उन्नत मिसाइल (SAM) प्रणालियों में से एक है।
2. इसे बहुस्तरीय वायु रक्षा हेतु डिज़ाइन किया गया है। यह विमान, बैलिस्टिक मिसाइलों, क्रूज़ मिसाइलों, ड्रोन एवं स्टील्थ लक्ष्यों सहित हवाई खतरों का मुकाबला करने में सक्षम है।
3. भारत में इसे सुदर्शन चक्र के नाम से जाना जाता है।

**निम्नलिखित में से कौन सी रक्षा प्रणाली उपर्युक्त विवरण से सबसे बेहतर रूप से संबंधित है ?**

A. S-400 ट्रायम्फ

B. आयरन डोम

C. THAAD

D. पैट्रियट मिसाइल सिस्टम

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025
SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025
SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स
SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप
SCAN ME

105. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक स्वदेशी कृत्रिम बुद्धिमत्ता संचालित वायु रक्षा प्रणाली है जिसे डीआरडीओ और इसरो द्वारा संयुक्त रूप से डिजाइन और निर्मित किया गया है।
2. इसकी प्रौद्योगिकी युद्ध क्षेत्रों में निम्न-स्तरीय हवाई क्षेत्र की निगरानी और भू-आधारित वायु रक्षा हथियार प्रणालियों के कुशल नियंत्रण की अनुमति देती है।
3. यह बिना किसी सक्रिय रडार हस्ताक्षर का उपयोग किये, शत्रुओं की मानवरहित हवाई वाहनों (UAVs) को बिना पता लगाए रोकने और निष्क्रिय करने में सक्षम है।
4. इसके समावेश से भारत वास्तविक समय के युद्ध में स्वायत्त ड्रोन झुंड, उपग्रह निगरानी और AI युद्धक्षेत्र समन्वय को तैनात करने वाला पहला गैर-पश्चिमी देश बन गया है।

**उपर्युक्त विवरण निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?**

A. प्रोजेक्ट डेविल
B. आकाशतीर
C. ETRA वायु रक्षा प्रणाली
D. त्रिशूल मिसाइल प्रणाली

106. **गोर समिति (1971), रिबेरो समिति (1998), और पद्मनाभैया समिति (2000) को प्रायः समाचारों में निम्नलिखित संदर्भ में देखा जाता है:**

A. पुलिस सुधार
B. कृषि सब्सिडी
C. पर्यावरण संरक्षण
D. शिक्षा नीति

107. **निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| | **जनजाति/संप्रदाय** | **क्षेत्र** |
|---|---|---|
| 1. | अलावी | सीरिया |
| 2. | कुर्द | तुर्की/तुर्किये |
| 3. | माओरी | इराक |

**ऊपर दिये गए युग्मों में से कितने सही सुमेलित हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

108. **निम्नलिखित में से कौन-सा रिवर्स फ़्लिपिंग शब्द का सर्वोत्तम रूप से वर्णन करता है?**

A. एक अचल संपत्ति प्रथा जिसमें क्रेता त्वरित लाभ के लिये संपत्ति खरीदने के तुरंत बाद उसे बेच देता है।
B. एक व्यापारिक लेन-देन जिसमें कोई कंपनी कर लाभ के लिये अपना पंजीकरण किसी विदेशी देश में स्थानांतरित कराती है और फिर उसे मूल देश को वापस कर देती है।
C. एक वित्तीय रणनीति जिसमें शेयरों को बेचना और फिर बाद में उन्हें कम कीमत पर वापस खरीदना शामिल है।
D. शेयर बाज़ार की एक तकनीक जिसमें निवेशक कीमत में गिरावट की आशंका में शेयरों को कम कीमत पर बेचते हैं।

109. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह नागरिकता अधिनियम 1955 के प्रावधानों के तहत तैयार किया गया है।
2. इसमें भारतीय नागरिकों और भारत में रहने वाले विदेशी दोनों शामिल हैं।
3. देश के प्रत्येक निवासी के लिये इसमें पंजीकरण कराना अनिवार्य है।

**निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प उपर्युक्त विवरण से सर्वोत्तम रूप से मेल खाता है?**

A. जाति जनगणना
B. निर्वाचक नामावली
C. राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (NPR)
D. आधार डेटाबेस

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**110. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** पर्यावरण, सामाजिक और शासन (ESG) लक्ष्य किसी कंपनी के संचालन के लिये मानकों का एक समूह है जो कंपनियों को बेहतर शासन, नैतिक प्रथाओं, पर्यावरण-अनुकूल उपायों एवं सामाजिक उत्तरदायित्वों का पालन करने के लिये प्रोत्साहित करता है।

**कथन-II:** SEBI के संशोधित व्यावसायिक उत्तरदायित्व और स्थिरता रिपोर्टिंग (BRSR) फ्रेमवर्क के तहत अब कोर प्रकटीकरण सत्यापन वैकल्पिक है, जो वित्तीय वर्ष 2025-2026 से शीर्ष 500 कंपनियों के लिये अनिवार्य होगा।

**उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I का सही व्याख्या है

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I का सही व्याख्या नहीं है

C. कथन-I सही है किंतु कथन-II सही नहीं है

D. कथन-I सही नहीं है किंतु कथन-II सही है

**111. क्वांटम कंप्यूटर के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वे "क्यूबिट्स" (क्वांटम बिट्स) का उपयोग करके कार्य करते हैं, जो परमाण्विक स्तर पर पदार्थ के व्यवहार को निर्धारित करते हैं।
2. क्यूबिट्स क्वांटम सुपरपोज़िशन का लाभ उठाकर एक साथ 0 और 1 को प्रदर्शित करते हैं, जिससे क्वांटम कंप्यूटर क्लासिकल सीमाओं से परे समानांतर गणनाएँ कर पाते हैं।
3. एंटैंगलमेंट (उलझाव) तब होता है जब दो क्यूबिट्स एक क्वांटम अवस्था साझा करते हैं, जिससे एक में परिवर्तन दूसरे को तुरंत प्रभावित करता है, चाहे उनके बीच की दूरी कुछ भी हो।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**112. प्रोजेक्ट कुशा के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका नेतृत्व रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) द्वारा किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य एक लंबी दूरी की वायु रक्षा प्रणाली विकसित करना है।
2. यह लंबी दूरी पर दुश्मन के प्रक्षेपास्त्रों और कवच, जिनमें क्रूज मिसाइलें, स्टील्थ लड़ाकू जेट और ड्रोन शामिल हैं, का पता लगाने और उन्हें नष्ट करने में सक्षम होगा।
3. इसमें तीन प्रकार के इंटरसेप्टर मिसाइल शामिल होंगे, जिनकी मारक क्षमता क्रमशः 150 किमी, 250 किमी और 350 किमी होगी, साथ ही इसमें उन्नत लंबी दूरी की निगरानी और फायर कंट्रोल रडार भी होंगे।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**113. कुल प्रजनन दर (TFR) के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह उन बच्चों की कुल संख्या है जो एक महिला के पास होंगे यदि वह अपने प्रजनन वर्षों में जीवित रहती है और वर्तमान आयु-विशिष्ट प्रजनन दरों के अनुसार जन्म देती है।
2. 2.1 का TFR प्रतिस्थापन स्तर माना जाता है, जहाँ प्रत्येक पीढ़ी महत्त्वपूर्ण जनसंख्या वृद्धि या गिरावट के बिना स्वयं को प्रतिस्थापित करती है।
3. 2.1 से कम TFR नकारात्मक जनसंख्या वृद्धि को जन्म दे सकता है, जिससे संभावित रूप से दीर्घकालिक जनसांख्यिकीय चुनौतियाँ उत्पन्न हो सकती हैं, जिसमें वृद्ध आबादी भी शामिल है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**114. 6G के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह टेराबिट-प्रति-सेकंड की गति, सब-मिलीसेकंड विलंबता, बुद्धिमान स्व-उपचार नेटवर्क और जल के नीचे से लेकर अंतरिक्ष तक फैले व्यापक वॉल्यूमेट्रिक कनेक्टिविटी प्रदान करेगा।
2. भारत 6G एलायंस एक सरकार समर्थित, उद्योग-नेतृत्व वाला मंच है जो सार्वजनिक और निजी कंपनियों तथा मानक संगठनों के बीच सहयोग को बढ़ावा देता है।
3. भारत के IOWN फोरम के 6G के लिये विज़न 2030 श्वेत पत्र में संज्ञानात्मक क्षमता, उत्तरदायित्व, मापनक्षमता और ऊर्जा दक्षता के लिये प्रमुख तकनीकी लक्ष्य निर्धारित किये गए हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीनों

D. कोई भी नहीं

**115. गोलान हाइट्स के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह दक्षिण-पश्चिमी सीरिया में जॉर्डन नदी घाटी के ऊपर स्थित 1,200 वर्ग किलोमीटर का चट्टानी पठार है।
2. यह उत्तर में हर्मोन पर्वत, दक्षिण में यारमूक नदी, पश्चिम में जॉर्डन नदी और गलील सागर तथा पूर्व में मौसमी वादी अल-रुक्काद से घिरा हुआ है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**116. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| | **संचालन** | **उद्देश्य** |
|---|---|---|
| 1. | ऑपरेशन ऑल-क्लियर | मणिपुर में घाटी आधारित उग्रवादी समूहों (वीबीआईजी) के खिलाफ अभियान |
| 2. | ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट | जंगली पहाड़ी इलाकों में माओवादी गढ़ों को निशाना बनाकर आतंकवाद विरोधी मिशन चलाया जा रहा है। |
| 3. | ऑपरेशन कैक्टस लिली | बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के दौरान हवाई हमला अभियान |

**उपर्युक्त युग्मों में से कितनी सही है/हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**117. बहुआयामी गरीबी सूचकांक (MPI) के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक (MPI) की पद्धति एक मज़बूत अल्केयर और फोस्टर (AF) विधि पर आधारित है, जो वैश्विक स्तर पर स्वीकार्य मानकों के आधार पर लोगों को गरीब के रूप में चिन्हित करती है।
2. राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक, स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर — इन तीनों समान रूप से वजनी आयामों में एक साथ होने वाले अभावों को मापता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**118. फ्लू गैस डिसल्फराइज़ेशन (FGD) के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह जीवाश्म ईंधन-चालित विद्युत संयंत्रों के उत्सर्जन से गंधक यौगिकों को हटाने की प्रक्रिया है।
2. यह अवशोषक पदार्थों की सहायता से किया जाता है, जो फ्लू गैस से लगभग 95% तक सल्फर डाइऑक्साइड को हटा सकते हैं।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

3. शुष्क प्रक्रिया, जिसमें फ्लू गैसों को एक जलीय अवशोषक घोल द्वारा भाप-संतृप्त किया जाता है, अब बड़े जीवाश्म ईंधन आधारित विद्युत संयंत्रों में प्राथमिक FGD विधि बन गई है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**119. PM-WANI के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे दूरसंचार विभाग (DoT) द्वारा भारत में, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में, सार्वजनिक Wi-Fi हॉटस्पॉट का विस्तार करने के उद्देश्य से शुरू किया गया था।
2. पब्लिक डेटा ऑफिस (PDO), PM-WANI के तहत Wi-Fi हॉटस्पॉट का संचालन करता है, जो टेलीकॉम या ISP से इंटरनेट प्राप्त करके अंतिम छोर तक ब्रॉडबैंड सेवा उपलब्ध कराता है।
3. केंद्रीय रजिस्ट्री का संचालन सेंटर फॉर डेवेलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स (C-DoT) द्वारा किया जाता है, जो ऐप प्रदाताओं, PDO आदि का विवरण बनाए रखती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**120. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका निर्माण 12वीं शताब्दी ईस्वी में पूर्वी गंगा वंश के राजा अनंतवर्मन चोडगंग देव द्वारा किया गया था।
2. मूर्तियाँ लकड़ी (नीम की लकड़ी) से बनी होती हैं और उन्हें नवकलेवर नामक अनुष्ठान में हर 12–19 वर्षों में बदला जाता है।
3. यह कलिंग वास्तुकला का एक उदाहरण है।
4. यह चार धाम तीर्थ स्थलों में से एक है और वैष्णव संप्रदाय का एक प्रमुख केंद्र है।

**उपर्युक्त विवरण किस मंदिर से सबसे अधिक मेल खाता है?**

A. जगन्नाथ मंदिर, पुरी
B. बृहदीश्वर मंदिर, तंजावुर
C. मीनाक्षी मंदिर, मदुरै
D. कोणार्क सूर्य मंदिर, कोणार्क

**121. ट्राइसाइक्लाज़ोल, मैंकोज़ेब और टेबुकोनाज़ोल शब्दों को प्रायः समाचारों में किस संदर्भ में देखा जाता है?**

A. फसलों की बीमारियों को नियंत्रित करने के लिये उपयोग किये जाने वाले कृषि कवकनाशी
B. कॉस्मेटिक स्किनकेयर उत्पादों में सामग्री
C. इलेक्ट्रिक वाहन बैटरियों के घटक
D. हाल ही में खोजे गए एक्सोप्लैनेट्स के नाम

**122. प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह तब होता है जब कोई फर्म या व्यक्ति किसी अन्य देश में स्थित व्यावसायिक हितों में सीधे निवेश करता है।
2. इसमें कंपनी में प्रत्यक्ष नियंत्रण और निवेश शामिल होता है, जबकि विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (FPI) में विदेशी निवेशक केवल स्टॉक्स या बॉण्ड खरीदता है, लेकिन व्यवसाय पर उसका कोई नियंत्रण नहीं होता।
3. भारत में FDI विदेशी विनिमय प्रबंधन अधिनियम (FEMA), 1999 के तहत शासित होता है और इसका संचालन उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (DPIIT) द्वारा किया जाता है।
4. भारत में, गैर-महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में FDI को 100% तक स्वचालित मार्ग के माध्यम से अनुमति दी जाती है, जिसमें गृह मंत्रालय (MHA) से सुरक्षा मंजूरी की आवश्यकता नहीं होती।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025
SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025
SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स
SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप
SCAN ME

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**123. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 के तहत सरकार को किसी भी डाटाबेस या संचार अवसंरचना को उस डिजिटल परिसंपत्ति की सुरक्षा के लिये महत्त्वपूर्ण सूचना अवसंरचना (CII) घोषित करने का अधिकार है।
2. भारतीय कम्प्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया दल (CERT-In) महत्त्वपूर्ण सलाह और सूचना साझाकरण प्रदान करता है, लेकिन इसमें स्वचालित वास्तविक समय खतरे की खुफिया जानकारी एवं सक्रिय भेद्यता स्कैनिंग का अभाव है, जो मज़बूत रक्षा हेतु आवश्यक है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही नहीं है/हैं ?**

1. केवल 1
2. केवल 2
3. 1 और 2 दोनों
4. न तो 1 और न ही 2

**124. निम्नलिखित में से कौन-सी भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम की पहल हैं?**

1. राष्ट्रीय स्वचालित समाशोधन गृह (NACH)
2. भारत इंटरफेस फॉर मनी (BHIM)
3. तत्काल भुगतान सेवा (IMPS)

**निम्नलिखित कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

1. केवल 1 और 2
2. केवल 2 और 3
3. केवल 1
4. 1, 2, और 3

**125. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (कृषि श्रमिकों हेतु) [CPI-AL] ग्रामीण कृषि श्रमिकों के जीवनयापन लागत में होने वाले परिवर्तनों को मापता है और राज्यों में न्यूनतम मज़दूरी निर्धारण का मार्गदर्शन करता है।
2. CPI-AL, CPI-RL (ग्रामीण श्रमिकों हेतु उपभोक्ता मूल्य सूचकांक) का एक उप-समुच्चय है, जो ग्रामीण श्रमिकों के जीवनयापन लागत में होने वाले परिवर्तनों को ट्रैक करता है।
3. CPI-AL और CPI-RL दोनों के लिये आधार वर्ष 2011-12 है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**126. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह प्राकृतिक गैस का मुख्य घटक होता है, जो एक गंधहीन, रंगहीन और स्वादहीन गैस के रूप में जाना जाता है तथा वायु से हल्का होता है।
2. यह पूर्ण दहन में नीली लौ के साथ जलती है, और ऑक्सीजन की उपस्थिति में कार्बन डाइऑक्साइड ($CO_2$) और जल ($H_2O$) उत्पन्न करती है।
3. यह एक अल्पकालिक जलवायु प्रदूषक (SLCP) है, जिसकी आयु लगभग 12 वर्ष होती है, और यह अल्प अवधि में $CO_2$ की तुलना में अधिक प्रभावी होता है।

**निम्नलिखित में से कौन-सी गैस उपर्युक्त विवरण से सबसे अच्छी तरह मेल खाती है?**

1. मीथेन ($CH_4$)
2. कार्बन मोनोऑक्साइड (CO)
3. प्रोपेन ($C_3H_8$)
4. नाइट्रस ऑक्साइड ($N_2O$)

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**127. अक्सर समाचारों में देखे जाने वाले कार्बन बॉर्डर एडजस्टमेंट मैकेनिज्म (CBAM) का सबसे बेहतर वर्णन किस प्रकार किया जा सकता है?**

A. यह घरेलू उत्पादकों के लिए समान अवसर उपलब्ध कराने के क्रम में आयातित वस्तुओं पर उनके कार्बन उत्सर्जन के आधार पर कर लगाने से संबंधित है।

B. यह नवीकरणीय ऊर्जा प्रौद्योगिकियों में निवेश करने वाली कंपनियों को दी जाने वाली सब्सिडी से संबंधित है।

C. यह संयुक्त प्रतिबद्धताओं के माध्यम से कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए एक वैश्विक समझौता है।

D. यह अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में हरित उत्पादों के लिए एक स्वैच्छिक प्रमाणन कार्यक्रम है।

**128. आकाशतीर के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह प्रणाली दुश्मन के विमानों, ड्रोनों और मिसाइलों का पता लगाने, उन पर निगरानी रखने तथा उन पर हमला करने हेतु डिज़ाइन की गई है।
2. यह विभिन्न रडार प्रणालियों, सेंसरों तथा संचार प्रौद्योगिकियों को एक एकल परिचालन ढाँचे में एकीकृत करने पर केंद्रित है।
3. वाहन-आधारित होने के कारण यह गतिशील होने के साथ प्रतिकूल वातावरण में भी इसका प्रबंधन सुलभ होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**129. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह सरकार की एक संघीय एजेंसी है जो आतंकवाद, उग्रवाद और अन्य राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों से संबंधित अपराधों की जाँच तथा मुकदमा चलाने के लिये ज़िम्मेदार है।
2. इसकी स्थापना वर्ष 2008 के मुंबई आतंकवादी हमलों के बाद गृह मंत्रालय के तहत वर्ष 2009 में की गई थी।
3. केंद्र सरकार इसे भारत के भीतर या बाहर किसी अनुसूचित अपराध की जाँच करने का निर्देश दे सकती है।

**निम्नलिखित में से कौन-सी एजेंसी उपर्युक्त विवरण से सबसे अधिक मेल खाती है**

A. राष्ट्रीय जाँच एजेंसी (NIA)

B. केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (CBI)

C. प्रवर्तन निदेशालय (ED)

D. रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (RAW)

**130. जनगणना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 1951 तक, जनगणना संगठन की स्थापना प्रत्येक जनगणना के लिये तदर्थ आधार पर की जाती थी।
2. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 246 के अंतर्गत जनगणना एक संघ का विषय है।
3. जनसंख्या जनगणना के दौरान एकत्र की गई जानकारी को सूचना के अधिकार अधिनियम, 2009 के तहत कोई भी व्यक्ति प्राप्त कर सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीनों

D. कोई भी नहीं

**131. क्यूरेटिव पिटीशन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह अंतिम सज़ा के खिलाफ समीक्षा याचिका खारिज होने के बाद उपलब्ध एक कानूनी सहारा है।
2. यह न्याय की गंभीर चूक को सुधारने के लिये संयमित रूप से प्रयुक्त न्यायिक नवाचार के रूप में कार्य करता है।
3. इसका निर्णय आम तौर पर न्यायाधीशों द्वारा चैंबर में किया जाता है, हालाँकि विशेष अनुरोध पर खुले न्यायालय में सुनवाई की अनुमति भी दी जा सकती है।
4. उपचारात्मक याचिकाओं को नियंत्रित करने वाले सिद्धांतों को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा रूपा अशोक हुर्रा बनाम अशोक हुर्रा एवं अन्य मामला, 2002 में स्थापित किया गया था।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**उपर्युक्त में से कितने कथन सत्य है/हैं ?**

1. केवल एक
2. केवल दो
3. केवल तीन
4. सभी चार

**132. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. उचित उपयोग संयुक्त राज्य अमेरिका का एक कानूनी सिद्धांत है जो कुछ परिस्थितियों में बिना अनुमति के कॉपीराइट सामग्री के सीमित उपयोग की अनुमति देता है।
2. भारतीय कॉपीराइट अधिनियम, 1957 और पेटेंट अधिनियम, 1970, निष्पक्ष व्यवहार के लिये विशिष्ट प्रावधान प्रदान करते हैं तथा कॉपीराइट उल्लंघन हेतु अपवादों को सूचीबद्ध करते हैं।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**

1. केवल 1
2. केवल 2
3. 1 और 2 दोनों
4. न तो 1 और न ही 2

**133. व्यापारिक अभ्यास के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इनसाइडर ट्रेडिंग से आशय ऐसे अभ्यास से है जिसमें किसी सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध कंपनी के बारे में महत्त्वपूर्ण, अप्रकाशित जानकारी (MNPI) के आधार पर उसके शेयर या प्रतिभूतियाँ खरीदी या बेची जाती हैं।
2. फ्रंट-रनिंग एक ऐसा अभ्यास है जिसमें व्यापारी या दलाल लंबित ग्राहक लेन-देन की पूर्व जानकारी का उपयोग संभावित मूल्य परिवर्तनों से लाभ कमाने के लिये करते हैं।
3. जहाँ इनसाइडर ट्रेडिंग भारत में अवैध है, वहीं फ्रंट-रनिंग को सेबी अधिनियम, 1992 के प्रावधानों के अंतर्गत अनुमति प्राप्त है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**134. रबड़ के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह प्राकृतिक या कृत्रिम हो सकता है और अन्य कार्बनिक यौगिकों के साथ-साथ कार्बनिक यौगिक आइसोप्रीन के पॉलिमर से बना होता है।
2. यह अमेज़न वर्षावन का मूल वृक्ष है और एक उष्णकटिबंधीय वृक्ष है जो 20° और 35°C के बीच लगातार उच्च तापमान में पनपता है, जिसका औसत मासिक तापमान 27°C होता है।
3. रबड़ बोर्ड देश में रबड़ उद्योग के समग्र विकास के लिये रबड़ अधिनियम, 1947 के तहत गठित एक वैधानिक निकाय है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं/ हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**135. गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (GeM) के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा वर्ष 2016 में शुरू किया गया यह ऐप विभिन्न सरकारी विभागों/संगठनों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को सामान्य उपयोग की आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं की ऑनलाइन खरीद हेतु सुविधा प्रदान करता है।
2. भारतीय डाक प्रणाली, इंडिया पोस्ट और कॉमन सर्विस सेंटर (CSC) का GeM के साथ एकीकरण पूरे देश में क्रियाशील है।
3. राष्ट्रीय बाँस मिशन तथा GeM के तहत बाँस की वस्तुओं के विपणन हेतु GeM पोर्टल पर एक समर्पित विंडो बनाई गई है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**136. कॉपीराइट के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कॉपीराइट एक विधिक अधिकार है जिसके अंतर्गत भारत में साहित्य, कला, संगीत, फिल्म और कंप्यूटर प्रोग्राम आदि से संबंधित मूल कार्यों की रक्षा होती है।
2. किसी कॉपीराइट के स्वामी के पास उस कार्य को अनुकूलित करने, पुनरुत्पादित करने, प्रकाशित करने, अनुवाद करने तथा लोगों तक संप्रेषित करने का विशेषाधिकार होता है।
3. कॉपीराइट अधिनियम, 1957 के लागू होने के बाद से इसमें कभी संशोधन नहीं किया गया।
4. कॉपीराइट (संशोधन) नियम, 2021 को कॉपीराइट विधियों को अन्य संबंधित विधियों के साथ संरेखित करने के लिए अधिनियमित किया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. केवल तीन

D. सभी चार

**137. पंचायत उन्नति सूचकांक के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह पंचायती राज मंत्रालय का एक समग्र सूचकांक है जो पूरे भारत में ग्राम पंचायतों (GP) के प्रदर्शन और प्रगति का मूल्यांकन करता है।
2. यह सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI) द्वारा विकसित राष्ट्रीय संकेतक फ्रेमवर्क (NIF) के अनुरूप है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**138. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा कार्यक्रम समझौते के तहत, प्रत्येक अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (IEA) सदस्य देश को अपनी शुद्ध तेल आयात की मात्रा के कम से कम 90 दिनों के बराबर आपातकालीन तेल भंडार बनाए रखना अनिवार्य है।
2. भारत में सामरिक कच्चे तेल भंडारण सुविधाओं का निर्माण इंडियन स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिज़र्वस लिमिटेड (ISPRL) द्वारा प्रबंधित किया जा रहा है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**139. धनप्रेषण के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इन्हें भारत के भुगतान संतुलन के चालू खाते में एकतरफा हस्तांतरण के रूप में दर्ज किया जाता है और ये GDP का लगभग 3% होती हैं।
2. वर्ष 2023-24 में, खाड़ी सहयोग परिषद (Gulf Cooperation Council) भारत के लिये धनप्रेषण का सबसे बड़ा स्रोत थी।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. दोनों 1 और 2

D. न तो 1 और न ही 2

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**140. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इंडियाएआई डेटासेट प्लेटफॉर्म एक एआई-संचालित प्लेटफ़ॉर्म है जो भारतीय भाषाओं में आवाज़-आधारित इंटरनेट एक्सेस और सामग्री निर्माण को सक्षम बनाता है।
2. भारत जेन देश का पहला सरकारी-वित्त पोषित मल्टीमॉडल बड़ा भाषा मॉडल है, जो मूलभूत एआई मॉडल के माध्यम से सार्वजनिक सेवा वितरण को बढ़ाता है।
3. डिजिटल भाषिनी एक एकीकृत मंच है जो स्टार्टअप और शोधकर्त्ताओं के लिये गुणवत्ता वाले गैर-व्यक्तिगत डेटासेट तक सहज पहुँच प्रदान करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीनों
D. कोई भी नहीं

**141. डेटा गोपनीयता के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 2011 में न्यायमूर्ति ए.पी. शाह समिति ने गोपनीयता कानून लाने का प्रस्ताव रखा था।
2. वर्ष 2017 में, सर्वोच्च न्यायालय ने न्यायमूर्ति केएस पुट्टस्वामी (सेवानिवृत्त) बनाम भारत संघ मामले में गोपनीयता को मौलिक अधिकार घोषित किया।
3. डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम, 2023 व्यक्तियों को अपने व्यक्तिगत डेटा तक पहुँच, सुधार और विलोपन सहित नियंत्रण का अधिकार देता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीनों
D. कोई भी नहीं

**142. विस्तारित निधि सुविधा (EFF) के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह उन देशों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है जो संरचनात्मक कमज़ोरियों के कारण भुगतान संतुलन की महत्त्वपूर्ण मध्यम अवधि की कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं, जिन्हें हल करने के लिये समय की आवश्यकता होती है।
2. यह आमतौर पर दो वर्ष की निश्चित अवधि के लिये प्रदान किया जाता है तथा इसे बढ़ाया नहीं जा सकता।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**

1. केवल 1
2. केवल 2
3. 1 और 2 दोनों
4. न तो 1और न ही 2

**143. ब्लॉकचेन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक साझा डेटाबेस है जो पारंपरिक डेटाबेस के विपरीत, क्रिप्टोग्राफिक रूप से जुड़े ब्लॉकों में डेटा संग्रहीत करता है।
2. विकेन्द्रीकृत ब्लॉकचेन अपरिवर्तनीय होते हैं, अर्थात एक बार डेटा रिकॉर्ड हो जाने के बाद, उसे बदला या पूर्ववत नहीं किया जा सकता।
3. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने राष्ट्रीय ब्लॉकचेन फ्रेमवर्क (NBF) लॉन्च किया, जो एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है जिसे ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी के माध्यम से पारदर्शिता और विश्वास सुनिश्चित करके डिजिटल शासन को बढ़ाने हेतु डिज़ाइन किया गया है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सत्य है/हैं ?**

1. केवल एक
2. केवल दो
3. सभी तीन
4. उपर्युक्त में से कोई नहीं

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

144. **आर्कटिक क्षेत्र के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह पृथ्वी के सबसे उत्तरी भाग में स्थित है और इसमें कनाडा, रूस, संयुक्त राज्य अमेरिका, नॉर्वे और ग्रीनलैंड सहित कई देशों के हिस्से शामिल हैं।
2. यह क्षेत्र बर्फ से ढका हुआ है, जिसमें समुद्री बर्फ और हिम शिखर भी शामिल हैं, जो पृथ्वी की जलवायु को नियंत्रित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।
3. आर्कटिक में कोयला, हीरे, सोना और क्वार्ट्ज के प्रचुर भंडार हैं तथा ग्रीनलैंड में वैश्विक दुर्लभ मृदा भंडार का लगभग एक चौथाई हिस्सा मौजूद है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सत्य है/हैं ?**

1. केवल एक
2. केवल दो
3. सभी तीन
4. उपर्युक्त में से कोई नहीं

145. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. डेटा सेंटर विशेष सुविधाएँ हैं जिनका उपयोग बड़ी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक डेटा को संग्रहीत, प्रबंधित और संसाधित करने के लिये किया जाता है।
2. सार्वजनिक अभिलेख अधिनियम, 1993, भारत से सार्वजनिक अभिलेखों को हटाने पर रोक लगाता है, जिससे पहली बार स्थानीय डेटा भंडारण की आवश्यकता शुरू होती है।
3. भारत का पहला हाइपरस्केल डेटा सेंटर, Yotta D1 ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश में स्थापित किया गया है, जो भारत की डेटा सेंटर क्षमता में एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि है।
4. राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (NIC) ने सरकारी पहलों और डिजिटल बुनियादी ढाँचे का समर्थन करने के लिये उन्नत राष्ट्रीय डेटा केंद्र स्थापित किये।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

146. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** पर्यावरण प्रभाव आकलन अधिसूचना, 2006 के तहत किसी परियोजना के पर्यावरण, प्राकृतिक संसाधनों, मानव स्वास्थ्य और सामाजिक बुनियादी ढाँचे पर पड़ने वाले प्रभावों का मूल्यांकन करने के लिये पूर्व मंजूरी लेना अनिवार्य है।

**कथन-II:** भारतीय संविधान का अनुच्छेद 51A(g) प्रत्येक नागरिक को प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा और सुधार करने तथा सभी जीवित प्राणियों के प्रति दया दिखाने का दायित्व देता है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा सही है ?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I का सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I का सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है किंतु कथन-II सही नहीं है।
D. कथन-I सही नहीं है किंतु कथन-II सही है।

147. **किसान उत्पादक संगठन (FPO) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. FPO 2008 में अस्तित्व में आए, जो अर्थशास्त्री वाई. के.अलघ की कंपनी अधिनियम, 1956 में संशोधन करने की सिफारिश (2002) से प्रेरित थे।
2. FPO छोटे किसानों को थोक इनपुट खरीद की सुविधा देकर, सौदेबाजी की शक्ति में सुधार करके और कम लागत के साथ बेहतर मूल्य प्राप्ति सुनिश्चित करके सहायता करते हैं।
3. FPO को केवल सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के तहत ही पंजीकृत किया जा सकता है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीनों

D. कोई भी नहीं

**148. सुरक्षा बाज़ार के संदर्भ में अक्सर चर्चा में देखा जाने वाला शब्द स्पूफिंग, का सबसे अच्छा वर्णन किस रूप में किया जा सकता है?**

A. मूल्य में हेरफेर करने के लिये बड़े ऑर्डर देना और फिर निष्पादन से पहले उन्हें रद्द कर देना।

B. अधिकतम लाभ के लिये केवल बाज़ार समय के दौरान ही स्टॉक खरीदें।

C. लाभांश से लाभ प्राप्त करने के लिये शेयरों को लंबी अवधि तक धारण करना।

D. घोषणाओं से पहले व्यापार करने के लिये गोपनीय जानकारी का उपयोग करना।

**149. सुरक्षित बंदरगाह नियमों के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यदि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म चिह्नित मुद्दों का समाधान करते हैं तथा बिना किसी पूर्व-निवारक सामग्री नियंत्रण की आवश्यकता के मुक्त भाषण की रक्षा करते हैं, तो वे उपयोगकर्त्ता सामग्री के लिये कानूनी रूप से उत्तरदायी नहीं हैं।
2. सूचना प्रौद्योगिकी नियम, 2021 के तहत, 5 मिलियन से अधिक उपयोगकर्त्ताओं वाली सोशल मीडिया फर्मों को एक मुख्य अनुपालन अधिकारी नियुक्त करना होगा, जो टेकडाउन या नियामक अनुरोधों के गैर-अनुपालन के लिये उत्तरदायी होगा।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**150. निम्नलिखित में से कौन-सा देश दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (SAARC) का सदस्य है?**

1. मालदीव
2. नेपाल
3. अफ़गानिस्तान
4. म्यांमार

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 4

B. केवल 1, 2 और 3

C. केवल 1

D. 1, 2, 3 और 4

**151. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** भारतीय कानून के तहत शरणार्थियों की कोई विशिष्ट कानूनी व्यवस्था या परिभाषा नहीं है।

**कथन-II:** भारत 1951 के शरणार्थी सम्मेलन या इसके 1967 के प्रोटोकॉल का हस्ताक्षरकर्ता नहीं है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I का सही व्याख्या है

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I का सही व्याख्या नहीं है

C. कथन-I सही है किंतु कथन-II सही नहीं है

D. कथन-I सही नहीं है किंतु कथन-II सही है

**152. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत में विश्व का सबसे बड़ा बॉक्साइट भंडार है, जिसका उपयोग एल्युमीनियम उत्पादन में किया जाता है।
2. भारत के लगभग 60% बॉक्साइट भंडार ओडिशा में केंद्रित हैं।
3. आर्थिक दृष्टि से एल्युमीनियम, लौह अयस्क और तांबे के बाद तीसरी सबसे महत्त्वपूर्ण आधार धातु है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**उपर्युक्त में से कितने कथन सत्य नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. उपर्युक्त में से कोई नहीं

153. **गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (NPA) के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका तात्पर्य बैंकों या वित्तीय संस्थाओं से लिये गए ऐसे ऋणों या अग्रिमों से है, जिनसे आय उत्पन्न होना बंद हो गया है, क्योंकि उधारकर्ता ने 180 दिनों तक ब्याज का भुगतान नहीं किया है।
2. अल्पावधि फसलों के लिये कृषि ऋण को NPA के रूप में वर्गीकृत किया जाता है यदि मूलधन या ब्याज की किश्ते दो फसल मौसम चक्रों तक बकाया रहती हैं।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

154. **निम्नलिखित में से कौन पूंजी खाता लेनदेन के अंतर्गत आता है?**

1. विदेशी प्रतिभूतियों का हस्तांतरण या जारी करना
2. मुद्रा नोटों का निर्यात/आयात
3. विदेशी सहायता

**निम्नलिखित कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2 और 3

155. **बॉण्ड के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह सरकार या कंपनी द्वारा धन जुटाने के लिये जारी किया गया उधार साधन है।
2. किसी बॉण्ड का प्रतिफल उसकी प्रभावी प्रतिफल दर है, जो बॉण्ड के मूल्य में परिवर्तन के साथ बदलती रहती है।
3. भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) बॉण्ड प्राप्ति के प्रबंधन और अर्थव्यवस्था में मौद्रिक स्थितियों को विनियमित करने के लिये खुले बाज़ार परिचालन (OMO) को एक उपकरण के रूप में उपयोग करता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सत्य है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. उपर्युक्त में से कोई नहीं

156. **आकाश मिसाइल प्रणाली के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली है जिसे DRDO द्वारा भारतीय सशस्त्र बलों को एयरक्राफ्ट, हेलीकॉप्टर और मिसाइलों जैसे हवाई खतरों से बचाने के लिये विकसित किया गया है।
2. आकाश मिसाइल प्रणाली की मारक क्षमता लगभग 25-30 किलोमीटर है, जिससे यह मध्यम ऊँचाई पर स्थित लक्ष्यों पर प्रहार कर सकती है।
3. यह मिसाइल लक्ष्य प्राप्ति और अवरोधन के लिये रडार निर्देशित होमिंग का उपयोग करती है, जबकि ट्रैकिंग और मार्गदर्शन के लिये राजेंद्र रडार का उपयोग किया जाता है।
4. इसे महत्त्वपूर्ण परिसंपत्तियों की पॉइंट डिफेंस और बड़े क्षेत्रों की क्षेत्रीय रक्षा दोनों के लिये स्वायत्त रूप से संचालित करने के लिये डिज़ाइन किया गया है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

157. **गैलापागोस द्वीप समूह के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वे प्रशांत महासागर में स्थित हैं और इक्वाडोर का हिस्सा हैं।
2. वर्ष 1978 में ये द्वीप यूनेस्को के पहले विश्व धरोहर स्थल बन गये।
3. यहाँ पाए जाने वाले गैलापागोस पेंगुइन, गैलापागोस फर सील और गैलापागोस सी लायन को IUCN सूची में सबसे कम चिंताजनक श्रेणी में रखा गया है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025
SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025
SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स
SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप
SCAN ME

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**158. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. नींगालू रीफ, ऑस्ट्रेलिया के पास दुनिया की सबसे बड़ी कोरल रीफ प्रणाली, 1981 से यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल रही है।
2. फ्रिंजिंग रीफ, वे कोरल रीफ हैं जो तटरेखा या द्वीपों के साथ बनती हैं और किनारे से बहुत कम या बिल्कुल अलग नहीं होती हैं।
3. कोरल ब्लीचिंग तब होती है जब पर्यावरणीय तनाव के कारण कोरल अपने पोषक सहजीवी शैवाल (ज़ोक्सांथेली) को बाहर निकाल देते हैं, जिससे उनका रंग उड़ जाता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**159. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. प्रतिवर्ष 14 भारत संविधान के अनुच्छेद 343 के तहत हिंदी को संघ की आधिकारिक भाषा के रूप में अपनाने के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाता है।
2. कोठारी आयोग के त्रि-भाषा फॉर्मूले में गैर-हिंदी भाषी राज्यों में हिंदी और हिंदी भाषी राज्यों में एक गैर-हिंदी भारतीय भाषा को लागू करने का प्रस्ताव था।
3. हिंदी भाषा भारत के संविधान की आठवीं अनुसूची की 22 भाषाओं में से एक है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**160. निम्नलिखित में से कौन-सा 'आर्थिक पूंजी ढाँचे (ECF)' शब्द का सबसे अच्छा वर्णन करता है?**

1. RBI द्वारा सरकार को जोखिम प्रावधानों और अधिशेष हस्तांतरण के उचित स्तर को निर्धारित करने के लिये उपयोग की जाने वाली एक प्रणाली है।
2. भारतीय बैंकिंग प्रणाली में ऋण और जमा पर ब्याज दरों को विनियमित करने के लिये एक ढाँचा है।
3. लघु एवं मध्यम उद्यमों को पूंजी सब्सिडी आवंटित करने की सरकारी नीति है।
4. ग्रामीण आबादी के बीच वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देने के लिये RBI द्वारा शुरू किया गया एक कार्यक्रम है।

**161. जल जीवन मिशन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 2019 में शुरू की गई इस पहल का लक्ष्य वर्ष 2047 तक सभी भारतीय घरों में नल का जल उपलब्ध कराना है।
2. सभी राज्यों और संघ शासित प्रदेशों के लिये केन्द्र और राज्यों के बीच निधि बँटवारे का अनुपात 90:10 है।
3. गोवा, दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन व दीव (D&NH और D&D) देश के पहले राज्य और केंद्र शासित प्रदेश हैं जिन्हें 'हर घर जल' के रूप में प्रमाणित किया गया है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सत्य है/हैं?**

1. केवल एक
2. केवल दो
3. सभी तीन
4. उपर्युक्त में से कोई नहीं

**162. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय मौसम विभाग (IMD) वर्तमान में मानसून मिशन परियोजना के तहत विकसित युग्मित पूर्वानुमान प्रणाली (CFS) का उपयोग करता है।
2. भारत पूर्वानुमान प्रणाली (BFS) भारत का पहला स्वदेशी रूप से विकसित नियतात्मक मौसम मॉडल है, जिसका उच्चतम रिज़ॉल्यूशन है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

163. **नमामि गंगे कार्यक्रम (NGP) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह प्रदूषण को कम करने, जल की गुणवत्ता में सुधार लाने और नदी के पारिस्थितिकी तंत्र को बहाल करके गंगा नदी तथा उसकी सहायक नदियों के पुनरुद्धार के लिये एक प्रमुख कार्यक्रम है।
2. पारिस्थितिकी तंत्र बहाली पर संयुक्त राष्ट्र दशक ने NGP को विश्व की शीर्ष 10 प्रमुख बहाली पहलों में से एक माना है।
3. अंतर्राष्ट्रीय जल एसोसिएशन ने NGP को क्लाइमेट स्मार्ट यूटिलिटी की उपाधि से सम्मानित किया।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीनों

D. कोई भी नहीं

164. **निम्नलिखित में से किस समिति ने भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) की पूंजी बफर की पर्याप्तता और स्थानांतरित की जाने वाली अधिशेष राशि की मात्रा की समीक्षा की थी?**

1. वी. सुब्रह्मण्यम समिति (1997)
2. उषा थोराट समिति (2004)
3. वाई. एच. मालेगाम समिति (2013)
4. बिमल जालान समिति (2018)

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1

D. 1, 2, 3 और 4

165. **कोयला क्षेत्र के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत के पास विश्व के पाँचवें सबसे बड़े कोयला भंडार हैं और यह विश्व का सबसे बड़ा कोयला उपभोक्ता देश है।
2. ओडिशा, झारखंड और छत्तीसगढ़ भारत के शीर्ष तीन कोयला-समृद्ध राज्य हैं, जो देश के कुल कोयला भंडार का लगभग 69% हिस्सा रखते हैं।
3. शक्ति नीति (2017) का उद्देश्य कोयला आवंटन को पारदर्शी बनाना है, जो नामांकन आधारित प्रणाली से नीलामी या टैरिफ आधारित बोली प्रणाली की ओर संक्रमण करती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

166. **राज्य विकास ऋण (SDL) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका आशय ऐसी ऋण प्रतिभूतियों से है जिन्हें राज्य सरकारें अपनी उधारी सीमा के तहत बजट घाटे को वित्तपोषित करने हेतु जारी करती हैं।
2. इसके तहत आमतौर पर वर्ष में दो बार ब्याज दिया जाता है और मूल राशि परिपक्वता पर (आमतौर पर 10 वर्ष बाद) वापस कर दी जाती है।
3. भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) द्वारा SDL की निगरानी के साथ राज्यों द्वारा समय पर ब्याज एवं मूलधन के भुगतान के साथ इन ऋणों पर गारंटी सुनिश्चित करने के रूप में भूमिका निभाई जाती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**167. चावल के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. चावल उत्पादन में भारत, चीन के बाद दूसरे स्थान पर है तथा इसकी कुल कृषि योग्य भूमि में से लगभग एक-चौथाई भाग पर चावल की खेती होती है।
2. यह एक खरीफ फसल है जिसके लिये उच्च तापमान (25 डिग्री सेल्सियस से अधिक) तथा उच्च आर्द्रता के साथ 100 सेमी से अधिक वार्षिक वर्षा की आवश्यकता होती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**168. निम्नलिखित में से कौन-सा देश अफ्रीका के हॉर्न में शामिल है?**

1. जिबूती
2. इरिट्रिया
3. इथियोपिया
4. सोमालिया

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2, 3 और 4

**169. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संविधान अनुच्छेद 19(2) के तहत केवल दो परिभाषित आधारों पर भाषण पर प्रतिबंध की अनुमति देता है, अर्थात् अपराध के लिये प्रेरित करना और सार्वजनिक अव्यवस्था।
2. श्रेया सिंघल बनाम भारत संघ (2015) मामले में, सर्वोच्च न्यायालय ने IT अधिनियम, 2000 की धारा 66A को अमान्य घोषित करते हुए यह निर्णय दिया कि "अपमान" या "घृणा" जैसे अस्पष्ट शब्द भाषण को आपराधिक बनाने का औचित्य नहीं दे सकते।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**170. POCSO अधिनियम, 2012 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह अधिनियम बच्चों के यौन शोषण और दुर्व्यवहार से निपटने के लिये बनाया गया था तथा इसमें 18 वर्ष से कम आयु के किसी भी व्यक्ति को बच्चा माना गया।
2. इसे वर्ष 1992 में भारत द्वारा बाल अधिकार पर संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन के अनुसमर्थन के परिणामस्वरूप अधिनियमित किया गया था।
3. यह विधेयक विशेष न्यायालयों को अंतरिम मुआवज़ा देने की अनुमति देता है तथा बाल कल्याण समिति (CWC) को तत्काल आवश्यकताओं के लिये तत्काल राहत प्रदान करने में सक्षम बनाता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**171. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. शरणार्थी सम्मेलन, 1951 के अनुसार, शरणार्थी वे लोग हैं जिन्हें अपने देश से भागकर दूसरे देश में सुरक्षा की तलाश करने के लिये मज़बूर होना पड़ता है।
2. आंतरिक रूप से विस्थापित व्यक्ति (IDP) वे व्यक्ति हैं जिन्हें अपने घरों से भागने के लिये मज़बूर किया गया है, लेकिन उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय सीमा पार नहीं की है।
3. भारत ने वर्ष 1951 के शरणार्थी सम्मेलन के साथ-साथ वर्ष 1967 के प्रोटोकॉल पर भी हस्ताक्षर किये हैं।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**172. बाल्टिक राज्यों के संबंध में, निम्नलिखित राज्यों पर विचार कीजिये:**

1. वे उत्तरपूर्वी यूरोप में स्थित हैं और पूर्व में रूस से उनकी सीमा लगती है।
2. सभी 3 बाल्टिक राज्य नाटो, यूरोपीय संघ (EU) और आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (OECD) के सदस्य हैं।

**उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही

**173. हिंद महासागर द्विध्रुव (IOD) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक जलवायु घटना है जो हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्र की सतह के तापमान और मौसमी प्रारूप को प्रभावित करती है।
2. सकारात्मक IOD चरण में, गर्म जल पश्चिमी हिंद महासागर की ओर स्थानांतरित हो जाता है, तथा ठंडा, जल इंडोनेशिया और ऑस्ट्रेलिया के समीप पूर्वी हिंद महासागर की सतह पर आ जाता है।
3. नकारात्मक IOD चरण के दौरान, पूर्वी हिंद महासागर गर्म हो जाता है, तथा पश्चिमी हिंद महासागर में ठंडा हो जाता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सत्य है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**174. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. बैंकिंग क्षेत्र सुधारों पर नरसिम्हम समिति, 1998 ने भारतीय वित्तीय प्रणाली के भीतर धन शोधन संबंधी चिंताओं को दूर करने के महत्त्व को रेखांकित किया।
2. धन शोधन निवारण अधिनियम (PMLA), 2002 को संसद द्वारा अनुच्छेद 253 के अंतर्गत अधिनियमित किया गया था, जो उसे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों के कार्यान्वयन के लिये कानून बनाने का अधिकार देता है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**175. ब्रह्मपुत्र नदी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका उद्गम मानसरोवर झील के पास कैलाश पर्वतश्रेणी के चेमायुंगडुंग ग्लेशियर से होता है।
2. यह अरुणाचल प्रदेश के सादिया शहर के पश्चिम में भारत में प्रवेश करती है।
3. यह एक बारहमासी नदी है और इसकी भौगोलिक स्थिति तथा जलवायु परिस्थितियों के कारण इसकी कई विशिष्ट विशेषताएँ हैं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नही है/ हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**176. वोस्ट्रो खाते के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक ऐसा खाता है जो एक संपर्ककर्ता बैंक दूसरे बैंक की ओर से रखता है।
2. यह घरेलू बैंकों को वैश्विक बैंकिंग आवश्यकताओं वाले ग्राहकों को अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग सेवाएँ प्रदान करने में सक्षम बनाता है।
3. इसकी सेवाओं में वायर ट्रांसफर, विदेशी मुद्रा लेनदेन, जमा और निकासी की सुविधा तथा अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में तेज़ी लाना शामिल है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**177. कौन-सा अनुच्छेद सर्वोच्च न्यायालय को किसी भी लंबित मामले में पूर्ण न्याय करने के लिये आदेश पारित करने का अधिकार देता है?**

A. अनुच्छेद 142
B. अनुच्छेद 32
C. अनुच्छेद 131
D. अनुच्छेद 136

| अनुच्छेद | विषय | मुख्य विशेषता |
|---|---|---|
| अनुच्छेद 32 | संवैधानिक उपचार का अधिकार | रिट के माध्यम से मौलिक अधिकारों के प्रवर्तन हेतु सर्वोच्च न्यायालय तक सीधी पहुँच |
| अनुच्छेद 131 | सर्वोच्च न्यायालय का मूल अधिकार क्षेत्र | राज्यों और/या संघ के बीच विवादों को सुलझाने की विशेष शक्ति |
| अनुच्छेद 136 | सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अपील की विशेष अनुमति | किसी भी न्यायालय/न्यायाधिकरण से असाधारण मामलों में अपील की अनुमति देने की विवेकाधीन शक्ति |

**178. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत के पास विश्व के कोयला भंडार का 10% हिस्सा है, जिससे कोयला देश में सबसे विश्वसनीय और किफायती ऊर्जा स्रोत बनता है।
2. भारत का लक्ष्य वर्ष 2030 तक अपनी विद्युत उत्पादन का 50% गैर-जीवाश्म ईंधनों से प्राप्त करना है।
3. परमाणु ऊर्जा मिशन का उद्देश्य स्वदेशी लघु मॉड्यूलर रिएक्टर (SMR) का विकास करना है, और वर्ष 2033 तक कम-से-कम पाँच SMR को चालू करने का लक्ष्य है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**179. क्वाड के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह अमेरिका, जापान, भारत और ऑस्ट्रेलिया का एक रणनीतिक मंच है जिसका उद्देश्य हिंद-प्रशांत क्षेत्र में क्षेत्रीय सुरक्षा और आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देना है।
2. क्वाड किसी औपचारिक गठबंधन संरचना, सचिवालय या निर्णय लेने वाली संस्था के साथ कार्य करता है।
3. हिंद-प्रशांत क्षेत्र में समुद्री क्षेत्र जागरूकता के लिये इंडो-पैसिफिक पार्टनरशिप फॉर मरीन डोमेन अवेयरनेस (IPMDA) और हिंद-प्रशांत में प्रशिक्षण के लिये समुद्री पहल (MAITRI) इसके उपक्रम हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**180. राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (NCLT) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह भारत में एक अर्द्ध-न्यायिक संस्था है, जिसे कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत कॉर्पोरेट कानून से संबंधित मामलों का निपटान करने के लिये स्थापित किया गया है।
2. एराडी समिति (2000) ने पहली बार NCLT के गठन की सिफारिश की थी।
3. इसका उद्देश्य कंपनी कानून और दिवाला और शोधन अक्षमता अधिनियम, 2016 (IBC) से संबंधित विवादों एवं मामलों के समाधान के लिये एक विशेषीकृत मंच प्रदान करना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**181. निम्नलिखित में से कौन पूंजी खाते का हिस्सा है?**

1. विदेशी संस्थागत निवेशक (FII)
2. विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (FDI)
3. उपदान आय
4. NRI जमा

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 4

**182. 'DRR धान 100 (कमला)' और 'पूसा DST राइस 1' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ये भारत की पहली जीनोम-संपादित धान की किस्में हैं, जिन्हें उत्पादकता, जलवायु सहनशीलता और संसाधन दक्षता को बढ़ाने के लिये विकसित किया गया है।
2. इन्हें भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) द्वारा उन्नत CRISPR-Cas9 जीनोम-संपादन तकनीक का उपयोग करके विकसित किया गया है।
3. इनमें कोई विदेशी DNA सम्मिलित नहीं किया गया है, जिससे ये पारंपरिक रूप से विकसित फसलों के समान मानी जाती हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीनों
D. कोई भी नहीं

**183. निम्नलिखित में से कौन-सा ई-जीरो FIR शब्द का सबसे अच्छा वर्णन करता है?**

A. BNSS की धारा 173(1) और 1(ii) के तहत जीरो FIR का इलेक्ट्रॉनिक संस्करण सक्षम किया गया है, जो क्षेत्राधिकार की परवाह किये बिना ऑनलाइन FIR दर्ज करने की अनुमति देता है।
B. FIR केवल अपराध के क्षेत्राधिकार के भीतर स्थित पुलिस स्टेशन में ही भौतिक रूप से दर्ज की जा सकती है।
C. एक विशेष FIR जो केवल गैर-संज्ञेय अपराधों के लिये डाक द्वारा दर्ज की जा सकती है।
D. जाँच के बाद दर्ज की जाने वाली FIR में निष्कर्षों को डिजिटल रूप से दर्ज करना शुरू कर दिया गया है।

**184. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की उत्पत्ति भारतीय प्लेट तथा बर्मा माइक्रोप्लेट के बीच टेक्टोनिक टकराव से हुई।
2. ग्रेट निकोबार द्वीप पर स्थित इंदिरा पॉइंट निकोबार द्वीप समूह का सबसे दक्षिणी छोर है।
3. टेन डिग्री चैनल एक संकरी जलडमरूमध्य है जो अंडमान द्वीप समूह और निकोबार द्वीप समूह को अलग करता है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीनों
D. कोई भी नहीं

**185. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (FEMA), 1999 भारत में सभी विदेशी मुद्रा लेनदेन को नियंत्रित करता है।
2. उदारीकृत विप्रेषण योजना (LRS) के अंतर्गत, भारतीय निवासी जुआ और सट्टा व्यापार सहित व्यक्तिगत एवं निवेश उद्देश्यों के लिये प्रति वर्ष 250,000 अमेरिकी डॉलर तक धन प्रेषित कर सकते हैं।
3. विप्रेषणों को भुगतान संतुलन (BoP) के चालू खाते के अंतर्गत एकपक्षीय स्थानान्तरण के रूप में दर्ज किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीनों
D. कोई भी नहीं

**186. खसरा और रूबेला के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मोर्बिलिवायरस के कारण होने वाला खसरा गंभीर जटिलताएँ या मृत्यु का कारण बन सकता है, जबकि रूबेला वायरस के कारण होने वाला रूबेला आमतौर पर हल्का होता है।
2. सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम (UIP) के अंतर्गत शुरू किये गए राष्ट्रीय शून्य खसरा-रूबेला उन्मूलन अभियान का लक्ष्य वर्ष 2030 तक इन्हें समाप्त करना है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**187. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| | **प्रकार** | **विवरण** |
|---|---|---|
| 1. | जैविक उपचार | पर्यावरण अनुकूल, तीव्र हाइड्रोकार्बन विघटन हेतु तेल-अपघटक बैक्टीरिया (जैसे, साइक्लोक्लास्टिकस, ओलीस्पिरा) का उपयोग किया जाता है। |
| 2. | सोरबेंट्स जल | से तेल को सोखना, छोटे-मोटे रिसाव और अवशिष्ट सफाई के लिये आदर्श। |
| 3. | रोकथाम | तैरते अवरोध तेल रिसाव को रोकते हैं, पुनर्प्राप्ति में मदद करते हैं तथा पर्यावरणीय क्षति को कम करते हैं। |

**उपर्युक्त युग्मों में से कितनी सही है/हैं ?**

1. केवल एक
2. केवल दो
3. सभी तीन
4. उपर्युक्त में से कोई नहीं

**188. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मर्चेंट शिपिंग अधिनियम, 1958 भारत में तेल प्रदूषण नियंत्रण पर प्राथमिक समुद्री कानून के रूप में कार्य करता है।
2. राष्ट्रीय तेल रिसाव आपदा आकस्मिकता योजना, भारतीय तटरक्षक द्वारा समन्वित और समय पर तेल रिसाव प्रतिक्रिया के लिये एक बाध्यकारी रूपरेखा है।
3. भारत ने अभी तक बंकर ऑयल अभिसमय (2001) का अनुसमर्थन नहीं किया है, जो जहाज़ के बंकरों से ईंधन तेल रिसाव के कारण होने वाली हानि के लिये शीघ्र और पर्याप्त मुआवज़ा सुनिश्चित करता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**189. अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह भारत-फ्रांस की एक संयुक्त पहल है, जिसकी संकल्पना 2015 में पेरिस में COP21 में की गई थी, जिसका उद्देश्य सौर ऊर्जा समाधानों को लागू करके जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करना है।
2. यह भारत में मुख्यालय वाला पहला अंतर्राष्ट्रीय अंतर-सरकारी संगठन है।
3. अपने फ्रेमवर्क समझौते में 2020 के संशोधन के बाद, सभी संयुक्त राष्ट्र सदस्य देश अब गठबंधन में शामिल होने के पात्र हैं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं/ हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**190. मैंग्रोव के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ये लवण सहिष्णु वृक्ष और झाड़ियाँ हैं जो ज्वारनदमुख और अंत:ज्वारीय क्षेत्रों में पनपते हैं, जहाँ मीठा जल लवणीय जल से मिलता है।
2. भारत और बांग्लादेश में फैला सुंदरवन विश्व का सबसे बड़ा सन्निहित मैंग्रोव वन है।
3. केंद्रीय बजट 2023-24 में समुद्र तट के किनारे और नमक भूमि पर मैंग्रोव वृक्षारोपण के लिये मिष्टी पहल की घोषणा की गई।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**191. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (IMD) मास्कारेन हाई को मानसून अवधि के दौरान मास्कारेन द्वीप समूह के आसपास पाए जाने वाले उच्च दाब वाले क्षेत्र के रूप में वर्णित करता है।
2. सोमाली जेट एक निम्न-स्तरीय, अंतर-गोलार्द्धीय क्रॉस-इक्वेटोरियल पवन बैंड है जो मॉरीशस और उत्तरी मेडागास्कर के पास उत्पन्न होती है।
3. मानसून गर्त एक लंबा निम्न दाब वाला क्षेत्र है जो उत्तर-पश्चिमी भारत के निम्न ताप से लेकर बंगाल की खाड़ी के उत्तरी भाग तक फैला हुआ है।
4. चक्रवाती मानसून भंवर एक लघु स्तरीय चक्रवाती परिसंचरण है जो भारतीय ग्रीष्मकालीन मानसून के दौरान अरब सागर के ऊपर बनता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**192. विशेष आहरण अधिकार (SDR) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. SDR स्वयं एक मुद्रा नहीं है, बल्कि एक परिसंपत्ति है जिसे धारक आवश्यकता पड़ने पर मुद्रा में परिवर्तित कर सकते हैं।
2. SDR अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) और अन्य अंतर्राष्ट्रीय संगठनों की लेखांकन इकाई के रूप में कार्य करता है।
3. इसका मूल्य उन पाँच देशों की मुद्राओं की एक बास्केट के आधार पर तय किया जाता है जिनका सकल घरेलू उत्पाद (GDP) क्रय शक्ति समता (PPP) के आधार पर सबसे अधिक है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**193. निम्नलिखित में से कौन-सी समिति गरीबी से संबंधित है?**

1. अलघ समिति (1979)
2. लकड़ावाला समिति (1993)
3. शांता कुमार समिति (2015)
4. तेंदुलकर समिति (2009)

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 4

B. केवल 3

C. केवल 1, 2 और 4

D. 1, 2,3 और 4

**194. उजाला योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे वर्ष 2015 में पारंपरिक तापदीपक और कॉम्पैक्ट फ्लोरोसेंट लैंपों के स्थान पर ऊर्जा-बचत करने वाले LED बल्बों का उपयोग करके ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देने हेतु लॉन्च किया गया था।
2. यह भारत सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, केंद्रीय विद्युत मंत्रालय की ऊर्जा दक्षता सेवा लिमिटेड (EESL) और डिस्कॉम के बीच एक संयुक्त परियोजना है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

1. केवल 1
2. केवल 2
3. 1 और 2 दोनों
4. न तो 1 और न ही 2

**195. मैडेन-जूलियन ऑसिलेशन (MJO) के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह पवन, बादल और दाब संबंधी असंतुलन की एक क्षणिक पूर्व दिशा में चलने वाली प्रणाली है जो भूमध्य रेखा के चारों ओर घूमती है।
2. यह उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों, विशेषकर 30° उत्तर और 30° दक्षिण के बीच के क्षेत्रों, जिसमें भारत भी शामिल है, के मौसम को प्रभावित करता है।
3. यह चक्रवातों को रोकता है और विशेष रूप से शुष्क मौसम में तीव्र वर्षा नहीं करता।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सत्य हैं/ हैं ?**

1. केवल एक
2. केवल दो
3. सभी तीन
4. उपर्युक्त में से कोई नहीं

**196. क्रिप्टोकरेंसी के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह क्रिप्टोग्राफी द्वारा सुरक्षित एक केंद्रीकृत डिजिटल मुद्रा है, जो किसी भी सरकार या संस्था के नियंत्रण के बिना संचालित होती है।
2. क्रिप्टोकरेंसी लेनदेन को ब्लॉकचेन नामक एक सार्वजनिक डिजिटल खाता बही में दर्ज किया जाता है, जिसका रखरखाव और सत्यापन कंप्यूटरों के वैश्विक नेटवर्क द्वारा किया जाता है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**197. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 2025 की मानव विकास रिपोर्ट में भारत 193 देशों में 130 वें स्थान पर है, लेकिन उच्च विकास सीमा (HDI ▯ 0.700) के करीब पहुँच रहा है।
2. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) के अनुसार, भारत की प्रति व्यक्ति आय 2,800 अमेरिकी डॉलर है, जो विश्व स्तर पर 140 वें स्थान पर है तथा ब्रिक्स समकक्ष देशों में सबसे कम है।
3. भारत जापान को पीछे छोड़कर विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, जिसका सकल घरेलू उत्पाद 4 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर को पार कर गया है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**198. प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका तात्पर्य किसी विदेशी निवेशक द्वारा किसी अन्य देश में किसी व्यावसायिक उद्यम में स्थायी हिस्सेदारी हासिल करने से है, जिससे उसके प्रबंधन पर प्रभाव के साथ उस पर नियंत्रण संभव हो सके।
2. इससे उत्पादकता में सुधार तथा रोज़गार सृजन के साथ प्रतिस्पर्द्धा एवं सहयोग के माध्यम से नवाचार को बढ़ावा एवं घरेलू उद्योगों को प्रोत्साहन मिल सकता है।
3. भारत में FDI का विनियमन वित्त मंत्रालय के अधीन विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा), 1999 द्वारा होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने कथन सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**199. लघु मॉड्यूलर रिएक्टरों (एसएमआर) के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ये उन्नत परमाणु रिएक्टर हैं जिनकी क्षमता 300 मेगावाट तक है, जो पारंपरिक रिएक्टरों का लगभग एक तिहाई है।
2. इन्हें हर 1 से 2 वर्ष में केवल एक बार ईंधन भरने की आवश्यकता होती है, जबकि पारंपरिक संयंत्रों को हर 3 से 7 वर्ष में ईंधन भरने की आवश्यकता होती है।
3. केंद्रीय बजट 2025-26 में परमाणु ऊर्जा मिशन की शुरुआत की गई है, जिसका लक्ष्य 2033 तक कम से कम पांच स्वदेशी रूप से डिजाइन किए गए एसएमआर पर अनुसंधान, विकास और संचालन करना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**200. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. स्वतंत्रता के बाद, संविधान ने सट्टेबाजी और जुए को राज्य के अधिकार क्षेत्र में रखा तथा कौशल खेलों को केंद्रीय विनियमन के अधीन लाया गया।
2. कई राज्यों द्वारा अपनाए गए वर्ष 1867 के सार्वजनिक जुआ अधिनियम में कौशल खेलों को छूट देते हुए सार्वजनिक जुए पर प्रतिबंध लगाया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**201. राष्ट्रीय क्वांटम मिशन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत विश्व का पहला देश है जिसके पास समर्पित क्वांटम मिशन है।
2. यह मिशन उच्च संवेदनशीलता वाले मैग्नेटोमीटर विकसित करने में सहायता करता है, जिनका उपयोग सटीक समय निर्धारण (एटॉमिक क्लॉक), संचार और नेविगेशन में किया जाता है।
3. यह मिशन विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (DST) द्वारा कार्यान्वित किया जाता है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**202. निम्नलिखित में से कौन-से आँकड़े राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) द्वारा जारी किये जाते हैं?**

1. औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (IIP)
2. उद्योगों का वार्षिक सर्वेक्षण (ASI)
3. वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (FSR)

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2 और 3

**203. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. बैंकिंग पर्यवेक्षण पर बेसल समिति (BCBS) बैंकों के विवेकपूर्ण विनियमन के लिये प्राथमिक वैश्विक मानक निर्धारक है।
2. बेसल III द्वारा प्रस्तुत लिक्विडिटी कवरेज़ रेशियो (LCR) का उद्देश्य "बैंक रन" जैसी स्थितियों को रोकना है।
3. बेसल II के अंतर्गत नेट स्टेबल फंडिंग रेशियो (NSFR) बैंकों को उनकी ऑफ-बैलेंस-शीट परिसंपत्तियों और गतिविधियों के अनुरूप स्थिर फंडिंग संरचना बनाए रखने का निर्देश देता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं/ हैं?**

1. केवल एक
2. केवल दो
3. सभी तीन
4. कोई नहीं

**204. निम्नलिखित में से कौन-सी रिपोर्ट अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (IEA) द्वारा प्रकाशित की जाती है?**

1. ग्लोबल एनर्जी रिव्यू (GER)
2. एनर्जी टेक्नोलॉजी पर्सपेक्टिव्स
3. इंडिया एनर्जी आउटलुक रिपोर्ट

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2 और 3

**205. न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) वह दर है जिस पर सरकार किसानों से फसल खरीदती है ताकि उन्हें कृषि मूल्यों में एकाएक गिरावट से बचाया जा सके।
2. कृषि लागत एवं मूल्य आयोग (CACP) की सिफारिशों के आधार पर सरकार बुवाई के मौसम की शुरुआत में इसकी घोषणा करती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**206. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| | **अवधारणा** | **व्याख्या** |
|---|---|---|
| A. | सापेक्षता का सामान्य सिद्धांत | यह स्पष्ट करता है, पिंड किस प्रकार विशाल पिंडों के चारों ओर परिक्रमण करता है तथा इससे ब्लैक होल का पूर्वानुमान होता है। |
| B. | क्वांटम सिद्धांत | लघुतम पैमाने पर परमाणुओं जैसे सूक्ष्म कणों के व्यवहार का अध्ययन। |
| C. | आइंस्टीन का तुल्यता नियम | ब्लैक होल अपने घटना क्षितिज के निकट क्वांटम प्रभावों के कारण विकिरण उत्सर्जित कर सकते हैं। |
| D. | हॉकिंग विकिरण | यह विचार कि प्रकृति के नियम गुरुत्वाकर्षण के साथ एक छोटे से क्षेत्र में भी तथा इसके बिना भी एक समान ही होते हैं। |

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित हैं ?

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

207. एडवेयर, रैनसमवेयर और ट्रोजन पद सामान्यतः जन-समाचारों में किस संदर्भ में रहते हैं ?

A. जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय नीतियाँ

B. साइबर सुरक्षा और कंप्यूटर खतरे

C. वित्तीय धोखाधड़ी और बैंकिंग विनियमन

D. चिकित्सा अनुसंधान और टीका विकास

## Answers

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (C) | 2. (C) | 3. (B) | 4. (D) | 5. (C) | 6. (A) | 7. (A) | 8. (D) | 9. (A) | 10. (C) |
| 11. (A) | 12. (C) | 13. (A) | 14. (C) | 15. (A) | 16. (D) | 17. (D) | 18. (C) | 19. (A) | 20. (B) |
| 21. (B) | 22. (B) | 23. (C) | 24. (B) | 25. (A) | 26. (A) | 27. (B) | 28. (D) | 29. (C) | 30. (C) |
| 31. (B) | 32. (B) | 33. (D) | 34. (A) | 35. (A) | 36. (B) | 37. (D) | 38. (B) | 39. (C) | 40. (C) |
| 41. (A) | 42. (C) | 43. (B) | 44. (C) | 45. (B) | 46. (D) | 47. (C) | 48. (C) | 49. (A) | 50. (D) |
| 51. (B) | 52. (A) | 53. (C) | 54. (B) | 55. (A) | 56. (C) | 57. (B) | 58. (C) | 59. (C) | 60. (B) |
| 61. (D) | 62. (B) | 63. (D) | 64. (A) | 65. (C) | 66. (B) | 67. (D) | 68. (B) | 69. (D) | 70. (B) |
| 71. (C) | 72. (C) | 73. (A) | 74. (C) | 75. (C) | 76. (D) | 77. (B) | 78. (D) | 79. (A) | 80. (C) |
| 81. (A) | 82. (A) | 83. (C) | 84. (A) | 85. (B) | 86. (D) | 87. (D) | 88. (A) | 89. (C) | 90. (A) |
| 91. (C) | 92. (D) | 93. (B) | 94. (A) | 95. (A) | 96. (C) | 97. (B) | 98. (B) | 99. (B) | 100. (A) |
| 101. (C) | 102. (D) | 103. (C) | 104. (A) | 105. (B) | 106. (A) | 107. (B) | 108. (B) | 109. (C) | 110. (B) |
| 111. (D) | 112. (C) | 113. (C) | 114. (B) | 115. (C) | 116. (C) | 117. (C) | 118. (A) | 119. (C) | 120. (A) |
| 121. (A) | 122. (D) | 123. (D) | 124. (D) | 125. (B) | 126. (A) | 127. (A) | 128. (C) | 129. (A) | 130. (B) |
| 131. (D) | 132. (C) | 133. (A) | 134. (D) | 135. (D) | 136. (A) | 137. (C) | 138. (D) | 139. (A) | 140. (A) |
| 141. (C) | 142. (A) | 143. (B) | 144. (C) | 145. (D) | 146. (A) | 147. (B) | 148. (A) | 149. (C) | 150. (B) |
| 151. (A) | 152. (A) | 153. (B) | 154. (A) | 155. (C) | 156. (D) | 157. (B) | 158. (B) | 159. (D) | 160. (A) |
| 161. (A) | 162. (C) | 163. (C) | 164. (D) | 165. (B) | 166. (B) | 167. (D) | 168. (D) | 169. (B) | 170. (C) |
| 171. (B) | 172. (D) | 173. (C) | 174. (C) | 175. (D) | 176. (C) | 177. (A) | 178. (C) | 179. (B) | 180. (D) |
| 181. (D) | 182. (C) | 183. (A) | 184. (C) | 185. (B) | 186. (A) | 187. (C) | 188. (A) | 189. (D) | 190. (C) |
| 191. (D) | 192. (B) | 193. (C) | 194. (C) | 195. (A) | 196. (B) | 197. (C) | 198. (A) | 199. (A) | 200. (C) |
| 201. (B) | 202. (A) | 203. (A) | 204. (D) | 205. (D) | 206. (B) | 207. (B) | | | |

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025
SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025
SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स
SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप
SCAN ME

## उत्तर

**1.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016:**

- इन नियमों द्वारा नगरपालिका ठोस अपशिष्ट (प्रबंधन एवं हैंडलिंग) नियम, 2000 का स्थान लिया गया तथा स्रोत पर ही अपशिष्ट को अलग करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। **अतः कथन 1 सही है।**
- इनके तहत जहाँ तक संभव हो, जैव-निम्नीकरणीय अपशिष्ट को परिसर के अंदर ही संसाधित एवं उपचारित करने के साथ खाद या जैव-मीथेनेशन के माध्यम से निपटाया जाना चाहिये। **अतः कथन 2 सही है।**
- इसके तहत टिन, काँच और प्लास्टिक पैकेजिंग जैसे डिस्पोज़ेबल उत्पादों के निर्माताओं को अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली स्थापित करने के क्रम में स्थानीय प्राधिकारियों को वित्तीय सहायता प्रदान करने का प्रावधान किया गया है। **अतः कथन 3 सही है।**

**2.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **बुनियादी ढाँचे/अवसंरचना का दर्जा** एक सरकारी पदनाम है जिसे विशिष्ट क्षेत्रों को **अनुकूल वित्तीयन, कर** और नियामक नीतियों के माध्यम से उनके विकास को प्रोत्साहित करने के लिये दिया जाता है।
- इसे आमतौर पर उन क्षेत्रों पर लागू किया जाता है जिन्हें आर्थिक प्रगति और सामाजिक कल्याण के लिये आवश्यक माना जाता है, जैसे **परिवहन, ऊर्जा, दूरसंचार और जलापूर्ति।**
- बुनियादी ढाँचे का दर्जा प्रदान करने का लक्ष्य **निवेश को प्रोत्साहित करना, नवाचार को बढ़ावा देना** तथा लोगों को महत्त्वपूर्ण सेवाओं की प्रभावी डिलीवरी सुनिश्चित करना है।
- यह पदनाम शहरीकरण, जलवायु परिवर्तन और तकनीकी प्रगति जैसी चुनौतियों के खिलाफ सतत् विकास एवं अनुकूलन को बढ़ावा देने के क्रम में में **बुनियादी ढाँचे** के विकास के महत्त्व पर प्रकाश डालता है।
- **अतः विकल्प C सही है।**

**3.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **राष्ट्रीय वन नीति (NFP)** 1988 में परिकल्पना की गई है कि भौगोलिक क्षेत्र का 33% भाग वन अथवा वृक्ष आच्छादित होना चाहिये। **अतः कथन I सही है।**
- **भारत वन स्थिति रिपोर्ट (ISFR)-2023** के अनुसार, वन एवं वृक्ष आवरण इसके भौगोलिक क्षेत्र (GA) का 25.17% है, जिसमें वन आवरण 21.76% और वृक्ष आवरण 3.41% है।
  - क्षेत्रफल की दृष्टि से मध्य प्रदेश में 77,073 वर्ग किलोमीटर का सर्वाधिक वन क्षेत्र है, इसके बाद अरुणाचल प्रदेश में 65,882 वर्ग किलोमीटर और छत्तीसगढ़ में 55,812 वर्ग किलोमीटर का वन क्षेत्र है। **अतः कथन II सही है।**
    - राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन कार्य योजना के भाग **ग्रीन इंडिया मिशन** के अंतर्गत वर्ष 2017 से वर्ष 2021 की अवधि में वन क्षेत्र में 0.56% की वृद्धि हुई।
- **अतः विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन I का सही स्पष्टीकरण नहीं है।**

**4.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- अलघ समिति, लकड़ावाला समिति, तेंदुलकर समिति और रंगराजन समिति **देश में निर्धनता की मापन पद्धति की समीक्षा और सुधार** हेतु भारत सरकार द्वारा गठित विशेषज्ञ पैनल हैं।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- प्रत्येक समिति ने भारतीय जनसंख्या के बदलते उपभोग पैटर्न, आवश्यकताओं और जीवन स्तर को बेहतर रूप से प्रतिबिंबित करने के लिये नए मानदंड और दृष्टिकोण प्रस्तुत किये।
  - **अलघ समिति (1979):** न्यूनतम कैलोरी सेवन और संबंधित व्यय के आधार पर **भारत में पहली आधिकारिक निर्धनता रेखा** को परिभाषित किया गया।
  - **लकड़वाला समिति (1993):** उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) सूचकांकों के स्थान पर कैलोरी मानदंडों और उपभोग पैटर्न पर आधारित निर्धनता अनुमान की अद्यतित विधि प्रस्तुत की गई।
  - **तेंदुलकर समिति (2009):** स्वास्थ्य और शिक्षा व्यय भी शामिल करते हुए **समग्र उपभोग पर आधारित** निर्धनता मापन की अनुशंसा की गई।
  - **रंगराजन समिति (2014):** भोजन, स्वास्थ्य, शिक्षा और मूल सुविधाओं पर विचार करते हुए एक उच्चतर, **बहुआयामी निर्धनता रेखा** का प्रस्ताव किया गया।
- **अत: विकल्प D सही है।**

**5.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **सकल घरेलू उत्पाद (GDP)** के अंतर्गत किसी देश में एक निश्चित अवधि में उत्पादित उन सभी "अंतिम" वस्तुओं और सेवाओं के कुल मौद्रिक मूल्य का मापन किया जाता है, जिनका अंतिम उपयोगकर्त्ता द्वारा क्रय किया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- किसी क्षेत्र का **सकल मूल्यवर्द्धित (GVA)** उत्पादन के मूल्य में से उसके मध्यवर्ती इनपुट को घटाने पर प्राप्त होने वाला मान है, जिसमें "मूल्य वर्द्धन" को श्रम और पूंजी के बीच वितरित किया जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- यदि सरकारी कर उसके द्वारा प्रदान की जाने वाली सब्सिडी से अधिक है, तो GDP GVA से अधिक होगी। **अत: कथन 3 सही है।**

**6.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम (CPSE):**

- इन्हें महारत्न, नवरत्न और मिनीरत्न श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है। **अत: कथन 1 सही है।**
- वित्त मंत्रालय में **सार्वजनिक उद्यम विभाग (DPE)** भारत में CPSE को महारत्न, नवरत्न और मिनीरत्न का दर्जा देने के लिये ज़िम्मेदार है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - ये स्थितियाँ ऐसे वर्गीकरण हैं जो CPSE को उनके वित्तीय प्रदर्शन और अन्य मानदंडों के आधार पर **बढ़ी हुई स्वायत्तता** और निर्णय लेने की शक्तियाँ प्रदान करते हैं।
- **नवरत्न दर्जा** प्राप्त CPSE को वित्तीय और परिचालन संबंधी स्वतंत्रता मिलती है तथा उसे सरकार की मंज़ूरी के बिना किसी एक परियोजना पर 1,000 करोड़ रुपए या अपनी कुल संपत्ति का 15% तक निवेश करने का अधिकार होता है।
- उन्हें **संयुक्त उद्यम स्थापित करने, गठबंधन बनाने** तथा विदेश में सहायक कंपनियाँ स्थापित करने की भी स्वतंत्रता होगी।
- **वर्ष 2005 सेनगुप्ता समिति** (जिसे विशेषज्ञों के एड-हॉक समूह के रूप में भी जाना जाता है) ने अप्रैल 2005 में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें **स्वामित्व, CPSE की शक्ति,** सरकारी कंपनियों की लेखा परीक्षा, भारत के संविधान के अनुच्छेद 12, संसदीय जवाबदेही और सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों में सतर्कता प्रबंधन से संबंधित व्यापक मुद्दों पर सिफारिशें शामिल थीं। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
  - **के. कस्तूरीरंगन समिति** भारतीय शिक्षा (वर्ष 2019) और पर्यावरण नीति (वर्ष 2011) में एक प्रमुख निकाय थी। यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) और पश्चिमी घाटों पर अपने काम के लिये जानी जाती है, जिसके परिणामस्वरूप NEP 2020 और पश्चिमी घाट के पारिस्थितिक क्षेत्रों पर एक रिपोर्ट तैयार हुई।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025
SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025
SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स
SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप
SCAN ME

**7.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- अप्रैल 2025 में जारी IMF की **राजकोषीय निगरानी और वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट** में अमेरिका की व्यापार नीतियों के प्रभाव पर गंभीर आशंकाएँ व्यक्त की गई हैं।
- यह बात वैश्विक ऋण वृद्धि के संबंध में अतीत में IMF द्वारा दी गई बार-बार की गई चेतावनियों के बाद सामने आई है। अमेरिका, भारत और अन्य देश कोविड के बाद के वर्षों में अपने-अपने ऋणों को कम करने के लिये कदम उठा रहे हैं।
- लेकिन **वर्तमान भू-आर्थिक अशांति,** जो निवेश, आपूर्ति शृंखला, वित्त, श्रम और प्रौद्योगिकी प्रवाह को बाधित कर सकती है, ऐसे प्रयासों को कमज़ोर करने वाली है।
- IMF का अनुमान है कि मध्यम अवधि में उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में सार्वजनिक ऋण **सकल घरेलू उत्पाद के लगभग 4%** तक बढ़ जाएगा, तथा उभरती अर्थव्यवस्थाओं में सकल घरेलू उत्पाद के 6% तक बढ़ जाएगा।
- **अत: विकल्प A सही है।**

**8.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**लार्ज लैंग्वेज मॉडल (LLM):**

- **GPT, BERT, T5 और ट्यूरिंग-NLG** जैसे बड़े सामान्य प्रयोजन लैंग्वेज मॉडल (LLM) AI सिस्टम हैं जिन्हें विभिन्न डोमेन में टेक्स्ट वर्गीकरण, प्रश्न उत्तर और टेक्स्ट निर्माण जैसे विविध कार्यों को प्रबंधित करने के लिये डिज़ाइन किया गया है। **अत: कथन 1 सही है।**
    - इन मॉडलों को मानव भाषा के भीतर पैटर्न, संरचनाओं और संबंधों को समझने के लिये **विशाल डेटासेट पर प्रशिक्षित** किया जाता है।
- **भारतजेन (BharatGen)** AI-संचालित सार्वजनिक सेवाओं के लिये विश्व की पहली सरकार द्वारा वित्त पोषित मल्टीमॉडल LLM पहल है। **अत: कथन 2 सही है।**

**9.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**केंद्रीय सूचना आयोग (CIC):**

- इसकी स्थापना **सूचना का अधिकार (RTI) अधिनियम, 2005** के तहत एक **वैधानिक निकाय** के रूप में की गई थी। **अत: कथन 1 सही है।**
- केंद्रीय सूचना आयोग में **मुख्य सूचना आयुक्त (CIC)** और अधिकतम 10 तक ऐसे केंद्रीय सूचना आयुक्त शामिल होंगे, जिन्हें आवश्यक माना जाए।
- भारत के राष्ट्रपति, **प्रधानमंत्री (अध्यक्ष)** की अध्यक्षता वाली समिति की सिफारिशों के आधार पर सदस्यों की नियुक्ति करते हैं, जिसमें लोकसभा में विपक्ष के नेता और प्रधानमंत्री द्वारा नामित एक केंद्रीय कैबिनेट मंत्री सहित अन्य सदस्य होते हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- इसकी प्राथमिक भूमिका **RTI अधिनियम, 2005** के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करना और नागरिकों के सूचना के अधिकार को बनाए रखना है।
    - यह न्यायालय केंद्र सरकार और संघ राज्य क्षेत्रों के अंतर्गत कार्यालयों, वित्तीय संस्थाओं, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों तथा अन्य संस्थाओं से संबंधित मामलों से निपटता है।

**10.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**परमाणु ऊर्जा क्षेत्र:**

- **परमाणु ऊर्जा अधिनियम,** 1962 के तहत परमाणु ऊर्जा का प्रबंधन विशेष रूप से केंद्र सरकार द्वारा किया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड (AERB)** भारत में परमाणु उद्योग में सुरक्षा मानकों और अनुपालन की देखरेख के लिये ज़िम्मेदार है। **अत: कथन 2 सही है।**
- परमाणु क्षति के लिये **नागरिक दायित्व अधिनियम, 2010,** ऑपरेटर की देयता को सरकार के समर्थन से 1,500 करोड़ रुपए तक सीमित करता है, जबकि भारतीय परमाणु बीमा पूल (INIP) दुर्घटनाओं के लिये बीमा प्रदान करता है। **अत: कथन 3 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- भारत, **भारत-अमेरिका असैन्य परमाणु समझौते** के तहत **अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (IAEA)** के सुरक्षा उपायों का पालन करता है, लेकिन **परमाणु अप्रसार संधि (NPT)** पर हस्ताक्षर नहीं किया है, जिससे रणनीतिक स्वायत्तता बरकरार है।


**11.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**सिंधु नदी:**

- सिंधु नदी की पाँच सहायक नदियाँ हैं: **सतलुज, व्यास, रावी, झेलम और चिनाब।**
  - **घटप्रभा कृष्णा नदी** की एक प्रमुख सहायक नदी है।
- सिंधु जल संधि, **भारत और पाकिस्तान के बीच वर्ष 1960 में विश्व बैंक** के तत्वावधान में हस्ताक्षरित एक जल-बंटवारे का समझौता है, जिसके तहत सिंधु नदी और इसकी 5 सहायक नदियों के जल को विभाजित किया गया था।
- यह संधि भारत को **तीन पूर्वी नदियों** (व्यास, रावी, सतलुज) के **अप्रतिबंधित** उपयोग की अनुमति देती है तथा तीन पश्चिमी नदियों (चिनाब, सिंधु, झेलम) को पाकिस्तान को आवंटित करती है, साथ ही भारत को कुछ छूट भी देती है कि वह इन नदियों के जल का उपयोग विशिष्ट परिस्थितियों में घरेलू, गैर-उपभोग्य, कृषि एवं जलविद्युत प्रयोजनों के लिये कर सकता है।




- **अत: विकल्प A सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 — SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 — SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स — SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप — SCAN ME

**12.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**सकल स्थिर पूंजी निर्माण (GFCF):**

- **सकल स्थिर पूंजी निर्माण (GFCF)** से तात्पर्य किसी अर्थव्यवस्था की स्थिर पूंजी परिसंपत्तियों (निवेश घटा निपटान) में एक विशिष्ट अवधि में हुई शुद्ध वृद्धि से है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसमें बुनियादी अवसरंचना, मशीनरी, उपकरण और अन्य टिकाऊ परिसंपत्तियों में निवेश शामिल है जो दीर्घकालिक आर्थिक विकास में योगदान देते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह भारत के नाममात्र सकल घरेलू उत्पाद (GDP) का लगभग 30% है, जो इसे निजी अंतिम उपभोग व्यय के बाद दूसरा सबसे बड़ा घटक बनाता है। **अतः कथन 3 सही है।**
  - GFCF आर्थिक विकास के लिये महत्त्वपूर्ण है क्योंकि यह सीधे तौर पर GDP को बढ़ाता है, उत्पादकता बढ़ाता है और जीवन स्तर में सुधार करता है
  - यह पूंजीगत परिसंपत्तियों का सृजन करके और नवाचार को समर्थन देकर आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देता है।

**13.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**पॉवर्टी एंड इक्विटी ब्रीफ (PEB):**

- PEB विश्व बैंक समूह और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) की वसंत एवं वार्षिक बैठकों के दौरान अर्धवार्षिक रूप से प्रकाशित होते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- **पॉवर्टी एंड इक्विटी ब्रीफ (PEB)** 100 से अधिक विकासशील देशों में गरीबी, साझा समृद्धि और असमानता की प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - **ब्रीफ** उपयोगकर्त्ताओं को किसी देश की गरीबी और असमानता के संदर्भ को एक नज़र में समझने में सहायता करते हैं तथा गरीबी उन्मूलन को विश्व के एजेंडे में शीर्ष पर रखने का प्रयास करते हैं।
- इसमें राष्ट्रीय गरीबी रेखाओं और अंतर्राष्ट्रीय मानदंडों (अत्यधिक गरीबी के लिये 2.15 अमेरिकी डॉलर, निम्न-मध्यम आय के लिये 3.65 अमेरिकी डॉलर और उच्च-मध्यम आय के लिये 6.85 अमेरिकी डॉलर) का उपयोग करते हुए गरीबी के विभिन्न पहलुओं को शामिल किया गया है।
- रिपोर्ट में **171 मिलियन लोगों को अत्यधिक गरीबी से बाहर निकालने की भारत की उल्लेखनीय उपलब्धि को मान्यता दी गई है।**
  - रिपोर्ट के अनुसार, 3.65 डॉलर प्रतिदिन की रेखा पर भारत की गरीबी दर 2011-12 में 61.8% से घटकर 2022-23 में 28.1% हो गई, जिससे 378 मिलियन लोग गरीबी से बाहर निकले।

**14.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**भू-संपदा (विनियमन और विकास) अधिनियम, 2016:**

- **भू-संपदा (विनियमन और विकास) अधिनियम, 2016** (RERA) भारत सरकार द्वारा वर्ष 2016 में लागू किया गया एक महत्त्वपूर्ण कानून है।
- इसका प्राथमिक उद्देश्य भू-संपदा क्षेत्र को विनियमित करना और भू-संपदा लेनदेन में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं दक्षता को बढ़ावा देना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- RERA का उद्देश्य घर खरीदारों के हितों की रक्षा करना और भू-संपदा उद्योग में निष्पक्ष प्रथाओं को बढ़ावा देना है।
- अधिनियम में राज्य सरकारों को **एक से अधिक नियामक प्राधिकरण स्थापित करने का प्रावधान है। अतः कथन 2 सही है।**
- यह राज्यों को निम्नलिखित अधिदेश देता है:
  - भू-संपदा परियोजनाओं का डेटाबेस पंजीकृत करना और बनाए रखना तथा उसे सार्वजनिक अवलोकन के लिये अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित करना।
  - प्रमोटरों, खरीदारों और भू-संपदा एजेंटों के हितों की सुरक्षा।
  - स्थाई एवं किफायती आवास का विकास।
  - सरकार को सलाह देना तथा उसके विनियमों और अधिनियम का अनुपालन सुनिश्चित करना।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

15.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**डिजिटल अधिकार और इंटरनेट तक पहुँच:**

- **भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने अमर जैन बनाम भारत संघ एवं अन्य, 2025** मामले में निर्णय सुनाया कि ई-गवर्नेंस एवं कल्याण प्रणालियों तक समावेशी डिजिटल पहुँच जीवन और स्वतंत्रता के मूल अधिकार का एक अभिन्न अंग है तथा दिव्यांगजनों (PwD) के लिये डिजिटल अपने ग्राहक को जानो (KYC) प्रक्रिया को और अधिक सुलभ बनाने के निर्देश जारी किये।
- **फहीमा शिरीन आर.के. बनाम केरल राज्य (2019) मामले में केरल उच्च न्यायालय भारत का पहला ऐसा न्यायालय बन गया, जिसने अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के अधिकार और अनुच्छेद 21A के तहत शिक्षा के अधिकार के हिस्से के रूप में इंटरनेट तक पहुँच के अधिकार को मान्यता दी।**
- **अनुराधा भसीन बनाम भारत संघ (2020)** में, सर्वोच्च न्यायालय ने माना कि अनुच्छेद 19(1)(a) इंटरनेट के माध्यम से वाक् और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की रक्षा करता है तथा अनुच्छेद 19(1)(g) ऑनलाइन व्यापार एवं व्यवसाय करने के अधिकार की रक्षा करता है।

16.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- सामाजिक-आर्थिक और जाति जनगणना (SECC) पहली बार वर्ष 1931 में आयोजित की गई थी, जिसका उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों में भारतीय परिवारों की आर्थिक स्थिति के विषय में जानकारी एकत्र करना था ताकि अभाव के संकेतकों की पहचान की जा सके। **अतः कथन 1 सही है।**
- **जनगणना भारतीय जनसंख्या का सामान्य प्रतिबिंब प्रस्तुत करती है,** जबकि SECC का उपयोग राज्य सहायता के लाभार्थियों की पहचान करने के लिये किया जाता है।
    - **जनगणना अधिनियम 1948** के तहत जनगणना के आँकड़े गोपनीय होते हैं, जबकि सामाजिक-आर्थिक और जाति जनगणना (SECC) में व्यक्तिगत जानकारी का उपयोग सरकारी विभागों द्वारा परिवारों को लाभ देने या प्रतिबंधित करने के लिये किया जा सकता है। **अतः कथन 2 सही है।**

17.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**दलबदल विरोधी कानून:**

- **इसे 52 वें संशोधन अधिनियम,** 1985 के माध्यम से संविधान में शामिल किया गया था । **अतः कथन 1 सही है।**
- यह संसद सदस्यों और राज्य विधानमंडल के सदस्यों दोनों पर लागू होता है। **अतः कथन 2 सही है।**
    - दलबदल विरोधी कानून संसद सदस्यों (MPs)/विधानसभा सदस्यों (MLAs) को एक पार्टी छोड़कर दूसरी पार्टी में शामिल होने पर दंडित करता है।
- कानून के तहत अयोग्य ठहराए गए सदस्यों को उसी सदन में सीट के लिये किसी भी राजनीतिक दल से चुनाव लड़ने की अनुमति है। **अतः कथन 3 सही है।**

18.

**उत्तर:C**

**व्याख्या:**

- 1951 से, **जनगणना के आँकड़ों में अनुसूचित जाति (SCs), अनुसूचित जनजाति (STs) एवं विभिन्न धार्मिक समूहों** की आबादी शामिल है , लेकिन अन्य जाति समूहों के सदस्यों की गणना नहीं की गई है। **अतः कथन I सही है।**
- अगली जनगणना में जाति गणना को शामिल करने के लिये सरकार को **जनगणना अधिनियम, 1948 में संशोधन करने की आवश्यकता नहीं** है। **अतः कथन II सही नहीं है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- पंजीयक महासचिव एवं जनगणना आयुक्त (Registrar General and Census Commissioner - RG&CC) को मौजूदा कानून के अंतर्गत पहले से ही यह अधिकार प्राप्त है कि वह जनगणना प्रपत्र (census proforma) तैयार कर सके। ये प्रपत्र मानकीकृत रूप में गृह-सूचीकरण तथा जनसंख्या गणना चरणों के दौरान क्रमशः परिवारों और व्यक्तियों से जानकारी एकत्र करने के लिये उपयोग किये जाते हैं।

- **अतः विकल्प C सही है क्योंकि कथन-I सही है किंतु कथन-II सही नहीं है।**

19.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ (आसियान):**

- दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ एक क्षेत्रीय संगठन है जिसकी स्थापना एशिया-प्रशांत के उत्तर-औपनिवेशिक राज्यों के बीच बढ़ते तनाव के बीच राजनीतिक और सामाजिक स्थिरता को बढ़ावा देने के लिये की गई थी।
- आसियान के सदस्य राष्ट्र इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड, ब्रुनेई, वियतनाम, लाओस, म्याँमार और कंबोडिया हैं।
- **अतः विकल्प A सही है।**

20.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**डी-डॉलरीकरण प्रयास:**

- डी-डॉलरीकरण की हालिया पहल में अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता कम करने और वैकल्पिक वित्तीय प्रणाली बनाने के प्रयास शामिल हैं। प्रमुख विकास इस प्रकार हैं:
  - **mBridge परियोजना:** यह एक सीमापार भुगतान प्रणाली है जो CBDC (Central Bank Digital Currency) के उपयोग से संचालित होती है। इसे चीन और थाईलैंड का समर्थन प्राप्त है। हाल की रिपोर्टों के अनुसार, अमेरिकी दबाव के चलते BIS (Bank for International Settlements) ने इस परियोजना से अपना समर्थन वापस ले लिया है।
  - **BRICS+ पहलें:** BRICS Bridge और BRICS Clear जैसी प्रस्तावित वित्तीय प्रणालियाँ BRICS+ देशों के बीच भुगतान और निपटान प्रणाली स्थापित करने की दिशा में प्रयासरत हैं, ताकि डॉलर-आधारित प्रणाली पर निर्भरता कम की जा सके।
  - **पेट्रो-युआन बाज़ार:** शंघाई इंटरनेशनल एनर्जी एक्सचेंज और सऊदी अरब व संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों द्वारा गैर-डॉलर में बढ़ते तेल व्यापार से पेट्रो-युआन को अमेरिकी डॉलर के विकल्प के रूप में बढ़ावा मिल रहा है।
  - **BRICS मुद्रा:** वर्ष 2024 BRICS शिखर सम्मेलन में एक नई निपटान मुद्रा "Unit" का प्रस्ताव रखा गया, जो 40% सोने और 60% स्थानीय मुद्राओं द्वारा समर्थित होगी। इसका उद्देश्य अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता को कम करना है।
- **अतः विकल्प B सही है।**

21.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**किसान उत्पादक संगठन (FPO):**

- FPO किसानों से बना एक उत्पादक संगठन (PO) है, जिसके प्रचार में **लघु कृषक कृषि व्यवसाय संघ (SFAC) सहयोग करता है। अतः कथन 1 सही है।**
- भारत में, FPO को **कंपनी अधिनियम, 1956** और 2013, सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 अथवा भारतीय ट्रस्ट अधिनियम, 1882 के तहत पंजीकृत किया जा सकता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

22.

उत्तर: B

व्याख्या:

**ट्रांसशिपमेंट पोर्ट:**

- ट्रांसशिपमेंट पोर्ट वह होता है जहाँ बड़े मालवाहक पोत (mother ships), जो अधिक माल और गहरे जल (deep draught) में चलने की क्षमता रखते हैं, कुछ चुनिंदा, मज़बूत बुनियादी ढाँचे और तकनीकी रूप से सक्षम बंदरगाहों पर आते हैं। वहाँ वे अपने आयात कंटेनरों को उतारते हैं या निर्यात कंटेनरों को लादते हैं।
- डॉटर वेसेल्स (छोटे जहाज़) छोटे बंदरगाहों से निर्यात माल को ट्रांसशिपमेंट पोर्ट तक लाते हैं ताकि उसे वहाँ से मदर वेसेल्स द्वारा आगे भेजा जा सके। इसी तरह, मदर वेसेल्स द्वारा उतारे गये आयात कंटेनरों को डॉटर वेसेल्स विभिन्न गंतव्यों तक पहुँचाते हैं।
- गेटवे पोर्ट वह होता है जो अपने प्राथमिक, द्वितीयक और तृतीयक आंतरिक क्षेत्रों (हिन्टरलैंड) से निर्यात माल प्राप्त करता है और अपने हिन्टरलैंड के भीतर विभिन्न गंतव्यों तक आयात माल का वितरण करता है।
- एक प्रतिस्पर्द्धी पोर्ट सेवा बाज़ार में, गेटवे पोर्ट बेहतर ढंग से टिक सकते हैं क्योंकि वे अपने हिन्टरलैंड से उत्पन्न मालवाहक यातायात पर निर्भर करते हैं। इसके विपरीत, ट्रांसशिपमेंट पोर्ट को मुख्य रूप से बाह्य आपूर्ति स्रोतों पर निर्भर रहना पड़ता है।
- **अत: विकल्प B सही है।**

23.

उत्तर: C

व्याख्या:

**निजी सदस्यों के विधेयक:**

- वे सांसद (MPs) जो मंत्री नहीं होते, ऐसे गैर-सरकारी सदस्यों द्वारा प्रस्तावित विधेयक (Private Member's Bills) होते हैं, जो उन्हें अपने निर्वाचन क्षेत्र के महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर कानून या संशोधन पेश करने की अनुमति देते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- सांसदों को इन विधेयकों का मसौदा तैयार कर कम-से-कम एक माह पूर्व सूचना के साथ प्रस्तुत करना चाहिये। **अत: कथन 2 सही है।**
- 'ट्रांसजेंडर व्यक्तियों का अधिकार विधेयक, 2014' 45 वर्षों में राज्यसभा द्वारा पारित किया गया पहला गैर-सरकारी विधेयक बना, हालाँकि यह लोकसभा में बिना चर्चा के ही समाप्त हो गया।
- **अत: कथन 3 भी सही है।**

24.

उत्तर: B

व्याख्या:

- भारतीय संविधान, **भाग XVIII (अनुच्छेद 352 से 360)** के तहत, तीन प्रकार की आपात स्थितियों का प्रावधान करता है: **राष्ट्रीय आपातकाल (अनुच्छेद 352), राष्ट्रपति शासन (अनुच्छेद 356), और वित्तीय आपातकाल (अनुच्छेद 360)। अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- राष्ट्रपति शासन की घोषणा को **संसद के दोनों सदनों द्वारा दो महीने के भीतर अनुमोदित** किया जाना चाहिये। **अत: कथन 2 सही है।**
- राष्ट्रपति शासन **प्रारम्भ में छह महीने के लिये लगाया जाता है तथा इसे तीन वर्षों तक बढ़ाया** जा सकता है।
    - एक वर्ष से अधिक के लिये विस्तार हेतु अनुच्छेद 352 के अंतर्गत राष्ट्रीय आपातकाल अथवा निर्वाचन आयोग से प्रमाणीकरण की आवश्यकता होती है कि राज्य में चुनाव नहीं कराए जा सकते।
- **अनुच्छेद 355** में कहा गया है कि केंद्र सरकार को प्रत्येक राज्य की **बाह्य आक्रमण और आंतरिक आशांति से रक्षा** करनी चाहिये एवं संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार शासन सुनिश्चित करना चाहिये। **अत: कथन 3 सही है।**

25.

उत्तर: A

व्याख्या:

**क्रिटिकल खनिज:**

- सरकार ने क्रिटिकल खनिज क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के उद्देश्य से एक सुदृढ़ ढाँचा स्थापित करने हेतु वर्ष 2025 में **राष्ट्रीय क्रिटिकल खनिज मिशन (NCMM)** शुरू किया। **अत: कथन I सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- संपूर्ण-सरकार के दृष्टिकोण को अपनाते हुए, यह मिशन अपने उद्देश्यों को हासिल करने के लिए संबंधित मंत्रालयों, सार्वजनिक उपक्रमों (PSU), निजी कंपनियों और अनुसंधान संस्थानों के साथ मिलकर काम करेगा।
- क्रिटिकल खनिज किसी देश के आर्थिक विकास और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिये आवश्यक हैं, और कुछ **भौगोलिक स्थानों में उनका संकेंद्रण** अथवा **उपलब्धता की कमी** से आपूर्ति शृंखला में व्यवधान उत्पन्न हो सकता है। अतः कथन II सही है।
- **खान मंत्रालय के तहत भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (GSI)** क्रिटिकल खनिजों के अन्वेषण कार्य के लिये संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क वर्गीकरण (UNFC) और खनिज (खनिज सामग्री के साक्ष्य) (MEMC) नियम, 2015 का पालन करता है।
- **अतः विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन I का सही स्पष्टीकरण है।**

**26.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**शून्यकाल:**

- शून्यकाल की शुरुआत प्रारंभिक भारतीय संसद में हुई जब **सांसदों** द्वारा दोपहर के भोजन के अवकाश से पहले अनौपचारिक रूप से निर्वाचन क्षेत्र और राष्ट्रीय चिंताओं पर चर्चा की जाती है जो दोपहर 12 बजे के आसपास शुरू होता था और स्थगन तक जारी रहता था।
  - इसके परिणामस्वरूप उस **अवधि को लोकप्रिय रूप से शून्यकाल के रूप में जाना जाने लगा** और इस दौरान उठाए जाने वाले मुद्दों को शून्यकाल के प्रस्तुतीकरण के रूप में जाना जाने लगा।
- शून्यकाल एक भारतीय संसदीय नवाचार है। इसका **उल्लेख** संविधान में नहीं है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- शून्यकाल, प्रश्नकाल और दिन के कार्यक्रम की शुरुआत के बीच के अंतराल को दर्शाता है। यह प्रश्नकाल के ठीक बाद शुरू होता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इसके अंतर्गत संसद सदस्य (सांसद) बिना किसी पूर्व सूचना की आवश्यकता के संबंधित मामले प्रस्तुत कर सकते हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**27.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**लोक लेखा समिति (PAC):**

- PAC भारत सरकार के **राजस्व और व्यय का अंकेक्षण करने हेतु भारत की संसद द्वारा गठित चयनित संसद सदस्यों की एक समिति है।**
- PAC का गठन वर्ष 1921 में हुआ था, जिसका उल्लेख पहली बार भारत शासन अधिनियम, 1919 में किया गया था, जिसे **मोंटफोर्ड सुधार** भी कहा जाता है।
- इसका गठन **प्रत्येक वर्ष** लोकसभा के प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमों के नियम 308 के अंतर्गत किया जाता है।
- वर्तमान में इसमें 22 सदस्य हैं (लोकसभा अध्यक्ष द्वारा निर्वाचित 15 सदस्य तथा राज्यसभा के सभापति द्वारा निर्वाचित 7 सदस्य) तथा इनका कार्यकाल केवल 1 वर्ष का होता है।
- समिति के अध्यक्ष की नियुक्ति **लोकसभा अध्यक्ष** द्वारा की जाती है।
- **अतः विकल्प B सही है।**

**28.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**यूक्रेन:**

- यूक्रेन **पूर्वी यूरोप** में स्थित है और रूस के बाद महाद्वीप का दूसरा सबसे बड़ा देश है।
  - यूक्रेन की सीमा **सात अन्य देशों** से लगती है जिनमें पोलैंड, स्लोवाकिया, हंगरी, रोमानिया, मोल्दोवा, रूस और बेलारूस शामिल हैं।
- यूक्रेन की राजधानी कीव, देश के उत्तर-मध्य भाग में **नीपर नदी** पर स्थित है।

**दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें**

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME




- **अत: विकल्प D सही है।**

29.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- GDP की गणना करने के लिये सबसे व्यापक रूप से प्रयोग की जाने वाली विधियों में से एक **उत्पादन दृष्टिकोण है,** जो तीन क्षेत्रों में उत्पादन के प्रत्येक चरण में जोड़े गए मूल्य को जोड़कर **सकल घरेलू उत्पाद (GDP) का अनुमान लगाता है** : प्राथमिक (कृषि और संबद्ध गतिविधियाँ), द्वितीयक (उद्योग और विनिर्माण) और तृतीयक (सेवाएँ)। **अत: कथन 1 सही है।**
- **इनमें से प्रत्येक क्षेत्र द्वारा योगदान किये गए मूल्य को सकल मूल्य वर्धन (GVA)** कहा जाता है और इस दृष्टिकोण के माध्यम से GDP को **इन क्षेत्रीय योगदानों के योग के रूप में प्राप्त किया जाता है,** जिसे उत्पादों पर करों एवं सब्सिडी के शुद्ध प्रभाव से समायोजित किया जाता है।
  - भारत में, **केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय (CSO)** राष्ट्रीय स्तर पर इस उत्पादन दृष्टिकोण को अपनाता है। **अत: कथन 2 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025
SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025
SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स
SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप
SCAN ME

30.

उत्तर: C

व्याख्या:

- 1910 के दशक में ही शुरू की गई **भाखड़ा-नांगल परियोजना** स्वतंत्रता के बाद की सबसे प्रारंभिक नदी घाटी विकास परियोजनाओं में से एक है।
- इसमें **सतलुज नदी** पर **दो अलग-अलग लेकिन पूरक बाँध शामिल हैं :** हिमाचल प्रदेश में भाखड़ा डैम, और पंजाब में लगभग 10 किमी नीचे की ओर स्थित नांगल डैम।
- **भाखड़ा डैम** सतलुज नदी पर बना एक कंक्रीट बाँध है और यह उत्तरी भारत में पंजाब एवं हिमाचल प्रदेश की सीमा के पास है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - भाखड़ा डैम, टिहरी बाँध के बाद **भारत का दूसरा सबसे ऊँचा डैम है। अतः कथन 2 सही है।**
- भाखड़ा डैम के नीचे स्थित नांगल डैम को अक्सर सामूहिक रूप से भाखड़ा-नांगल डैम के रूप में संदर्भित किया जाता है, हालाँकि दोनों अलग-अलग संरचनाएँ हैं। **अतः कथन 3 सही है।**




31.

उत्तर: B

व्याख्या:

अनुच्छेद 142:

- अनुच्छेद 142 **सर्वोच्च न्यायालय को** अपने समक्ष लंबित किसी मामले में पूर्ण न्याय करने के लिये आवश्यक कोई भी डिक्री या आदेश पारित करने का अधिकार देता है।
- ये आदेश पूरे भारत में लागू होते हैं, जिससे ये न्यायिक हस्तक्षेप के लिये महत्त्वपूर्ण उपकरण बन जाते हैं।
- अनुच्छेद 142 सर्वोच्च न्यायालय को सभी संबंधित पक्षों के लिये न्याय सुनिश्चित करने के लिये **मौजूदा कानूनों या विधानों की सीमाओं से परे जाने की अनुमति देता है।**
- यह न्यायालय को आवश्यकता पड़ने पर कार्यकारी और विधायी भूमिकाओं सहित न्यायनिर्णयन से परे अन्य कार्य करने में सक्षम बनाता है।
- **अतः विकल्प B सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**32.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **दिवालियापन** एक ऐसी स्थिति है जहाँ किसी व्यक्ति या संगठन की देनदारियाँ **उसकी परिसंपत्तियों से अधिक हो जाती हैं** और वह संस्था अपने दायित्वों या ऋणों को पूरा करने के लिये पर्याप्त नकदी जुटाने में असमर्थ होती है क्योंकि वे भुगतान के लिये देय हो जाते हैं। **अत: कथन I सही है।**
- **दिवालियापन** तब होता है जब किसी व्यक्ति या कंपनी को कानूनी रूप से अपने देय और भुगतान योग्य बिलों का भुगतान करने में **असमर्थ घोषित कर दिया जाता है।**
- दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता (संशोधन) अधिनियम, 2021, दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016 में संशोधन करता है।
    - इस संशोधन का उद्देश्य IBC, 2016 के तहत सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (MSMEs) के रूप में वर्गीकृत कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिये एक कुशल वैकल्पिक दिवालियापन समाधान ढाँचा प्रदान करना है। **अत: कथन II सही है।**
    - इसका उद्देश्य सभी हितधारकों के लिये त्वरित, लागत प्रभावी और मूल्य-अधिकतम परिणाम सुनिश्चित करना है।
- **अत: विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन I की सही व्याख्या नहीं है।**

**33.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (GAI):**

- GAI, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) की तेज़ी से विकसित हो रही शाखा है जो डेटा से प्राप्त पैटर्न और नियमों के आधार पर **नई सामग्री** (जैसे चित्र, ऑडियो, पाठ, आदि) का सर्जन करने पर केंद्रित है।
- **अनुप्रयोग:**
    - **कला और सृजनात्मकता:** इसका उपयोग **कला के अद्वितीय और अभिनव कार्यों** को सृजित करने हेतु किया जा सकता है जो कलाकारों एवं रचनाकारों को नए विचारों का पता लगाने तथा पारंपरिक कला रूपों की सीमाओं को आगे बढ़ाने में मदद करते हैं।
    - **कंप्यूटर ग्राफिक्स:** यह **नए 3D मॉडल**, एनिमेशन और विशेष प्रभाव उत्पन्न कर सकता है, जिससे फिल्म स्टूडियो तथा गेम डेवलपर्स को अधिक यथार्थवादी एवं आकर्षक अनुभव करने में मदद मिलती है।
    - **स्वास्थ्य देखभाल: नई चिकित्सा इमेज और सिमुलेशन** उत्पन्न करके चिकित्सा निदान एवं उपचार की सटीकता तथा दक्षता में सुधार करना।
    - **विनिर्माण और रोबोटिक्स:** यह **विनिर्माण प्रक्रियाओं को अनुकूलित करने** तथा इन प्रक्रियाओं की दक्षता एवं गुणवत्ता में सुधार करने में मदद कर सकता है।
- **अत: विकल्प D सही है।**

**34.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**ओपन मार्केट ऑपरेशंस (OMO):**

- OMO, **RBI द्वारा बाज़ार से/बाज़ार में सरकारी प्रतिभूतियों के क्रय/विक्रय के माध्यम से संचालित बाज़ार परिचालन हैं,** जिसका उद्देश्य बाजार में रुपए की तरलता की स्थिति को टिकाऊ आधार पर समायोजित करना है।
- यदि अत्यधिक चलनिधि होती है, तो RBI **प्रतिभूतियों के विक्रय** के माध्यम से और रुपए की अतिरिक्त तरलता का अवशोषण कर लेता है।
- इसी प्रकार, **चलनिधि की स्थिति प्रभावित होने पर RBI** बाज़ार से प्रतिभूतियाँ का क्रय करता है, जिससे बाज़ार में चलनिधि जारी होती है।
- यह मात्रात्मक (धन की कुल मात्रा को विनियमित अथवा नियंत्रित करने के लिये) मौद्रिक नीति साधनों में से है, जिसका उपयोग किसी देश के केंद्रीय बैंक द्वारा अर्थव्यवस्था में धन की आपूर्ति को नियंत्रित करने के लिये किया जाता है।
- **अत: विकल्प A सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

35.

उत्तर: A

व्याख्या:

**हरित क्रांति:**

- हरित क्रांति से **अनाज उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि** हुई, जिससे भारत विश्व के सबसे बड़े कृषि उत्पादकों में से एक बन गया। **अत: कथन I सही है।**
  - हरित क्रांति एक प्रमुख पहल थी जिसका **उद्देश्य भारत में खाद्य फसलों, विशेष रूप से गेहूँ और चावल के उत्पादन और गुणवत्ता को बढ़ाना था,** इसके लिये नई प्रौद्योगिकियों, जैसे अधिउत्पादक किस्मों के बीज, उर्वरक, कीटनाशक, सिंचाई और मशीनीकरण को अपनाया गया।
- **हरित क्रांति** से भारत में चावल-गेहूँ की गहन फसल पद्धति को बढ़ावा मिला, जो सहायक कृषि-जलवायु परिस्थितियों, संसाधनों की उपलब्धता, सरकारी सब्सिडी और सुनिश्चित धान खरीद से प्रेरित थी। **अत: कथन II सही है।**
- **अत: विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन I का सही स्पष्टीकरण है।**

36.

उत्तर: B

व्याख्या:

**जनगणना:**

- भारत की **पहली समकालिक जनगणना** वर्ष 1881 में भारत के तत्कालीन जनगणना आयुक्त डब्ल्यू.सी. प्लॉडेन के अधीन हुई थी। **अत: कथन 1 सही है।**
- जनगणना **गृह मंत्रालय** द्वारा भारत के महापंजीयक और जनगणना आयुक्त के माध्यम से की जाती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- जनगणना अधिनियम, 1948 के अंतर्गत इसका विधिक ढाँचा प्रदान किया गया है, लेकिन **एक निश्चित आवृत्ति को अनिवार्य नहीं किया गया है** और प्रत्येक दस वर्ष का अंतराल संवैधानिक दायित्व नहीं अपितु एक परंपरा है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

37.

उत्तर: D

व्याख्या:

**सहकारिता:**

- सहकारी समितियाँ **जन-केंद्रित उद्यम** हैं जिनका स्वामित्व, नियंत्रण और संचालन उनके सदस्यों द्वारा किया जाता है और ताकि उनकी सामान्य आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक आवश्यकताओं और आकांक्षाओं को पूरा किया जा सके। **अत: कथन 1 सही है।**
- **भारतीय अकाल आयोग (वर्ष 1901)** ने वर्ष 1904 में पहला सहकारी ऋण समिति अधिनियम लागू किया, जिसके बाद (संशोधित) सहकारी समिति अधिनियम, 1912 बनाया गया। **अत: कथन 2 सही है।**
- नीति आयोग की वर्ष 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत विश्व के सबसे बड़े सहकारी आंदोलनों में से एक है, देश में लगभग 8.5 लाख सहकारी समितियाँ हैं, जिनमें से केवल महिला सहकारी समितियों की हिस्सेदारी 2.52% है।
- संयुक्त राष्ट्र ने वर्ष 2025 को **अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष** घोषित किया है, जिसका विषय है "सहकारिता एक बेहतर विश्व का निर्माण करती है"। **अत: कथन 3 सही है।**

38.

उत्तर: B

व्याख्या:

**वित्त आयोग (FC):**

- वित्तीय परिषदें संवैधानिक निकाय हैं, जिनकी स्थापना **संविधान के अनुच्छेद 280 के तहत** प्रत्येक पाँच वर्ष में संघ और राज्यों के बीच वित्तीय संसाधनों के वितरण पर सिफारिशें करने के लिये की जाती है।
- वित्तीय आयुक्त **भारत के राजकोषीय संघवाद और विकास की दिशा** तय करने में अहम भूमिका निभाते हैं। वे पाँच वर्ष की अवधि के लिये संघ और राज्यों के बीच तथा राज्यों के बीच वित्तीय संसाधनों के वितरण के बारे में सिफारिशें करते हैं।
- वित्तीय आयोग **सार्वजनिक वित्त, शासन और विकास से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर मार्गदर्शन और सलाह** भी प्रदान करता हैं, जैसे राजकोषीय समेकन, ऋण प्रबंधन, स्थानीय निकाय, आपदा राहत, स्वास्थ्य, शिक्षा, न्याय वितरण, सांख्यिकीय प्रणाली आदि।
- **अत: विकल्प B सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

39.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**बाजरा:**

- बाजरा एक **मज़बूत, जल-कुशल फसल** है जो बंज़र मृदा में भी उगती है तथा फाइबर, प्रोटीन, विटामिन और खनिजों से भरपूर होती है। **अत: कथन 1 सही है।**
    - भारत में **बाजरे के दो समूह उगाए जाते हैं,** जिनमें प्रमुख बाजरा हैं - ज्वार, मोती बाजरा, तथा रागी, तथा गौण बाजरा हैं - फॉक्सटेल, छोटा बाजरा, तथा बार्नयार्ड बाजरा। **अत: कथन 2 सही है।**
- **संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO)** ने वर्ष 2023 को अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष घोषित किया है। **अत: कथन 3 सही है।**

40.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**रेपो दर:**

- रेपो दर (पुनर्खरीद समझौता दर) वह ब्याज़ दर है जिस पर वाणिज्यिक बैंक केंद्रीय बैंक से पैसा ऋण लेते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह बैंकों को बाद में उच्च मूल्य पर पुनर्खरीद करने के समझौते के साथ **प्रतिभूतियों का विक्रय कर धन ऋण लेने की अनुमति** देता है, जिससे अल्पकालिक तरलता आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद मिलती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- रेपो दर में कटौती से ब्याज़ दरें कम होती हैं, ऋण सस्ते होते हैं, EMI कम होती है और ऋण लेने और खर्च करने में वृद्धि होती है। **अत: कथन 3 सही है।**

41.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**जनगणना:**

- जाति के संबंध में आखिरी विस्तृत जानकारी वर्ष 1931 की जनगणना में दर्ज की गई थी। हालाँकि वर्ष 1941 की जनगणना में भी जाति संबंधी जानकारी एकत्र की गई थी, लेकिन द्वितीय विश्व युद्ध शुरू होने के कारण इसे प्रकाशित नहीं किया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
    - वर्ष 1951 से भारत की जनगणना में अनुसूचित जाति (SC) और अनुसूचित जनजाति (ST) के आँकड़े शामिल किये जाते रहे हैं, लेकिन अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) के जातिगत आँकड़े काफी हद तक अनुपस्थित रहे हैं।
- **प्रधानमंत्री की अध्यक्षता** में राजनीतिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति ने आगामी जनगणना में जाति गणना को शामिल करने को मंजूरी दे दी है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

42.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**संधि कानून पर वियना कन्वेंशन, 1969 (VCLT):**

- यह **कन्वेंशन राज्यों के बीच संधियों** पर लागू होता है, जिन्हें एक या अधिक संबंधित दस्तावेज़ों में अंतर्राष्ट्रीय कानून द्वारा शासित लिखित अंतर्राष्ट्रीय समझौतों के रूप में परिभाषित किया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारत ने VCLT की पुष्टि नहीं की है, फिर भी जो देश इसकी पुष्टि नहीं करते, वे भी सामान्यत: इसके प्रावधानों का व्यवहार में पालन करते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
    - VCLT के कई नियमों को प्रथागत अंतर्राष्ट्रीय कानून माना जाता है, जिसका अर्थ है कि वे व्यापक रूप से मान्यता प्राप्त हैं और राष्ट्रों द्वारा उनका पालन किया जाता है, भले ही उन्होंने औपचारिक रूप से कन्वेंशन की पुष्टि की हो या नहीं।

43.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**विझिंजम अंतर्राष्ट्रीय बंदरगाह:**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने **केरल** में विझिंजम अंतर्राष्ट्रीय बंदरगाह (VIS) का उद्घाटन किया, जो भारत के समुद्री बुनियादी ढाँचे में एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि है।
- यह **भारत का पहला गहरे जल का ट्रांसशिपमेंट पोर्ट** है, जिसे कंटेनर और बहुउद्देश्यीय कार्गो के लिये डिज़ाइन किया गया है।
- बंदरगाह का विकास **सार्वजनिक-निजी भागीदारी (PPP)** के तहत डिजाइन, निर्माण, वित्त, संचालन और हस्तांतरण (DBFOT) के आधार पर किया गया है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें


UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- यूरोप, फारस की खाड़ी और सुदूर पूर्व को जोड़ने वाले प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय शिपिंग मार्गों से केवल 10 समुद्री मील की दूरी पर स्थित VIS, बड़े जहाज़ों (18 से 20 मीटर की गहराई) के लिये पहुँच को बढ़ाता है।
- यह **भारत का पहला अर्द्ध-स्वचालित बंदरगाह**, AI-संचालित नियंत्रण कक्ष और देश की पहली स्वदेशी पोत यातायात प्रबंधन प्रणाली (VTMS) से सुसज्जित है।
    - यह जहाज़ के वापसी समय को कम करता है, यातायात प्रवाह को अनुकूल बनाता है, तथा वास्तविक समय अपडेट के साथ बड़े जहाज़ों की क्षमता को बढ़ाता है।
- इस बंदरगाह का उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय सुविधाओं पर भारत की निर्भरता को कम करना है, क्योंकि वर्तमान में 75% ट्रांसशिपमेंट कार्गो का संचालन विदेशों में किया जाता है।




- **अत: विकल्प B सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

44.

उत्तर: C

व्याख्या:

**ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट:**

- ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट (GPU) एक विशिष्ट प्रोसेसर है जिसे मूल रूप से ग्राफिक्स रेंडरिंग को तेज़ी से संसाधित करने के लिये डिज़ाइन किया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- GPU एक साथ कई डेटा को संसाधित कर सकता है, जिससे यह मशीन लर्निंग, वीडियो संपादन और गेमिंग अनुप्रयोगों के लिये उपयोगी बनता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- बेंगलुरु आधारित स्टार्टअप सर्वम भारत का पहला AI लार्ज लैंग्वेज मॉडल विकसित कर रहा है और उसे इंडिया AI मिशन के तहत छह महीने के लिये 4,000 GPU प्रदान किये जाएंगे। **अतः कथन 3 सही है।**
    - सरकार एक उच्च-स्तरीय कम्प्यूटिंग केंद्र भी स्थापित कर रही है जिसमें 18,693 ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट (GPU) होंगे, जो दीपसीक से लगभग 9 गुना अधिक और चैटजीपीटी की क्षमता का दो तिहाई हैं।

45.

उत्तर: B

व्याख्या:

**स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टर (SMR):**

- SMR **उन्नत परमाणु रिएक्टर** हैं जिनकी क्षमता 300 मेगावाट (ई) होती है, जो परंपरागत रिएक्टरों का लगभग एक तिहाई है। **अतः कथन 1 सही है।**
- ये **कॉम्पैक्ट, कारखाने में समन्वायोजित** हैं और संस्थापना के लिये इनका परिवहन किया जा सकता है, जिससे ये दूरदराज़ अथवा ऐसे क्षेत्रों जहाँ सीमित स्थान होता है, के लिये उपयुक्त हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- परंपरागत संयंत्रों में 1 से 2 वर्ष की पुनःईंधनन की आवश्यकता की तुलना में इन मॉड्यूलर रिएक्टरों में इसकी आवश्यकता **3 से 7 वर्ष** में होती है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
- इसे आसानी से विविध विद्युत प्रणालियों में एकीकृत किया जा सकता है तथा इसे दूरदराज के क्षेत्रों अथवा नगरीय ग्रिडों के लिये भी उपयुक्त बनाया जा सकता है।

46.

उत्तर: D

व्याख्या:

**निवारक निरोध:**

- निवारक निरोध को अधिकृत करने वाली विधि भारत में **ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन (1818)** के समय से ही अस्तित्व में हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- निवारक निरोध का तात्पर्य किसी व्यक्ति को न्यायालय द्वारा बिना किसी विचारण और दोषसिद्धि के अभिरक्षा में लेने से है। इसका उद्देश्य किसी व्यक्ति को पूर्व में कारित अपराध के लिये दंडित करना नहीं अपितु निकट भविष्य में कोई अपराध करने से रोकना है।
- किसी व्यक्ति को **तीन मास से अधिक** अवधि के लिये तब तक निरुद्ध नहीं किया जा सकता, जब तक कि सलाहकार बोर्ड के पास इस अवधि में विस्तार करने का पर्याप्त कारण न हो।
- अनुच्छेद 22 के अंतर्गत **गिरफ्तार** किये गए अथवा **अभिरक्षा में लिये गए व्यक्तियों की संरक्षा का प्रावधान** किया गया है, जिसके दो भाग क्रमशः सामान्य विधि और निवारक निरोध विधि के अंतर्गत आने वाले मामलों से संबंधित हैं।
    - इस अनुच्छेद में **निवारक निरोध विधि** के लिये ऐसे सलाहकार बोर्ड की स्थापना को अनिवार्य किया गया है जो उच्च न्यायालय के न्यायाधीश नियुक्त होने के अर्हित न्यायधीशों से मिलकर बना हो। **अतः कथन 2 सही है।**

47.

उत्तर: C

व्याख्या:

- भारत सरकार अधिनियम, 1935 द्वारा संघीय ढाँचे का निर्माण होने के साथ शिक्षा को प्रांतीय सूची में रखा गया। **अतः कथन 1 सही है।**
- स्वतंत्रता के बाद के भारत में शिक्षा राज्य का विषय बनी रही।
- हालाँकि, आपातकाल के दौरान, **स्वर्ण सिंह समिति** ने शिक्षा को समवर्ती सूची में ले जाने की सिफारिश की, जिसे 1976 में 42 वें संविधान संशोधन अधिनियम के माध्यम से लागू किया गया। **अतः कथन 2 सही है।**
- 44वाँ संविधान संशोधन अधिनियम, 1978, कुछ हद तक परिवर्तनों को सही करने का एक प्रयास था।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

48.

उत्तर: C

व्याख्या:

हाइड्रोजन:

- **ब्रह्मांड के द्रव्यमान का लगभग 75% हाइड्रोजन है,** लेकिन पृथ्वी के वायुमंडल का केवल 0.5-1.0 ppm (प्रति मिलियन भाग) है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **प्राकृतिक हाइड्रोजन,** जिसे भूगर्भिक हाइड्रोजन या श्वेत हाइड्रोजन भी कहा जाता है, हाइड्रोजन गैस ($H_2$) को संदर्भित करता है जो पृथ्वी की पर्पटी में प्राकृतिक रूप से उत्पन्न और संग्रहीत होती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- भारत की विविध भूवैज्ञानिक संरचनाएँ, जिनमें **अल्ट्रामैफिक और मैफिक चट्टानें,** ओपियोलाइट बेल्ट शामिल हैं, प्राकृतिक हाइड्रोजन उत्पादन की महत्त्वपूर्ण क्षमता का संकेत देती हैं। **अत: कथन 3 सही है।**


49.

उत्तर: A

व्याख्या:

गाज़ा पट्टी:

- यह **पूर्वी भूमध्यसागरीय बेसिन में स्थित है।**
- इसकी सीमा दक्षिण-पश्चिम में मिस्र, उत्तर और पूर्व में इज़राइल तथा **पश्चिम में भूमध्य सागर से लगती है।**
- यह विश्व के **सबसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों में से एक है, जहाँ एक छोटे से क्षेत्र में 2 मिलियन से अधिक लोग रहते हैं, जिसे अक्सर "खुली हवा वाली जेल" कहा जाता है।**




- अत: विकल्प A सही है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

50.

उत्तर: D

व्याख्या:

**इस्लामिक सहयोग संगठन:**

- इस्लामिक सहयोग संगठन (OIC) संयुक्त राष्ट्र के बाद **दूसरा सबसे बड़ा संगठन है, जिसके सदस्य चार महाद्वीपों के 57 देश हैं।**
- **संगठन की स्थापना ऐतिहासिक शिखर सम्मेलन के निर्णय के आधार पर की गई थी, जो यरुशलम में अल-अक्सा मस्जिद** में आपराधिक आगजनी के बाद 25 सितंबर, 1969 को मोरक्को के रबात में हुआ था।
- सदस्य देशों में **अफगानिस्तान, अल्जीरिया, बांग्लादेश,** ब्रुनेई दारुस्सलाम, बुर्किना फासो, जिबूती, मिस्र, गैबॉन, गाम्बिया, गिनी, इंडोनेशिया, **ईरान**, इराक, जॉर्डन, मोरक्को, मोज़ाम्बिक, नाइज़र, नाइज़ीरिया, ओमान, पाकिस्तान, फिलिस्तीन, कतर, **सऊदी अरब**, सेनेगल, सोमालिया, सूडान, सीरिया, ताजिकिस्तान, तुर्की, ट्यूनीशिया, तुर्कमेनिस्तान, संयुक्त अरब अमीरात, उज्बेकिस्तान, यमन और अन्य शामिल हैं।
- **अत: विकल्प D सही है।**

51.

उत्तर: B

व्याख्या:

**संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC):**

- संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, जो वर्ष 1945 में संयुक्त राष्ट्र चार्टर के तहत गठित की गई थी, संयुक्त राष्ट्र के छह मुख्य अंगों में से एक है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसमें 5 स्थायी और 10 अस्थायी सदस्य होते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- भारत की सुरक्षा परिषद में भागीदारी वर्ष 1950-51, 1967-68, 1972-73, 1977-78, 1984-85, 1991-92, 2011-12 और 2021-22 के दौरान अस्थायी सदस्य के रूप में रही है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

52.

उत्तर: A

व्याख्या:

**ऑपरेशन सिंदूर:**

- ऑपरेशन सिंदूर एक **समन्वित और सटीक सैन्य कार्रवाई** थी, जिसे भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा 7 मई, 2025 को पहलगाम आतंकी हमले के प्रतिशोध में शुरू किया गया था।
- यह अभियान **सेना, नौसेना और वायुसेना के संयुक्त प्रयासों** से भारतीय क्षेत्र से संचालित किया गया।
- पूर्ववर्ती अभियानों के विपरीत, जिनके नाम आक्रामक शक्ति प्रदर्शन के लिये चुने जाते थे, इस अभियान का नाम विशेष रूप से पीड़ितों, विशेषकर पहलगाम हमले में शहीद हुए सैनिकों की विधवाओं को एक व्यक्तिगत श्रद्धांजलि स्वरूप चुना गया था।
- **अत: विकल्प A सही है।**

53.

उत्तर: C

व्याख्या:

**इथेनॉल सम्मिश्रण:**

- इथेनॉल सम्मिश्रण (Ethanol Blending) पौधों से प्राप्त होने वाले जैव ईंधन (बायोफ्यूल) इथेनॉल को पेट्रोल के साथ मिलाकर एक अधिक सतत् और कम प्रदूषण फैलाने वाले ईंधन के निर्माण की प्रक्रिया को कहते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारत ने शुरुआत में वर्ष 2022 तक 10% इथेनॉल सम्मिश्रण का लक्ष्य रखा था, जिसे समय से पहले प्राप्त कर लिया गया। इसके बाद, वर्ष 2025 तक 20% इथेनॉल सम्मिश्रण (E20) का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया गया है। **अत: कथन 2 सही है।**

54.

उत्तर: B

व्याख्या:

**भारतीय दिवाला एवं शोधन अक्षमता बोर्ड (IBBI):**

- IBBI, 2016 भारत का दिवालिया एवं शोधन संबंधी कानून है जो कॉर्पोरेट व्यक्तियों, साझेदारी फर्मों और व्यक्तियों के दिवालियापन और शोधन अक्षमता से संबंधित मौजूदा कानूनों को समेकित और संशोधित करता है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- इसे दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016 के तहत स्थापित किया गया है और यह भारत में व्यवसायों और व्यक्तियों के लिये दिवालिया और शोधन अक्षमता संबंधी समाधानों की निगरानी करने वाला एक वैधानिक निकाय है। **अतः कथन 1 सही है।**
- IBBI में 10 सदस्य होते हैं, जो वित्त मंत्रालय, कॉर्पोरेट मामलों का मंत्रालय और भारतीय रिज़र्व बैंक का प्रतिनिधित्व करते हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**55.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन (OPEC):**

- पेट्रोलियम निर्यातक देशों का संगठन (OPEC) एक स्थायी, अंतर-सरकारी संगठन है, जिसकी स्थापना 1960 में बगदाद सम्मेलन में ईरान, इराक, कुवैत, सऊदी अरब और वेनेज़ुएला द्वारा की गई थी। **अतः कथन 1 सही है।**
- OPEC का उद्देश्य अपने सदस्य देशों के बीच पेट्रोलियम नीतियों का समन्वय और एकीकरण करना है ताकि उत्पादकों के लिये निष्पक्ष और स्थिर कीमतें सुनिश्चित की जा सकें, उपभोक्ताओं को पेट्रोलियम की सुगम और नियमित आपूर्ति प्रदान की जा सके, और उद्योग से जुड़े लोगों को निवेश पर उचित प्रतिफल प्राप्त हो सके।
- सऊदी अरब समूह के भीतर सबसे बड़ा एकल तेल आपूर्तिकर्त्ता है, जो प्रतिदिन 10 मिलियन बैरल से अधिक उत्पादन करता है, इस संगठन का **मुख्यालय ऑस्ट्रिया के वियना में स्थित** है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**56.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**भारतीय प्रतिस्पर्द्धा आयोग (CCI):**

- यह एक वैधानिक निकाय है, जो प्रतिस्पर्द्धा अधिनियम, 2002 को लागू के लिये उत्तरदायी है। **अतः कथन 1 सही है।**
    - राघवन समिति की सिफारिशों पर **एकाधिकार और प्रतिबंधात्मक व्यापार व्यवहार अधिनियम, 1969 (MRTP अधिनियम)** को निरस्त कर दिया गया और उसके स्थान पर प्रतिस्पर्द्धा अधिनियम, 2002 लागू किया गया।
- इसमें **एक अध्यक्ष और छह सदस्य** होते हैं, जिन्हें केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त किया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इसमें अर्ध-न्यायिक शक्ति होती है, जो वैधानिक प्राधिकरणों को राय प्रदान करती है और अन्य मामलों को संभालती है। **अतः कथन 3 सही है।**

**57.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- भारत और ब्रिटेन ने भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते (FTA) पर हस्ताक्षर किये हैं, जो वैश्विक व्यापार में अस्थिरता और टैरिफ अनिश्चितताओं के बीच दुनिया की 5वीं और 6वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच एक महत्त्वपूर्ण कदम है। **अतः कथन 1 सही है।**
- वर्ष 2024 में, ब्रिटेन भारत का चौथा सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य था, और भारत ब्रिटेन का 11वाँ सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार था। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- भारत और ब्रिटेन ने पेशेवरों को दोनों देशों में सामाजिक सुरक्षा योगदान देने से रोकने के लिये एक डबल कंट्रीब्यूशन कन्वेंशन समझौते पर हस्ताक्षर किये। **अतः कथन 3 सही है।**

**58.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **ऑपरेशन रिडल 1965 में ऑपरेशन जिब्राल्टर और ग्रैंड स्लैम** के कोड नामों के तहत पाकिस्तान द्वारा शुरू किये गए आक्रमण का भारतीय सेना की प्रतिक्रिया थी। **अतः युग्म 1 सही सुमेलित है।**
    - जब **पाकिस्तान ने नियंत्रण रेखा (LOC) का उल्लंघन किया** और जम्मू-कश्मीर में प्रवेश किया, तो भारत ने 6 सितंबर, 1965 को लाहौर और कसूर को निशाना बनाते हुए यह ऑपरेशन शुरू किया। इस ऑपरेशन का पाकिस्तानी सेना पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ा।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- **ऑपरेशन कैक्टस लिली, जिसे** मेघना हेली ब्रिज या मेघना क्रॉसिंग के नाम से भी जाना जाता है, **दिसंबर 1971 में** बांग्लादेश मुक्ति युद्ध के दौरान किया गया एक हवाई अभियान था। **अतः युग्म 2 सही सुमेलित है।**
- भारतीय सेना ने अप्रैल 1984 में सियाचिन पर सामरिक ऊँचाइयों को सुरक्षित करने के लिये सैनिकों की तैनाती के साथ **ऑपरेशन मेघदूत** शुरू किया। **अतः युग्म 3 सही सुमेलित है।**
  - भारतीय वायुसेना ने सामान और सैनिकों को पहुँचाया और हवाई मार्ग से आपूर्ति को उच्च ऊँचाई वाले हवाई अड्डों पर गिराया, जहाँ से MI-17, MI-8, चेतक और चीता हेलीकॉप्टरों ने लोगों और सामग्री को अत्यंत ऊँचाई तक पहुँचाया।
- **अतः विकल्प C सही है।**

**59.**

**उत्तरः C**

**व्याख्याः**

**सूक्ष्म वित्त संस्थान (MFIs):**

- माइक्रोफाइनेंस (सूक्ष्म वित्त) का तात्पर्य वित्तीय सेवाएँ प्रदान करने से है, जिसमें छोटे मूल्य के ऋण शामिल हैं, जो उन परिवारों, छोटे व्यवसायों और उद्यमियों को दिये जाते हैं जिनकी पहुँच औपचारिक बैंकिंग सेवाओं तक नहीं है।
- यह वित्तीय समावेशन का एक प्रभावी उपकरण है, जो वंचित और निम्न-आय वर्ग के समूहों, विशेष रूप से महिलाओं, को सामाजिक समानता और सशक्तीकरण हेतु सक्षम बनाता है।
- ये ऐसी वित्तीय कंपनियाँ हैं जो उन लोगों को सूक्ष्म ऋण प्रदान करती हैं जिनकी बैंकिंग सुविधाओं तक कोई पहुँच नहीं है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) ने माइक्रोफाइनेंस को प्राथमिकता वाले क्षेत्र में शामिल किया है, जिसमें सूक्ष्म वित्त संस्थानों (MFIs) को वित्तीय समावेशन के एक उपकरण के रूप में मान्यता दी गई है। **अतः कथन 2 सही है।**
- भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी-सूक्ष्म वित्त संस्थान (NBFC-MFIs) ढाँचे के माध्यम से भारत में सूक्ष्म वित्त संस्थानों (MFIs) को विनियमित करता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**60.**

**उत्तरः B**

**व्याख्याः**

**CRISPR Cas9 प्रौद्योगिकी:**

- CRISPR-Cas9 एक अभूतपूर्व तकनीक है जो आनुवंशिकीविदों और चिकित्सा शोधकर्त्ताओं को जीनोम के विशिष्ट हिस्सों को संशोधित करने की क्षमता प्रदान करती है। यह डीएनए अनुक्रम के भीतर खंडों को सटीक रूप से हटाकर, जोड़कर या संशोधित करके प्राप्त किया जाता है
- CRISPR-Cas9 प्रणाली में दो महत्त्वपूर्ण घटक होते हैं जो डीएनए में परिवर्तन या उत्परिवर्तन लाते हैं। ये घटक हैं:
  - एक एंजाइम जिसे Cas9 कहा जाता है, जो "आणविक कैंची" की तरह कार्य करता है।
  - Cas9 जीनोम के भीतर एक विशिष्ट स्थान पर डीएनए के दो तारों को काटने की क्षमता रखता है। यह सटीक कटिंग डीएनए के खंडों को जोड़ने या हटाने में सक्षम बनाती है।
- **अतः विकल्प B सही है।**

**61.**

**उत्तरः D**

**एक्सपः**

**होर्मुज़ जलडमरूमध्यः**

- यह जलडमरूमध्य फारस की खाड़ी के मुहाने पर स्थित है और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति के लिये अत्यंत महत्त्वपूर्ण है, जहाँ समुद्र के रास्ते कारोबार होने वाले कुल तेल का लगभग पाँचवाँ हिस्सा गुजरता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह जलमार्ग ईरान और ओमान को अलग करता है और फारस की खाड़ी को ओमान की खाड़ी और अरब सागर से जोड़ता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इस जलडमरूमध्य की सबसे संकरी जगह पर चौड़ाई 33 किलोमीटर है, लेकिन शिपिंग लेन केवल तीन किलोमीटर चौड़ी है, जो दोनों दिशाओं में फैली हुई है।
- सऊदी अरब, ईरान, संयुक्त अरब अमीरात (UAE), कुवैत और इराक से निर्यात होने वाला अधिकांश कच्चा तेल, जो सभी पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन (OPEC) के सदस्य हैं, इसी जलमार्ग से होकर जाता है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025
SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025
SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स
SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप
SCAN ME

- यह मार्ग विश्व के सबसे बड़े तरलीकृत प्राकृतिक गैस (LNG) निर्यातक कतर द्वारा उत्पादित LNG के लगभग पूरे परिवहन के लिये भी उपयोग किया जाता है।




**62.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- यह वैश्विक मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवादी वित्तपोषण पर निगरानी रखने वाली संस्था है, जिसकी स्थापना वर्ष 1989 में पेरिस में विकसित देशों के G-7 सम्मेलन के दौरान हुई थी। **अत: कथन 1 सही है।**
- इंडोनेशिया 2023 से FATF का सदस्य है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- FATF की "ग्रे सूची " में वे देश शामिल होते हैं जिनके मनी लॉन्ड्रिंग रोधी/आतंकवादी वित्तपोषण विरोधी (AML/CFT) ढाँचे में कमजोरियाँ होती हैं। **अत: कथन 3 सही है।**
    - ग्रे सूची से बाहर निकलने के लिये, एक देश को FATF द्वारा सुझाए गए कार्यों को पूरा करना होता है, उदाहरण के लिये, आतंकवादी समूहों से जुड़े व्यक्तियों की संपत्ति जब्त करना।
    - यदि FATF प्रगति से संतुष्ट होता है, तो वह उस देश को सूची से हटा देता है।

**63.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**जैव ईंधन:**

- कोई भी हाइड्रोकार्बन ईंधन जो कार्बनिक पदार्थ (जीवित या जीवित सामग्री) से कम समय (दिनों, सप्ताहों या महीनों में) में उत्पादित किया जाता है, उसे **जैव ईंधन** माना जाता है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025
SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025
SCAN ME
IAS करंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स
SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप
SCAN ME

- प्रथम-पीढ़ी के जैव ईंधन खाद्य स्रोतों जैसे चीनी, स्टार्च, वनस्पति तेल, या पशु वसा से पारंपरिक तकनीक का उपयोग करके उत्पादित किये जाते हैं, जिनमें बायोएल्कोहॉल, बायोडीजल, वनस्पति तेल, बायोईथर्स और बायोगैस शामिल हैं। **अतः युग्म 1 सही सुमेलित है।**
- द्वितीय-पीढ़ी के जैवईंधन गैर-खाद्य फसलों या अखाद्य फसल भागों से थर्मोकेमिकल या बायोकेमिकल प्रक्रियाओं का उपयोग करके बनाए जाते हैं, जैसे सेल्यूलोज एथेनॉल और बायोडीजल। **अतः युग्म 2 सही सुमेलित है।**
- तृतीय-पीढ़ी के जैव ईंधन सूक्ष्मजीवों जैसे शैवाल से उत्पादित किये जाते हैं, जिन्हें गैर-कृषि योग्य भूमि और पानी का उपयोग करके उगाया जा सकता है, जिससे कम होते जल स्रोतों पर दबाव कम होता है। **अतः युग्म 3 सही सुमेलित है।**
- चतुर्थ-पीढ़ी के जैव ईंधन आनुवंशिक रूप से संशोधित फसलों को उगाकर उत्पादित किये जाते हैं जो अधिक मात्रा में कार्बन अवशोषित करते हैं, जिन्हें फिर द्वितीय-पीढ़ी की तकनीकों का उपयोग करके ईंधन में परिवर्तित किया जाता है। **अतः युग्म 4 सही सुमेलित है।**
- **अतः विकल्प D सही है।**

**64.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**जीन संपादन:**

- जीन संपादन एक ऐसी प्रौद्योगिकी है जो किसी जीव के आनुवंशिक पदार्थ (डीएनए या आरएनए) में सटीक संशोधन की अनुमति देती है। **अतः कथन I सही है।**
- जीन संपादन में जीनोम के भीतर विशिष्ट डीएनए अनुक्रमों को जोड़ने, हटाने या बदलने के लिये विशेष उपकरणों का उपयोग शामिल है। **अतः कथन II सही है।**
- CRISPR-Cas9 (क्लस्टर्ड रेगुलरली इंटरस्पेस्ड शॉर्ट पैलिंड्रोमिक रिपीट्स) सबसे व्यापक रूप से इस्तेमाल किया जाने वाला और बहुमुखी जीन संपादन टूल है।
- **अतः विकल्प A सही है, क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन I का सही व्याख्या है।**

**65.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद (NSC) भारत में राष्ट्रीय सुरक्षा प्रबंधन के लिये सर्वोच्च निकाय है। **अतः कथन 1 सही है।**
- कैबिनेट **सचिव** सामरिक नीति समूह (SPG) की अध्यक्षता करते हैं, और NSC को नीतिगत सिफारिशें करते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- राष्ट्रीय **सुरक्षा सलाहकार बोर्ड (NSAB)** राष्ट्रीय सुरक्षा मुद्दों पर दीर्घकालिक विश्लेषण और नीतिगत सिफारिशें प्रदान करता है, इसमें वरिष्ठ सेवानिवृत्त अधिकारी, शिक्षाविद और नागरिक समाज के विशेषज्ञ शामिल होते हैं। **अतः कथन 3 सही है।**
- **अतः विकल्प C सही है।**

**66.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**मार्शल योजना:**

- **द्वितीय विश्व युद्ध के तत्काल बाद के काल** में, यूरोप युद्ध से तबाह था और इसलिये आंतरिक व बाह्य कम्युनिस्ट संकट के प्रति संवेदनशील था।
- वर्ष 1946-1947 की सर्दियों में कम्युनिस्ट विस्तार के भय और यूरोपीय अर्थव्यवस्थाओं के तीव्र पतन के कारण, अमेरिकी कॉन्ग्रेस ने **मार्च 1948 में आर्थिक सहयोग अधिनियम** (Economic Cooperation Act) पारित किया और पश्चिमी यूरोप के पुनर्निर्माण के लिये 12 अरब डॉलर से अधिक की धनराशि स्वीकृत की।
- मार्शल योजना ने **यूरोपीय औद्योगीकरण को पुनर्जीवित** किया और इस क्षेत्र में व्यापक निवेश लाया। यह अमेरिकी वस्तुओं हेतु बाज़ार स्थापित करके अमेरिकी अर्थव्यवस्था के लिये भी एक प्रेरक साबित हुई।
- **अतः विकल्प B सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

67.

उत्तर: D

व्याख्या:

**उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो):**

- NATO की स्थापना 1949 में सामूहिक रक्षा प्रदान करने वाले एक अंतरसरकारी सैन्य गठबंधन के रूप में की गई थी, जिसका मुख्य उद्देश्य शीत युद्ध के दौरान सोवियत संघ की आक्रामकता का मुकाबला करना था। **अतः कथन 1 सही है।**
- संयुक्त राज्य अमेरिका NATO के 12 मूल संस्थापक सदस्यों में से एक था। **अतः कथन 2 सही है।**
  - NATO के अन्य संस्थापक सदस्य थे: बेल्जियम, कनाडा, डेनमार्क, फ्राँस, आइसलैंड, इटली, लक्ज़मबर्ग, नीदरलैंड, नॉर्वे, पुर्तगाल और यूनाइटेड किंगडम।
- NATO एकीकृत सैन्य बलों को बनाए रखता है, जिसके तहत सदस्य देश NATO कमांड के अंतर्गत सामूहिक रक्षा प्रयासों में कर्मियों और संसाधनों का योगदान करते हैं। **अतः कथन 3 भी सही है।**

68.

उत्तर: B

व्याख्या:

- **मनी लॉन्ड्रिंग** अवैध रूप से प्राप्त आय की पहचान को छिपाना या प्रच्छन्न करना है ताकि ऐसा लगे कि वे वैध स्रोतों से उत्पन्न हुए हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (FATF) सदस्य देशों को **चार समूहों में वर्गीकृत करता है:** नियमित अनुवर्ती, उन्नत अनुवर्ती, ग्रे सूची और ब्लैक सूची। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - नियमित अनुवर्ती 4 में से शीर्ष श्रेणी है, और भारत सहित G20 के केवल 5 देशों को पारस्परिक मूल्यांकन रिपोर्ट के बाद नियमित अनुवर्ती में रखा गया है।
  - भारत को 'नियमित अनुवर्ती' श्रेणी में वर्गीकृत किया गया है तथा अब वह रूस, फ्राँस, इटली और ब्रिटेन के साथ शामिल हो गया है, जिन्हें भी इसी श्रेणी में रखा गया है।
- भारत ने आतंकवाद और मनी लॉन्ड्रिंग से निपटने से संबंधित विभिन्न संयुक्त राष्ट्र सम्मेलनों की पुष्टि की है, जैसे कि **अंतर्राष्ट्रीय संगठित अपराध के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (UNTOC)** और इसके प्रोटोकॉल। **अतः कथन 3 सही है।**

69.

उत्तर: D

व्याख्या:

**महत्त्वपूर्ण खनिजों के अनुप्रयोग:**

- महत्त्वपूर्ण खनिज वे होते हैं, जो **किसी देश की अर्थव्यवस्था** और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिये अत्यंत महत्त्वपूर्ण होते हैं तथा उनकी आपूर्ति शृंखला में व्यवधान आने की संभावना बनी रहती है।
- सिलिकॉन, टेल्यूरियम, इंडियम और गैलियम जैसे महत्त्वपूर्ण खनिज सौर पैनलों में प्रयुक्त **फोटोवोल्टिक (PV) कोशिकाओं के उत्पादन के लिये महत्त्वपूर्ण हैं।**
- डिस्प्रोसियम और नियोडिमियम जैसे दुर्लभ मृदा तत्वों का उपयोग **पवन टर्बाइनों के लिये स्थायी चुंबकों में किया जाता है।**
- लिथियम, निकल और कोबाल्ट **लिथियम-आयन बैटरियों में प्रयुक्त होने वाली प्रमुख सामग्रियाँ हैं।**
- **अतः विकल्प D सही है।**

70.

उत्तर: B

व्याख्या:

**खरीफ फसलें:**

- खरीफ फसलें वे फसलें हैं, जो **बरसात के मौसम में बोई जाती हैं,** जो आमतौर पर जून में दक्षिण-पश्चिम मानसून की शुरुआत के साथ शुरू होती हैं, जबकि फसल विपणन सीजन अक्तूबर 2024 से सितंबर 2025 तक चलेगा। **अतः कथन 1 सही है।**
  - खरीफ की कुछ प्रमुख फसलें धान, मक्का, बाजरा, दालें, तिलहन, कपास और गन्ना हैं।
- भारत में **कुल खाद्यान्न उत्पादन में** खरीफ फसलों का योगदान लगभग 55% है। **अतः कथन 2 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

71.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**लू (हीट वेव):**

- भारत में हीट वेव **असामान्य रूप से उच्च तापमान की अवधि को संदर्भित करता है**, जो आमतौर पर मार्च-से-जून तक होता है और कभी-कभी जुलाई तक बढ़ जाता है। **अत: कथन I सही है।**
- अधिसूचित **आपदा** वह आपदा है, जिसे सरकार द्वारा आधिकारिक रूप से मान्यता दी गई है और जिसे सामान्यत: **आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 जैसे विधिक ढाँचे के रूप में परिभाषित किया गया है।**
    - वर्तमान में इस अधिनियम के अंतर्गत आपदाओं की 13 श्रेणियाँ अधिसूचित हैं। इनमें चक्रवात, सूखा, भूकंप, आग, बाढ़, सुनामी, ओलावृष्टि, भूस्खलन, हिमस्खलन, मेघ प्रस्फुटन, कीट प्रकोप, पाला और शीत लहरें तथा कोविड-19 शामिल हैं।
    - हीटवेव एक अधिसूचित आपदा नहीं है। **अत: कथन II सही है।**
- **अत: विकल्प C सही है क्योंकि कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है।**

72.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **दूरसंचार अधिनियम, 2023** की धारा 20(2) केंद्र या राज्यों को सार्वजनिक आपात स्थितियों, आपदाओं या सार्वजनिक सुरक्षा के दौरान दूरसंचार सेवाओं या नेटवर्क पर अस्थायी रूप से नियंत्रण करने का अधिकार देती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **भारतीय टेलीग्राफ नियम, 2007** के नियम 419 (a) में वैध संचार अवरोधन के लिये सरकारी प्राधिकरण को अनिवार्य बनाया गया है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **सूचना प्रौद्योगिकी (IT) अधिनियम, 2000 की धारा 69** और अवरोधन नियम, 2009 सरकार को कंप्यूटर संसाधन के माध्यम से किसी भी सूचना की निगरानी, अवरोधन या डिक्रिप्ट करने की अनुमति देते हैं। **अत: कथन 3 सही है।**
- डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण (DPDP) अधिनियम, 2023 एक **व्यापक गोपनीयता और डेटा संरक्षण कानून है** जिसमें सहमति, वैध उपयोग, उल्लंघन, डेटा प्रत्ययी और प्रोसेसर संबंधी उत्तरदायित्व और अपने डेटा पर व्यक्तियों के अधिकारों से संबंधित प्रावधान शामिल हैं।

73.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (FATF):**

- यह मनी लॉन्ड्रिंग, आतंकवादी वित्तपोषण और अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय प्रणाली की अखंडता से संबंधित अन्य खतरों से निपटने के लिये एक वैश्विक मानक-निर्धारक है। FATF का प्राथमिक उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय मानक निर्धारित करना तथा धन शोधन, आतंकवादी वित्तपोषण और सामूहिक विनाश के हथियारों के प्रसार से निपटने हेतु उपायों के प्रभावी कार्यान्वयन को बढ़ावा देना है।
- इसके द्वारा **उन देशों की एक "ग्रे सूची"** बना रखी है जिन पर कड़ी निगरानी रखी जाती है, इसमें ऐसे देश भी शामिल हैं जो अंतर्राष्ट्रीय धन शोधन तथा आतंकवादी वित्तपोषण को रोकने में विफल रहे हैं।
- वर्तमान में इसमें नेपाल, लेबनान, दक्षिण अफ्रीका, सीरिया और वियतनाम आदि देश शामिल हैं।
- **अत: विकल्प A सही है।**

74.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**जिंक:**

- जिंक कोटिंग **नवीकरणीय ऊर्जा अवसंरचना** में संक्षारणरोधी गुणों के लिये महत्त्वपूर्ण है।
- यह पवन टर्बाइनों और सौर संरचनाओं को जंग से बचाकर, रखरखाव की ज़रूरत को कम करके और संबंधित लागतों को कम करके उनके जीवनकाल को बढ़ाने में सहायक है। जिंक (जिसे लंबे समय से **संक्षारणरोधी गुणों** के लिये मूल्यवान माना जाता है) का उपयोग नवीकरणीय ऊर्जा अवसंरचना सहित विभिन्न क्षेत्रों में बढ़ रहा है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- जिंक कोटिंग जंग लगने से रोककर, रखरखाव की ज़रूरतों को कम करके और संबंधित लागतों को कम करके **पवन टर्बाइनों एवं सौर ऊर्जा संबंधी संरचनाओं** के जीवनकाल को बढ़ाने में सहायक है। **अतः कथन 1 सही है।**
- गैल्वनाइजेशन से परे, जिंक की **ऊर्जा भंडारण के लिये भी एक महत्त्वपूर्ण धातु** के रूप में लोकप्रियता बढ़ रही है। लिथियम ऐतिहासिक रूप से ऊर्जा भंडारण के लिये प्रमुख खनिज रहा है लेकिन जिंक-आधारित बैटरी अपनी सुरक्षा स्थिति, लागत दक्षता तथा संसाधन उपलब्धता के कारण एक विकल्प प्रस्तुत कर सकती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **जिंक की बैटरियों में आग लगने या विस्फोट होने का खतरा कम** होता है, जिससे वे विभिन्न अनुप्रयोगों के लिये सुरक्षित होती हैं।
  - इनके कई लाभ हैं जैसे **3 से 72 घंटे तक की लंबी भंडारण अवधि प्रदान करना,** व्यापक तापमान सीमा में प्रभावी ढंग से कार्य करना और 20 वर्षों तक का अनुमानित जीवनकाल प्रदान करना।

**75.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **बगलिहार बाँध,** चेनाब नदी पर स्थित है। **अतः युग्म 1 सही सुमेलित है।**
- **किशनगंगा बाँध,** झेलम नदी पर बनाया गया है। **अतः युग्म 2 सही सुमेलित है।**
- **भाखड़ा नांगल बाँध,** सतलुज नदी पर बनाया गया है। **अतः युग्म 3 सही सुमेलित है।**
- ये सभी बाँध अपने-अपने क्षेत्रों में जल प्रबंधन तथा विद्युत् उत्पादन में अपनी भूमिका के लिये महत्त्वपूर्ण हैं।
- **अतः विकल्प C सही है।**

**76.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**मानव विकास रिपोर्ट 2025:**

- संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) द्वारा जारी वर्ष 2025 की मानव विकास रिपोर्ट (HDR) में भारत को 193 देशों और क्षेत्रों में से 130वें स्थान पर रखा गया है, जिसका शीर्षक है "ए मैटर ऑफ चॉइस: पीपल एंड पॉसिबिलिटीज़ इन द एज ऑफ एआई"।
- भारत **"मध्यम मानव विकास" श्रेणी में बना हुआ है,** हालाँकि यह "उच्च मानव विकास" (HDI □ 0.700) की सीमा के निकट पहुँच रहा है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - मानव विकास सूचकांक (HDI) द्वारा परिभाषित "मध्यम मानव विकास" श्रेणी, **0.550 और 0.699 के बीच** HDI मूल्य वाले देशों के लिये एक वर्गीकरण है।
- भारत की जीवन प्रत्याशा **वर्ष 1990 के 58.6 वर्ष से बढ़कर वर्ष 2023 में 72 वर्ष** (अब तक सबसे अधिक) हो गई। **अतः कथन 2 सही है।**
  - इस प्रगति का श्रेय राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, आयुष्मान भारत, जननी सुरक्षा योजना और पोषण अभियान जैसे राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों को दिया जाता है।

**77.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय रक्षा कोष (NDF):**

- राष्ट्रीय रक्षा प्रयास को बढ़ावा देने के लिये प्राप्त नकद और वस्तु के रूप में स्वैच्छिक दान का प्रभार लेने तथा उनके उपयोग पर निर्णय लेने के लिये वर्ष 1962 में इसकी स्थापना की गई थी।
  - यह कोष पूरी तरह से जनता के **स्वैच्छिक योगदान पर निर्भर है और इसे कोई बजटीय सहायता नहीं मिलती है। अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इस निधि का उपयोग सशस्त्र बलों (अर्धसैनिक बलों सहित) के सदस्यों और उनके आश्रितों के कल्याण के लिये किया जाता है।
- NDF के प्रति सभी योगदान **आयकर, 1961 की धारा 80 (G) के तहत छूट प्राप्त हैं। अतः कथन 2 सही है।**

**78.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF):**

- **स्थापना:** वर्ष 1944 (संयुक्त राष्ट्र ब्रेटन वुड्स सम्मेलन, 1930 के दशक की महामंदी के बाद)
- **मुख्यालय:** वाशिंगटन, DC, USA

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- **कार्य:**
  - वैश्विक वित्तीय सहायता
  - अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को सुगम बनाना
  - विकासशील देशों को वित्तपोषण प्रदान करना
  - विनिमय दर स्थिरता को बढ़ावा देना
- **सदस्य देश:** 191 (भारत संस्थापक सदस्य है)
- **भारत का प्रतिनिधित्व:** भारत के वित्त मंत्री (FM) IMF बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के पदेन गवर्नर हैं।
- **अत: विकल्प D सही है।**

79.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**'अनविलिंग ऑर अनएबल' डॉक्ट्रिन:**

- अंतर्राष्ट्रीय कानून में "अनविलिंग ऑर अनएबल" डॉक्ट्रिन यह अनुमति देता है कि जब किसी राज्य के क्षेत्र से गैर-राज्य अभिकर्त्ता हमला कर रहे हों और वह राज्य उस खतरे को समाप्त करने में असमर्थ हो, तो आत्मरक्षा में बल प्रयोग किया जा सकता है।
- अमेरिका ने इस सिद्धांत का उपयोग सैन्य कार्रवाइयों को उचित ठहराने के लिये किया है, जैसे कि वर्ष 2011 में पाकिस्तान में ओसामा बिन लादेन के खिलाफ अभियान और वर्ष 2014 में सीरिया में ISIS पर हवाई हमले।
- चीन, मैक्सिको और रूस जैसे देश इस डॉक्ट्रिन की आलोचना करते हुए तर्क देते हैं कि **यह मेज़बान राज्यों की संप्रभुता का उल्लंघन करता है** और संयुक्त राष्ट्र के सामूहिक सुरक्षा ढाँचे को कमज़ोर करता है।
- **अत: विकल्प A सही है।**

80.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**नेशनल क्रिटिकल मिनरल्स मिशन**

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने जनवरी 2025 में 16,300 करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ राष्ट्रीय महत्त्वपूर्ण खनिज मिशन (NCMM) शुरू करने को मंज़ूरी दी है।
  - इसका उद्देश्य घरेलू एवं विदेशी स्रोतों से खनिज उपलब्धता सुनिश्चित करके भारत की महत्त्वपूर्ण खनिज आपूर्ति श्रृंखला को सुरक्षित करना है।
- NCMM विभिन्न मंत्रालयों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (PSU), निजी कंपनियों एवं अनुसंधान संस्थानों के साथ मिलकर कार्य करते हुए **"व्होल ऑफ गवर्नमेंट" दृष्टिकोण** अपनाने पर केंद्रित है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इस मिशन की गतिविधियों का समन्वय एक **अधिकार प्राप्त समिति** द्वारा किया जाता है, जिसकी अध्यक्षता कैबिनेट सचिव करते हैं एवं इसमें संबंधित हितधारक मंत्रालयों के सदस्य शामिल होते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- खान मंत्रालय, इस मिशन का प्रशासनिक मंत्रालय है। **अत: कथन 3 सही है।**

81.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**डिज़ाइन लॉ संधि (DLT):**

- DLT एक व्यापक रूपरेखा के रूप में प्रस्तावित की गई है जिसका उद्देश्य विश्व स्तर पर औद्योगिक डिज़ाइनों की सुरक्षा की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित और सरल बनाना है।
- इसका उद्देश्य एक ऐसा **पूर्वानुमेय और सुलभ तंत्र बनाना** है जो अनावश्यक प्रशासनिक बाधाओं को समाप्त करे तथा डिज़ाइनरों के लिये अपनी बौद्धिक संपदा की सुरक्षा को आसान बनाए।
- **अत: विकल्प A सही है।**

82.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**कणीय पदार्थ (Particulate Matter - PM):**

- हवा में मौजूद कणीय पदार्थ कोई एकल प्रदूषक नहीं होता, बल्कि **यह कई रासायनिक तत्त्वों का मिश्रण होता है।**
  - यह तरल बूंदों, सूखे ठोस कणों और तरल परतों से युक्त ठोस कोर से मिलकर बना एक जटिल मिश्रण होता है। **अत: कथन 1 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- PM सीधे स्रोतों से आ सकता है (प्राथमिक कण) या फिर यह हवा में गैसों जैसे **सल्फर डाइऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड और कार्बनिक यौगिकों** से बन सकता है, जो प्राकृतिक स्रोतों (जैसे पेड़-पौधे) और मानव गतिविधियों (जैसे फैक्ट्रियों और वाहन उत्सर्जन) दोनों से उत्सर्जित हो सकते हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- 10 माइक्रोमीटर से छोटे कण सबसे अधिक हानिकारक होते हैं क्योंकि वे फेफड़ों की गहराई तक जा सकते हैं और कुछ रक्तप्रवाह में भी प्रवेश कर सकते हैं। इनसे अनियमित दिल की धड़कन, अस्थमा की समस्या, फेफड़ों की कार्यक्षमता में कमी और साँस संबंधी लक्षण जैसे खाँसी, साँस लेने में तकलीफ आदि समस्याएँ हो सकती हैं।

**83.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **ऑपरेशन कैक्टस लिली (वर्ष 1971 भारत-पाक युद्ध):** यह बांग्लादेश मुक्ति युद्ध के दौरान भारतीय सेना और वायु सेना द्वारा किया गया एक हवाई हमला अभियान था। **अत: युग्म 1 सही सुमेलित है।**
- **ऑपरेशन विजय (1999):** यह कारगिल युद्ध के दौरान पाकिस्तानी बलों द्वारा कब्ज़ा किये गए क्षेत्र को पुन: प्राप्त करने के लिये भारत का सैन्य अभियान था। **अत: युग्म 2 सही सुमेलित है।**
- **ऑपरेशन सिंदूर (2025):** अप्रैल 2025 में हुए पहलगाम आतंकी हमले के प्रतिकार स्वरूप भारत ने ऑपरेशन सिंदूर प्रारंभ किया, जिसके अंतर्गत पाकिस्तान और पाकिस्तान-अधिकृत जम्मू-कश्मीर (PoJK) में 9 आतंकी ढाँचों को निशाना बनाया गया। **अत: युग्म 3 सही सुमेलित है।**
- **अत: विकल्प C सही है।**

**84.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **भारत के सर्वोच्च न्यायालय (SC)** ने **अमर जैन बनाम भारत संघ एवं अन्य, 2025** के मामले में यह निर्णय दिया कि ई-गवर्नेंस और कल्याणकारी प्रणालियों तक समावेशी डिजिटल पहुँच जीवन और स्वतंत्रता के मूल अधिकार का अभिन्न अंग है। **अत: कथन I सही है।**
- इंटरनेट शिक्षा, रोज़गार, शासन और सामाजिक समावेशन के लिये अनिवार्य है, जो कल्याण, नौकरियों, ऑनलाइन शिक्षा और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तक पहुँच के माध्यम से 21वीं सदी की नागरिकता को आकार देता है। **अत: कथन II सही है।**
- **अत: विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन I की सही व्याख्या है।**

**85.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) कार्यक्रम:**

- **विस्तारित निधि सुविधा (EFF):** EFF एक अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) कार्यक्रम है, जिसे संरचनात्मक कमज़ोरियों के कारण मध्यम अवधि की आर्थिक समस्याओं का सामना कर रहे **देशों की सहायता हेतु डिज़ाइन किया गया है।**
- **स्टैंड-बाय व्यवस्था (SBA):** SBA, IMF द्वारा **अल्पकालिक भुगतान संतुलन की समस्याओं का सामना कर रहे सदस्य देशों को प्रदान की जाने वाली अल्पकालिक से मध्यम अवधि का वित्तीय सहायता कार्यक्रम हैं।**
- **संरचनात्मक समायोजन कार्यक्रम (SAP):** SAP, IMF और विश्व बैंक द्वारा शुरू की गई आर्थिक नीतियाँ एवं **वित्तीय सहायता कार्यक्रम हैं,** जिनका उद्देश्य देशों को अपनी अर्थव्यवस्थाओं को स्थिर करने, राजकोषीय असंतुलन को कम करने व संरचनात्मक आर्थिक सुधारों को लागू करने में मदद करना है।
- **अत: विकल्प B सही है।**

**86.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- ईरान उत्तर में **अज़रबैजान, आर्मेनिया, तुर्कमेनिस्तान,** कैस्पियन सागर से, पूर्व में **पाकिस्तान** व अफगानिस्तान से, दक्षिण में फारस की खाड़ी, ओमान की खाड़ी से तथा पश्चिम में तुर्की और इराक से घिरा हुआ है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- ईरान फारस की खाड़ी में करीब एक दर्जन द्वीपों पर भी नियंत्रण रखता है। इसकी 4,770 मील (7,680 किलोमीटर) की सीमा का करीब एक तिहाई हिस्सा **समुद्र तट है।**




- अत: विकल्प D सही है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025
SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025
SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स
SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप
SCAN ME

87.

उत्तर: D

व्याख्या:

भारतट्रेडनेट:

- भारत ट्रेडनेट (BTN) एक **एकीकृत व्यापार दस्तावेज़ीकरण** और वित्तपोषण मंच है जिसे UPI, आधार और डिजीलॉकर के साथ इंडिया स्टैक में एकीकृत किया गया है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह सीमा शुल्क, बैंकों और निर्यातकों जैसे हितधारकों को एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म पर जोड़कर **कागज आधारित प्रक्रियाओं** का स्थान लेता है। **अत: कथन 2 सही है।**

88.

उत्तर: A

व्याख्या:

- **विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (WIPO)** संयुक्त राष्ट्र की सबसे पुरानी विशिष्ट एजेंसियों में से एक है, जिसकी स्थापना वर्ष 1967 में रचनात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा वैश्विक स्तर पर बौद्धिक संपदा की रक्षा के लिये की गई थी।
- भारत वर्ष 1975 में WIPO में शामिल हुआ। भारत IPR से संबंधित निम्नलिखित WIPO प्रशासित अंतर्राष्ट्रीय संधियों और सम्मेलनों का भी सदस्य है:
  - पेटेंट प्रक्रिया के प्रयोजनों के लिये सूक्ष्मजीवों के भंडार की अंतर्राष्ट्रीय मान्यता पर **बुडापेस्ट संधि, 2001**
  - औद्योगिक संपत्ति की सुरक्षा पर **पेरिस कन्वेंशन 1998**
  - साहित्यिक एवं कलात्मक कार्यों के संरक्षण पर **बर्न कन्वेंशन, 1928**
- **अत: विकल्प A सही है।**

89.

उत्तर: C

व्याख्या:

शिक्षा:

- शिक्षा, जो पहले भारतीय शासन अधिनियम 1935 के तहत राज्य विषय था, को 42वें संविधान संशोधन के दौरान वर्ष 1976 में समवर्ती सूची में स्थानांतरित कर दिया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
- **86वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2002** ने 6-14 वर्ष की आयु के बच्चों के लिये शिक्षा के अधिकार को अनुच्छेद 21A के तहत मूल अधिकार बना दिया। **अत: कथन 2 सही है।**
- इसने मूल अधिकारों में अनुच्छेद 21A जोड़कर, 6 से 14 वर्ष की आयु के बच्चों के लिये शिक्षा को एक मूल अधिकार बना दिया, जिसमें निशुल्क और अनिवार्य शिक्षा प्रदान करने का प्रावधान है।
- बाद में, संसद ने वर्ष 2009 में शिक्षा के अधिकार अधिनियम (RTE) पारित किया, जिसने RTE को अनुच्छेद 21-A के तहत मूल अधिकार के रूप में लागू किया।

90.

उत्तर: A

व्याख्या:

**विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC):**

- भारत में, राष्ट्रीय शिक्षा प्रणाली तैयार करने का पहला प्रयास वर्ष **1944 में** शैक्षिक विकास पर केंद्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड की रिपोर्ट के साथ हुआ, जिसे सार्जेंट रिपोर्ट के नाम से भी जाना जाता है।
- इस रिपोर्ट में अलीगढ़, बनारस एवं दिल्ली के तीन केंद्रीय विश्वविद्यालयों के काम की देखरेख के लिये विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) के गठन की अनुशंसा की गई थी।
- वर्ष 1947 में, समिति को सभी तत्कालीन मौजूदा विश्वविद्यालयों की समस्याओं से निपटने का काम सौंपा गया था।
- वर्ष 1948 में **डॉ. एस. राधाकृष्णन के नेतृत्व में विश्वविद्यालय शिक्षा आयोग** ने यूके मॉडल के आधार पर इसके पुनर्गठन की सिफारिश की।
- वर्ष 1952 में केंद्र सरकार ने निर्णय लिया कि **केंद्रीय विश्वविद्यालयों एवं अन्य विश्वविद्यालयों** और उच्च शिक्षा संस्थानों को सार्वजनिक निधियों से अनुदान आवंटन से संबंधित सभी मामलों को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को भेजा जा सकता है।
- UGC को औपचारिक रूप से **नवंबर 1956** में संसद के एक अधिनियम के माध्यम से एक सांविधिक निकाय के रूप में स्थापित किया गया था।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- यह देश की **एकमात्र अनुदान देने वाली एजेंसी** है जो उच्च शिक्षा संस्थानों में धन उपलब्ध कराने तथा मानकों का समन्वय, निर्धारण और रखरखाव करने हेतु उत्तरदायी है।
- **अतः विकल्प A सही है।**

**91.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) एक वैधानिक निकाय है जिसे वर्ष 1992 में निवेशकों के हितों की रक्षा करने और प्रतिभूति बाजार को विनियमित करने के लिये स्थापित किया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
    - यह स्टॉक एक्सचेंजों, बाजार मध्यस्थों और निवेशक संरक्षण पर निगरानी रखता है, जिससे बाजार की पारदर्शिता एवं दक्षता सुनिश्चित होती है।
- SEBI की स्थापना से पहले, पूंजी निर्गम (नियंत्रण) अधिनियम, 1947 के तहत पूंजी बाजारों को नियंत्रित करने का कार्य पूंजी निर्गम नियंत्रक द्वारा किया जाता था। **अतः कथन 2 सही है।**
- प्रतिभूति अपीलीय न्यायाधिकरण (SAT) को SEBI के निर्णयों से प्रभावित व्यक्तियों के हितों की रक्षा करने के लिये एक अध्यक्ष और दो सदस्यों के साथ स्थापित किया गया था। **अतः कथन 3 भी सही है।**

**92.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**संयुक्त राष्ट्र चार्टर 1945:**

- संयुक्त राष्ट्र चार्टर, संयुक्त राष्ट्र की आधारभूत संधि के रूप में, सभी सदस्य देशों को बाध्य करने वाला अंतर्राष्ट्रीय कानून का एक उपकरण है। **अतः कथन 1 सही है।**
- संयुक्त राष्ट्र एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन है जिसकी स्थापना वर्ष 1945 में हुई थी। वर्तमान में इसके 193 सदस्य देश हैं।
- इसके मिशन और कार्य इसके स्थापना चार्टर में निहित उद्देश्यों एवं सिद्धांतों द्वारा मार्गदर्शित होते हैं तथा इसके विभिन्न अंगों व विशिष्ट एजेंसियों द्वारा लागू होते हैं।
    - इसके कार्यों में **अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखना**, मानवाधिकारों की रक्षा करना, मानवतावादी सहायता प्रदान करना, सतत् विकास को बढ़ावा देना और अंतर्राष्ट्रीय कानून की रक्षा करना शामिल है।
- सामान्य सभा संयुक्त राष्ट्र का प्राथमिक नीति-निर्माण और प्रतिनिधि निकाय है, जिसमें सभी 193 सदस्य देशों का प्रतिनिधित्व होता है, जो सार्वभौमिक भागीदारी सुनिश्चित करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **संयुक्त राष्ट्र चार्टर का अनुच्छेद 51** आत्मरक्षा में प्रतिक्रिया की अनुमति देता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**93.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**एकीकृत वायु कमान और नियंत्रण प्रणाली (IACCS):**

- IACCS, जिसे भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (BEL) द्वारा विकसित किया गया है, एक सार्वजनिक क्षेत्र की एयरोस्पेस और रक्षा इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी है, एक **स्वचालित कमान और नियंत्रण प्रणाली** है।
- यह विभिन्न वायु रक्षा संसाधनों से डेटा को एकीकृत करती है, जैसे कि भूमि-आधारित रडार, वायु में स्थित सेंसर, नागरिक रडार, संचार नोड्स, और भारतीय वायु सेना (IAF) के कमान और नियंत्रण केंद्र।
- IACCS का ओवरलैपिंग रडार और रेडियो डेटा कवरेज प्रभावी हवाई क्षेत्र प्रबंधन में मदद करता है और अतिरेक को कम करता है।
- **अतः विकल्प B सही है।**

**94.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**लार्ज लैंग्वेज मॉडल (LLM):**

- लार्ज लैंग्वेज मॉडल बड़े, सामान्य प्रयोजन वाले भाषा मॉडल होते हैं जो सामान्य भाषा समस्याओं को हल करने में सक्षम होते हैं, जैसे कि टेक्स्ट वर्गीकरण, प्रश्नोत्तर, और टेक्स्ट जनरेशन।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- इन मॉडलों को मानव भाषा के भीतर पैटर्न, संरचनाओं और संबंधों को समझने के लिये बड़े डेटासेट पर प्रशिक्षित किया जाता है।
- आर्किटेक्चर के आधार पर लार्ज लैंग्वेज मॉडल (LLM) के प्रकार:
  - **ऑटोरिग्रैसिव मॉडल:** पिछले शब्दों के आधार पर अनुक्रम में अगले शब्द की भविष्यवाणी करना। उदाहरण: GPT-3।
  - **ट्रांसफॉर्मर-आधारित मॉडल:** भाषा प्रसंस्करण के लिये एक विशिष्ट कृत्रिम न्यूरल नेटवर्क आर्किटेक्चर का उपयोग करना। उदाहरण: LaMDA, Gemini (पूर्व में Bard)।
  - **एन्कोडर-डिकोडर मॉडल:** इनपुट टेक्स्ट को एक प्रस्तुति में एन्कोड करके और फिर उसे किसी अन्य भाषा या प्रारूप में डिकोड करना।
- **अत: विकल्प A सही है।**

**95.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**हीट वेव:**

- हीट वेव असामान्य रूप से उच्च तापमान की अवधि है जो भारत में गर्मियों के मौसम के दौरान होती है।
  - हीट वेव सामान्यत: मार्च और जून के बीच होती है, और कुछ दुर्लभ मामलों में जुलाई तक जारी रहती है।
- यह आपदा प्रबंधन अधिनियम (DM), 2005 के तहत एक अधिसूचित आपदा नहीं है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - भारत के हालिया हीट वेव संकट ने इस बहस को फिर से शुरू किया है कि क्या हीट वेव को केवल एक प्राकृतिक आपदा के रूप में न मानकर आपदा प्रबंधन अधिनियम (DM), 2005 द्वारा कवर की गई अधिसूचित आपदाओं की सूची में जोड़ा जाना चाहिये।
- ओडिशा वर्ष 1998 में 2,000 से अधिक हीट वेव से हुई मृत्यु के बाद वर्ष 1999 में हीट एक्शन प्लान विकसित करने वाला पहला राज्य था। **अत: कथन 2 सही है।**

**96.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**मुद्रास्फीति:**

- कोर इन्फ्लेशन में खाद्य, पेय पदार्थ, सब्जियाँ और ईंधन (कच्चे तेल सहित) जैसी अस्थिर वस्तुओं को शामिल नहीं किया जाता है, जिसका उपयोग हेडलाइन इन्फ्लेशन के मापन हेतु किया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **उर्जित पटेल समिति** ने मुद्रास्फीति लक्ष्य निर्धारण के उपाय के रूप में WPI (थोक मूल्य सूचकांक) की तुलना में CPI (उपभोक्ता मूल्य सूचकांक) की सिफारिश की। **अत: कथन 2 सही है।**
- वर्तमान मुद्रास्फीति लक्ष्य, समिति की सिफारिश के अनुरूप है, जिसमें 4% की लक्षित मुद्रास्फीति दर हासिल करने की बात कही गई है, जिसके साथ +/- 2% का विचलन स्वीकार्य है। **अत: कथन 3 सही है।**

**97.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**ब्रह्मोस:**

- ब्रह्मोस एक दो-चरणीय सुपरसोनिक क्रूज़ मिसाइल है जिसे उच्च सटीकता और गति के लिये डिज़ाइन किया गया है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसमें पहले **चरण में ठोस ईंधन वाला बूस्टर होता है,** जिसके बाद दूसरे चरण में तरल ईंधन से संचालित रैमजेट इंजन होता है, जो मैक 3 (ध्वनि की गति से तीन गुना) की क्रूज़ गति बनाए रखता है, जिससे यह विश्व की सबसे तेज़ क्रूज़ मिसाइलों में से एक बन जाती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इसे ब्रह्मोस एयरोस्पेस द्वारा विकसित किया गया है, जो भारत के रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) (50.5%) और रूस की NPO माशिनोस्त्रोयेनीया (NPOM) (49.5%) के बीच एक संयुक्त उद्यम है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- ब्रह्मोस की मारक क्षमता 290 किमी से बढ़कर 350 किमी हो गई है तथा भविष्य के संस्करण की लक्ष्य सीमा 800 किमी तथा हाइपरसोनिक गति (मैक 5+) होगी।
    - ब्रह्मोस, सबसोनिक मिसाइलों की तुलना में **तीन गुना तेज,** 2.5 गुना अधिक दूरी तक मार करने में सक्षम है और इसका सीकर रेंज भी अधिक है, जिससे इसे अधिक सटीकता और नौ गुना अधिक गतिज ऊर्जा प्राप्त होती है।

98.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**फिलिप्स कर्व:**

- फिलिप्स कर्व एक आर्थिक सिद्धांत है जो **अर्थव्यवस्था की बेरोज़गारी दर और मुद्रास्फीति दर के बीच प्रतिलोम संबंध को दर्शाता है।** इसे 1950 के दशक में ए.डब्लू. फिलिप्स द्वारा प्रस्तुत किया गया था।
- फिलिप्स वक्र ने मूलतः मुद्रास्फीति और बेरोज़गारी के बीच एक स्थिर एवं पूर्वानुमानित समझौता दर्शाया था, जो यह सुझाव देता था कि **नीति निर्माता उच्च मुद्रास्फीति की कीमत पर कम बेरोज़गारी को लक्ष्य बना सकते थे** या इसके विपरीत।
- **हालाँकि, 1970 के दशक में मुद्रास्फीति के दौरान** इस संबंध को चुनौती दी गई, जब उच्च मुद्रास्फीति और उच्च बेरोज़गारी दोनों एक साथ घटित हुईं, जिससे दीर्घकाल में वक्र की सीमाओं का संकेत मिला।
- **अतः विकल्प B सही है।**

99.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय रक्षा कोष:**

- इसकी **स्थापना वर्ष 1962 में** सशस्त्र बलों (अर्धसैनिक बलों सहित) के सदस्यों और उनके आश्रितों के कल्याण के लिये की गई थी। **अतः कथन 1 सही है।**
- इस कोष का प्रबंधन एक कार्यकारी समिति द्वारा किया जाता है **जिसके अध्यक्ष प्रधानमंत्री होते हैं** तथा गृह मंत्री, रक्षा मंत्री और वित्त मंत्री इसके सदस्य होते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- अक्तूबर 2016 में प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा जारी कार्यालय ज्ञापन के अनुसार, वित्त मंत्री **इस कोष के कोषाध्यक्ष हैं। अतः कथन 3 सही नहीं है।**

100.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**ग्लोबल मीथेन प्रतिज्ञा:**

- ग्लोबल मीथेन प्रतिज्ञा को नवंबर 2021 में COP 26 सम्मेलन में मीथेन उत्सर्जन को कम करने की दिशा में कार्रवाई को तेज़ करने के उद्देश्य से शुरू किया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- इस प्रतिज्ञा में शामिल देश वर्ष 2030 तक 2020 के स्तर की तुलना में कम से कम 30% मीथेन उत्सर्जन में कटौती करने के लिये प्रतिबद्ध हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- भारत इस प्रतिज्ञा का हिस्सा नहीं है, हालाँकि यह विश्व में शीर्ष पाँच मीथेन उत्सर्जकों में शामिल है (मुख्य रूप से कृषि क्षेत्र से)। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
    - इस पहल का नेतृत्व **संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोपीय संघ** कर रहे हैं।

101.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **GDP मूल्य अपस्फीतिकारक** मुद्रास्फीति को ध्यान में रखते हुए अर्थव्यवस्था में उत्पादित सभी वस्तुओं और सेवाओं के मूल्य में परिवर्तन को मापता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **आधार वर्ष** एक संदर्भ बिंदु होता है जिसका उपयोग अन्य वर्षों के GDP आँकड़ों की गणना और तुलना के लिये किया जाता है, जो आर्थिक प्रदर्शन को समय के साथ मापने के लिये स्थिरता और मानदंड प्रदान करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
    - **उदाहरण के लिये, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI)** वर्ष 2012 को आधार वर्ष के रूप में उपयोग करता है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

102.

उत्तर: D

व्याख्या:

**भारतीय प्रतिस्पर्द्धा आयोग:**

- यह प्रतिस्पर्द्धा अधिनियम, 2002 के तहत स्थापित एक वैधानिक निकाय है, जिसका उद्देश्य बाजार में निष्पक्ष प्रतिस्पर्द्धा को बढ़ावा देना और प्रतिस्पर्द्धा-विरोधी प्रथाओं को रोकना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह एक बहु-सदस्यीय निकाय है जिसमें एक **अध्यक्ष** और **छह सदस्य** होते हैं, जिन्हें केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त किया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - अध्यक्ष और अन्य सदस्य पूर्णकालिक सदस्य होंगे।
- इसके सदस्य कानून, अर्थशास्त्र, व्यावसायिक प्रबंधन और सार्वजनिक मामलों सहित विभिन्न क्षेत्रों से आते हैं।
- आयोग विभिन्न प्रभागों के माध्यम से कार्य करता है तथा अपने कार्यों को प्रभावी ढंग से करने के लिये पेशेवरों की एक टीम नियुक्त करता है।

103.

उत्तर: C

व्याख्या:

- सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश की नियुक्ति संविधान के **अनुच्छेद 124(2) के तहत राष्ट्रपति** द्वारा की जाती है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिये राष्ट्रपति द्वारा भारत के मुख्य न्यायाधीश (सर्वोच्च न्यायालय के चार वरिष्ठतम न्यायाधीशों के कॉलेजियम के साथ) से परामर्श किया जाता है।
  - CJI संविधान के अनुच्छेद 127 के तहत सर्वोच्च न्यायालय के तदर्थ न्यायाधीशों की नियुक्ति करता है।
- परंपरा के अनुसार, सर्वोच्च न्यायालय के सबसे **वरिष्ठ न्यायाधीश** को भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI) के रूप में नियुक्त किया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- CJI राष्ट्रपति की स्वीकृति से सर्वोच्च न्यायालय को दिल्ली से किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित कर सकता है। **अतः कथन 3 सही है।**
- "मास्टर ऑफ रोस्टर" के रूप में, CJI के पास विशिष्ट मामलों को विशेष पीठों को सौंपने तथा सर्वोच्च न्यायालय में उनकी सुनवाई का कार्यक्रम निर्धारित करने का अधिकार होता है।

104.

उत्तर: A

व्याख्या:

**S-400 ट्रायम्फ:**

- S-400 ट्रायम्फ **रूस द्वारा विकसित** एक मोबाइल, **सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल (SAM)** प्रणाली है, जो विमान, ड्रोन, क्रूज़ मिसाइल और बैलिस्टिक मिसाइल जैसे विभिन्न हवाई लक्ष्यों को रोकने तथा नष्ट करने में सक्षम है।
- S-400 की मारक क्षमता 30 किमी. की ऊँचाई के साथ **400 किमी.** तक है और यह चार अलग-अलग प्रकार की मिसाइलों के साथ **एक साथ 36 लक्ष्यों पर हमला** कर सकती है।
- **गति:** मैक 14 (~17,000 किमी/घंटा) तक की गति से उड़ने वाले लक्ष्यों को रोकने में सक्षम है।
- **रडार पहुँच:** यह उन्नत रडार प्रणालियों का उपयोग करके 600 किमी तक के लक्ष्यों का पता लगाने में सक्षम है।
- भारत ने वर्ष 2018-19 में रूस के साथ **पाँच S-400 मिसाइल स्क्वाड्रन** के लिये एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किये। इनमें से तीन भारत को प्राप्त हो चुके हैं जबकि बाकी दो की प्राप्ति में **रूस-यूक्रेन संघर्ष** के कारण देरी हो रही है।
  - इसमें तीन संचालित अवस्था में हैं और वर्ष 2026 तक दो और शुरू हो जाएंगे। भारत में सुदर्शन चक्र के नाम से प्रचलित S-400 का इस्तेमाल भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तानी हवाई हमले का मुकाबला करने के लिये किया था, जो इसके सामरिक महत्त्व को दर्शाता है।
- **अतः विकल्प A सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

105.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**आकाशतीर:**

- यह एक स्वदेशी **कृत्रिम बुद्धिमत्ता-संचालित वायु रक्षा प्रणाली** है, जिसे **रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO), भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO), और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (BEL)** द्वारा **संयुक्त रूप से डिज़ाइन और निर्मित** किया गया है।
- यह कई स्रोतों से डेटा एकत्र करता है, उसे प्रसंस्कृत करता है, और फिर स्वचालित और वास्तविक समय के निर्णय लेने की अनुमति देता है।
- यह व्यापक **C4ISR (कमांड, कंट्रोल, कम्युनिकेशंस, कंप्यूटर्स, इंटेलिजेंस, सर्विलांस और रिकॉनिसेंस)** ढाँचे का हिस्सा है और **ISRO उपग्रहों और भारतीय क्षेत्रीय नेविगेशन उपग्रह प्रणाली (NAVIC) GPS** जैसी अन्य प्रणालियों के साथ समन्वय में कार्य करता है।
- इसकी तकनीक युद्धक्षेत्रों में **निचले वायु स्थान की निगरानी और ग्राउंड-बेस्ड एयर डिफेंस हथियार प्रणालियों के कुशल नियंत्रण** की अनुमति देती है।
- यह सक्रिय रडार हस्ताक्षरों का उपयोग किये बिना, शत्रुओं UAVs को बिना पता लगाए रोकने और निष्क्रिय करने में सक्षम है। यह पूरी तरह से स्टील्थ ड्रोन ट्रैकिंग, उपग्रह निगरानी और AI-आधारित निर्णय लेने पर निर्भर करता है।
- भारत अब पहला गैर-पश्चिमी राष्ट्र है जिसने अपने स्वायत्त ड्रोन झुंड, स्वदेशी उपग्रह निगरानी और AI युद्धक्षेत्र समन्वय को एक ही, वास्तविक समय के युद्ध मंच में सफलतापूर्वक एकीकृत किया है।
- **आकाशतीर** एक वाहन-आधारित प्रणाली है, जो स्वायत्त रूप से कार्य करती है, जिसमें ड्रोन उड़ान पथ को बदलने, लक्ष्यों का चयन करने और ऑपरेटर के इनपुट के बिना हमलों का समन्वय करने में सक्षम हैं।
- **अतः विकल्प B सही है।**

106.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**पुलिस सुधार समिति:**

- **गोर समिति (1971), रिबेरो समिति (1998),** और **पद्मनाभैया समिति (2000)** को प्रायः पुलिस सुधारों के संदर्भ में समाचारों में देखा जाता है।
- स्वतंत्रता के बाद भी भारत ने औपनिवेशिक पुलिस व्यवस्था को बनाए रखा, जिसके कारण अकुशलता, भ्रष्टाचार और जनता में अविश्वास की स्थिति उत्पन्न हुई।
  - **गोर समिति (1971)** ने पेशेवर, सेवा-उन्मुख पुलिस व्यवस्था की ओर बदलाव की सिफारिश की।
- **रिबेरो समिति (1998)** और **पद्मनाभैया समिति (2000)** ने पहले की सिफारिशों को मजबूत किया तथा स्वतंत्र निरीक्षण निकायों, आधुनिक प्रशिक्षण और सामुदायिक पुलिसिंग की वकालत की।
- **अतः विकल्प A सही है।**

107.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**संप्रदाय/जनजाति एवं उनके क्षेत्र:**

- सीरिया में एक हजार से अधिक लोग मारे गए हैं, क्योंकि **नई सरकार नागरिक अलावी लोगों को निशाना बना रही है**, जिन्हें अपदस्थ अलावी नेतृत्व वाली असद सरकार के प्रति वफादार माना जाता है।
  - अलावी लोग **सीरियाई आबादी का लगभग 12% हैं और मुख्य रूप से तटीय क्षेत्र में निवास करते** हैं। **अतः युग्म 1 सही सुमेलित है।**
  - ऐतिहासिक रूप से, विश्वासों और प्रथाओं की बहुलता के कारण इस समुदाय को विभिन्न धार्मिक आंदोलनों और समूहों से उत्पीड़न का सामना करना पड़ा है, जिनमें ईसाई धर्मयोद्धाओं से लेकर तुर्की के ओटोमैन तक शामिल हैं।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- **कुर्द मध्य-पूर्व के सबसे बड़े जातीय समूहों में से एक** हैं, जिनकी आबादी 25 से 35 मिलियन के बीच है, लेकिन उनका कोई राज्य नहीं है। कुर्द आबादी का अधिकांश हिस्सा इराक, तुर्की, सीरिया और ईरान जैसी क्षेत्रीय शक्तियों की भू-राजनीतिक विभाजन रेखाओं में बसा हुआ है।
  - **तुर्की में सर्वाधिक कुर्द आबादी है** (अनुमानित 43%), उसके बाद ईरान (31%), इराक (18%), सीरिया (6%), और पूर्व सोवियत संघ जिसमें आर्मेनिया और अज़रबैजान शामिल हैं (अनुमानित 2%)। **अत: युग्म 2 सही सुमेलित है।**
- **हाल ही में न्यूज़ीलैंड** में, स्वदेशी माओरी और उनके जनजातियों ने **वेटांगी संधि को पुनर्परिभाषित** करने वाले एक विधेयक को लेकर विवाद के बीच प्रमुखता हासिल की, जिससे माओरी अधिकारों को लेकर विरोध प्रदर्शन और चिंताएँ उठ खड़ी हुईं। **अत: युग्म 3 सही सुमेलित नहीं है।**
- **अत: विकल्प B सही है।**

108.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**रिवर्स फ़्लिपिंग:**

- रिवर्स फ़्लिपिंग एक **कॉर्पोरेट पुनर्गठन प्रक्रिया है** जो किसी स्टार्ट-अप के सभी शेयरधारकों और निवेशकों को किसी विदेशी होल्डिंग कंपनी के स्थान पर **प्रत्यक्ष रूप से भारतीय फ्लैगशिप कंपनी में अपनी इक्विटी रखने की अनुमति** देती है। यह भारतीय इकाई संभावित रूप से **भारतीय स्टॉक एक्सचेंजों में सूचीबद्ध** हो सकती है।
- पिछले एक दशक में, कई भारतीय स्टार्टअप्स ने अपनी होल्डिंग कंपनियाँ विदेशों में,आमतौर पर अमेरिका या सिंगापुर में स्थापित की हैं। इसके पीछे विदेशी निवेशकों की प्राथमिकताएँ, विदेशी शेयर बाजारों तक पहुँच, नियामक लचीलापन और कर लाभ जैसे कारक प्रेरक रहे हैं।
- भारत के स्टार्ट-अप इकोसिस्टम के विकास और कई स्टार्ट-अप्स के सफल घरेलू आरंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव (Initial Public Offering-IPOs) के साथ, कई भारत-केंद्रित कंपनियाँ अब भारत में सार्वजनिक लिस्टिंग कराने के लिये उत्सुक हैं, जिससे रिवर्स फ्लिपिंग संरचनाओं को अपनाने की प्रवृत्ति बढ़ रही है।
- **अत: विकल्प B सही है।**

109.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (NPR):**

- **राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (NPR),** भारत के निवासियों के लिये एक रजिस्टर था।
- इसे **नागरिकता अधिनियम** 1955 और **नागरिकता (नागरिकों का पंजीकरण और राष्ट्रीय पहचान पत्र जारी करना) नियम,** 2003 के प्रावधानों के तहत स्थानीय (गाँव/उप-कस्बा), उप-ज़िला, ज़िला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर तैयार किया गया था।
- **भारत के प्रत्येक निवासी के लिये** NPR में पंजीकरण कराना अनिवार्य था ।
- NPR का उद्देश्य देश के प्रत्येक निवासी का एक व्यापक पहचान डेटाबेस तैयार करना था।
  - हालाँकि, राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (NRC) के विपरीत, NPR नागरिकता गणना अभियान नहीं है क्योंकि इसमें किसी क्षेत्र में छह महीने से अधिक समय तक रहने वाले विदेशी का भी रिकॉर्ड रखा जाता है।।
- **अत: विकल्प C सही है।**

110.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- पर्यावरण, सामाजिक और शासन (ESG) लक्ष्य किसी कंपनी के संचालन के लिये मानकों का एक समूह है जो कंपनियों को बेहतर प्रशासन, नैतिक प्रथाओं, पर्यावरण के अनुकूल उपायों एवं सामाजिक उत्तरदायित्वों का पालन करने के लिये प्रोत्साहित करता है। **अत: कथन I सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- **भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI)** ने **व्यावसायिक उत्तरदायित्व और स्थिरता रिपोर्टिंग (BRSR) फ्रेमवर्क** को संशोधित किया है, जिसमें अब कोर प्रकटीकरण सत्यापन वैकल्पिक कर दिया गया है, लेकिन वित्तीय वर्ष 2025-2026 से शीर्ष 500 कंपनियों के लिये यह अनिवार्य होगा। **अत: कथन II सही है।**
    - FY26 में अनिवार्य तृतीय-पक्ष सत्यापन शीर्ष 500 सूचीबद्ध कंपनियों से शुरू होगा, और FY27 में शीर्ष 1,000 कंपनियों तक विस्तारित किया जाएगा।
- यद्यपि परिपत्र में BRSR के कुछ कठोर कोर प्रकटीकरण नियमों में ढील दी गई है, फिर भी स्थिरता रिपोर्टिंग में वैश्विक रुझानों और एक विकासशील बाज़ार नियामक के रूप में इसकी भूमिका को देखते हुए SEBI का दृष्टिकोण सराहनीय है।
- **अत: विकल्प B सही है, क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन I का सही व्याख्या नहीं है।**

111.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**क्वांटम कंप्यूटर:**

- वे **"क्यूबिट्स" (क्वांटम बिट्स) का उपयोग** करके कार्य करते हैं, जो **परमाण्विक स्तर पर पदार्थ के व्यवहार को निर्धारित** करते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- **क्वांटम सुपरपोज़िशन के माध्यम से क्यूबिट्स एक साथ 0 और 1 दोनों को प्रस्तुत** कर सकते हैं, जिससे क्वांटम कंप्यूटर **सैद्धांतिक रूप से कई शास्त्रीय कंप्यूटरों की तरह समानांतर गणना** कर सकते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- **एंटैंगलमेंट** (उलझाव) तब होता है जब **दो क्यूबिट्स एक साझा क्वांटम अवस्था** में होते हैं, जिससे एक क्यूबिट की **अवस्था में परिवर्तन तुरंत दूसरे को प्रभावित** करता है, चाहे उनके **बीच की दूरी कुछ भी** हो। **अत: कथन 3 सही है।**
- **डिकोहेरेंस (विसंयुग्मन),** वह प्रक्रिया है जिसमें क्वांटम कण और प्रणालियाँ क्षय, पतन या परिवर्तन का अनुभव करते हुए शास्त्रीय भौतिकी द्वारा मापने योग्य एकल अवस्थाओं में परिवर्तित हो जाते हैं।
- क्वांटम व्यतिकरण (इंटरफेरेंस) कणों (जैसे कि क्यूबिट्स) को सुपरपोजिशन के कारण एक साथ कई स्थितियों में मौजूद होने की अनुमति देता है।

112.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**परियोजना कुशा:**

- **प्रोजेक्ट कुशा,** रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) द्वारा संचालित, भारत का एक महत्वाकांक्षी रक्षा प्रयास है जिसका लक्ष्य 2028-29 तक अपनी लंबी दूरी की वायु रक्षा प्रणाली विकसित करना है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह दुश्मन के **प्रक्षेप्यों और कवच, जिसमें क्रूज मिसाइल, स्टील्थ फाइटर जेट और ड्रोन शामिल** हैं, को लंबी दूरी से **पहचानने और नष्ट करने में सक्षम** होगा। **अत: कथन 2 सही है।**
- इसमें **150 किमी, 250 किमी और 350 किमी रेंज वाली तीन प्रकार की इंटरसेप्टर मिसाइलें और उन्नत लंबी दूरी की निगरानी तथा फायर कंट्रोल रडार** शामिल होंगे। **इसलिए, कथन 3 सही है।**
- इसके **रूस की प्रसिद्ध S-400 प्रणाली** और **इज़रायल की आयरन डोम प्रणाली** जितना प्रभावी होने की आशा है।

113.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**कुल प्रजनन दर (TFR):**

- यह उन बच्चों की औसत संख्या है जो **महिलाओं के एक समूह के प्रजनन वर्षों** (15 से 49 वर्ष की आयु) के अंत तक होंगे यदि वे अपने पूरे जीवन में वर्तमान प्रजनन दरों का पालन करते हैं, यह मानते हुए कि कोई मृत्यु दर नहीं है। इसे प्रति महिला बच्चों के रूप में व्यक्त किया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- ◆ **राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (NFHS-5) (2019-21) के अनुसार,** TFR प्रति महिला 2.2 बच्चों (NFHS-4) (2015-16) से घटकर 2.0 बच्चे प्रति महिला हो गया है।
- 2.1 का TFR **प्रतिस्थापन स्तर** माना जाता है, जहाँ प्रत्येक पीढ़ी बिना किसी महत्त्वपूर्ण जनसंख्या वृद्धि या गिरावट के बिना स्वयं को प्रतिस्थापित करती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- 2.1 से कम TFR नकारात्मक जनसंख्या वृद्धि को जन्म दे सकता है, जिससे संभावित रूप से दीर्घकालिक जनसांख्यिकीय चुनौतियाँ उत्पन्न हो सकती हैं, जिसमें वृद्ध आबादी भी शामिल है। **अतः कथन 3 सही है।**

**114.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**6G प्रौद्योगिकी:**

- 6G **टेराबिट-प्रति-सेकंड गति,** सब-मिलीसेकंड लेटेंसी, स्व-उपचार नेटवर्क और जल के नीचे से लेकर एयरोस्पेस तक फैली हुई व्यापक कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। **अतः कथन 1 सही है।**
- **भारत 6G एलायंस** एक उद्योग-नेतृत्व वाला निकाय है, जिसे सरकार द्वारा सुविधाजनक बनाया गया है और यह सार्वजनिक/निजी कंपनियों, शिक्षाविदों, अनुसंधान संस्थानों एवं मानक विकास संगठनों सहित **विभिन्न प्रौद्योगिकी हितधारकों को एक सहयोगी मंच प्रदान करता है। अतः कथन 2 सही है।**
- **जापान में, इंटीग्रेटेड ऑप्टिकल एंड वायरलेस नेटवर्क (IOWN)** फोरम ने 6G के लिये अपना विज़न 2030 श्वेत पत्र प्रकाशित किया है, जिसने चार आयामों में बुनियादी ढाँचे के विकास के लिये प्रमुख प्रौद्योगिकी दिशाएँ निर्धारित की हैं: **संज्ञानात्मक क्षमता, जवाबदेही, मापनीयता और ऊर्जा दक्षता। अतः कथन 3 सही नहीं है।**
- ◆ भारत सरकार ने **भारत 6G परियोजना की स्थापना की है। परियोजना की देखरेख करने** और मानकीकरण, 6G उपयोग के लिये स्पेक्ट्रम की पहचान, उपकरणों तथा प्रणालियों के लिये एक पारिस्थितिकी तंत्र बनाने और अन्य वस्तुओं के अलावा अनुसंधान एवं विकास के लिये वित्त का पता लगाने जैसे मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने हेतु एक शीर्ष परिषद नियुक्त की है।
- ◆ शीर्ष **परिषद भारतीय स्टार्ट-अप,** कंपनियों, अनुसंधान निकायों और विश्वविद्यालयों द्वारा 6G प्रौद्योगिकियों के अनुसंधान एवं विकास, डिज़ाइन और विकास की सुविधा प्रदान करेगी तथा उन्हें वित्तपोषित करेगी।

**115.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**गोलान हाइट्स:**

- गोलान हाइट्स दक्षिण-पश्चिमी सीरिया में जॉर्डन नदी घाटी के ऊपर स्थित 1,200 वर्ग किलोमीटर का चट्टानी पठार है। **अतः कथन 1 सही है।**
- गोलान माउंट उत्तर में हर्मोन पर्वत, दक्षिण में यारमूक नदी, पश्चिम में जॉर्डन नदी और गलील सागर तथा पूर्व में मौसमी वादी अल-रुक्काद से घिरा हुआ है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **यह क्षेत्र शुष्क इलाके के लिये जल का एक महत्त्वपूर्ण स्रोत है।** गोलान के जलग्रहण क्षेत्र से वर्षा जल जॉर्डन नदी में जाता है।
- **वर्ष** 1967 के छह-दिवसीय युद्ध में **इज़राइल ने सीरिया से अधिकांश गोलान हाइट्स पर कब्ज़ा कर लिया था। वर्ष 1973 के युद्ध में सीरिया द्वारा इसे पुनः प्राप्त करने का प्रयास असफल रहा।**
- वर्ष 1974 में, इज़राइल और सीरिया ने विघटन समझौते पर हस्ताक्षर किये, जिसने यौम किप्पुर युद्ध के बाद युद्धविराम स्थापित किया।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME




116.

उत्तर: C

व्याख्या:

- **भारत ने ऑपरेशन ऑल-क्लियर (2004)** के तहत मणिपुर की घाटी क्षेत्रों में स्थित **घाटी-आधारित उग्रवादी समूहों (VBIG)** को सफलतापूर्वक उनके सुरक्षित ठिकानों से खदेड़ दिया था। **अतः युग्म 1 सही सुमेलित है।**
- **ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट (2025)** एक 21-दिवसीय गहन **प्रतिउग्रवाद अभियान** था, जिसका उद्देश्य छत्तीसगढ़ और तेलंगाना की सीमा पर स्थित लगभग 1,200 वर्ग किलोमीटर में फैले कुर्रगुट्टालु पहाड़ियों (KGH) के सघन वनों और दुर्गम क्षेत्रों में माओवादी अड्डों को ध्वस्त करना था। **अतः युग्म 2 सही सुमेलित है।**
- **ऑपरेशन कैक्टस लिली (1971** भारत-पाक युद्ध) के अंतर्गत भारतीय सेना और वायुसेना द्वारा बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के दौरान एक हवाई हमला अभियान संचालित किया गया था। **अतः युग्म 3 सही सुमेलित है।**
- **अतः विकल्प C सही है।**

117.

उत्तर: C

व्याख्या:


**बहुआयामी गरीबी सूचकांक (MPI):**


- **वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक (MPI)** की कार्यप्रणाली एक मज़बूत अल्केयर और फोस्टर (AF) विधि पर आधारित है, जो गंभीर गरीबी का आकलन करने हेतु तैयार किये गए वैश्विक स्तर पर मान्य मानकों के आधार पर व्यक्तियों की गरीबी की पहचान करती है। यह परंपरागत आय-आधारित गरीबी मापदंडों के पूरक दृष्टिकोण प्रदान करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **राष्ट्रीय बहुआयामी गरीबी सूचकांक**, स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर — इन तीनों समान रूप से वजनी आयामों में एक साथ होने वाले अभावों को मापता है, जिन्हें 12 सतत् विकास लक्ष्य (SDG)–अनुरूप संकेतकों के माध्यम से दर्शाया गया है। **अतः कथन 2 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025
SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025
SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स
SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप
SCAN ME

- ◆ इन संकेतकों में शामिल हैं: पोषण, बाल एवं किशोर मृत्यु दर, मातृ स्वास्थ्य, औसत स्कूली शिक्षा के वर्ष, विद्यालय उपस्थिति, खाना पकाने का ईंधन, स्वच्छता, पीने का पानी, बिजली, आवास, परिसंपत्तियाँ और बैंक खाता।
- हालाँकि, राष्ट्रीय MPI में 12 संकेतक शामिल हैं, जबकि वैश्विक MPI में केवल 10 संकेतकों को शामिल किया गया है।

| Global MPI Indicators | National MPI Indicators |
|---|---|




118.

**उत्तर: A**

**एक्सप:**

**फ्लू गैस डिसल्फराइज़ेशन (FGD):**

- यह जीवाश्म ईंधन-चालित विद्युत संयंत्रों के उत्सर्जन से **गंधक यौगिकों को हटाने की प्रक्रिया** है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह प्रक्रिया अवशोषक पदार्थों की सहायता से की जाती है, जो फ्लू गैस से लगभग 95% तक सल्फर डाइऑक्साइड को हटा सकते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
  - ◆ फ्लू गैस वह पदार्थ होता है जो तब उत्सर्जित होता है जब कोयला, तेल, प्राकृतिक गैस या लकड़ी जैसे जीवाश्म ईंधनों को ऊष्मा या ऊर्जा उत्पादन के लिये जलाया जाता है।
- वेट प्रक्रिया, जिसमें फ्लू गैसों को एक जलीय अवशोषक घोल से भाप-संतृप्त किया जाता है, अब बड़े जीवाश्म ईंधन आधारित विद्युत संयंत्रों में प्राथमिक FGD विधि बन गई है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

119.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**प्रधानमंत्री वाई-फाई एक्सेस नेटवर्क इंटरफेस (PM-WANI):**

- यह **दूरसंचार विभाग (DoT)** द्वारा पूरे भारत में, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में, सार्वजनिक Wi-Fi हॉटस्पॉट का विस्तार करने हेतु शुरू किया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- पब्लिक डेटा ऑफिस (PDO), PM-WANI मानक के अनुरूप Wi-Fi हॉटस्पॉट की स्थापना और संचालन करता है, जो टेलीकॉम या इंटरनेट सेवा प्रदाताओं (ISP) से इंटरनेट बैंडविड्थ प्राप्त करके ग्राहकों को अंतिम छोर तक ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी प्रदान करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **सेंटर फॉर डेवेलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स (C-DoT)** द्वारा संचालित केंद्रीय रजिस्ट्री, ऐप प्रदाताओं, PDO आदि का विवरण संधारित करती है। **अत: कथन 3 सही है।**
  - C-DoT की स्थापना वर्ष 1984 में की गई थी। यह दूरसंचार विभाग (DoT), संचार मंत्रालय का एक **स्वायत्त दूरसंचार अनुसंधान एवं विकास (R&D) केंद्र** है। यह सोसाइटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1860 के तहत पंजीकृत एक संस्था है।


**120.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**जगन्नाथ मंदिर, पुरी:**

- इसका निर्माण 12वीं शताब्दी में पूर्वी गंगा वंश के राजा **अनंतवर्मन चोडगंग देव** ने करवाया था।
- यहाँ की **मूर्तियाँ लकड़ी (नीम की लकड़ी)** से बनी होती हैं और उन्हें **हर 12 से 19 वर्षों में नवकलेवर अनुष्ठान** के दौरान बदला जाता है।
- यह **कलिंग वास्तुकला** (जो ओडिशा मंदिर वास्तुकला की एक उप-शैली है) का उत्कृष्ट उदाहरण है।
- यह **चार धाम** (बद्रीनाथ, द्वारका, रामेश्वरम और पुरी) में से एक है और **वैष्णव धर्म** का एक महत्त्वपूर्ण तीर्थ स्थल है।
- मंदिर के शिखर पर लगा **ध्वज हवा के विपरीत दिशा में उड़ता है** और शिखर पर स्थित **सुदर्शन चक्र हर कोण से एक जैसा दिखाई देता है** (दृश्य भ्रांति)।




- **अत: विकल्प A सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025
SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025
SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स
SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप
SCAN ME

121.

उत्तर: A

व्याख्या:

**कवकनाशक:**

- ट्राइसाइक्लाज़ोल, मैंकोज़ेब और टेबुकोनाज़ोल ऐसे **कवकनाशक** हैं जिनका कृषि में व्यापक रूप से उपयोग फसलों को कवकजनित रोगों से बचाने के लिये किया जाता है।
  - कवकनाशी वे रासायनिक पदार्थ या जैविक एजेंट होते हैं जो पौधों, जानवरों या मनुष्यों में रोग पैदा करने वाले **कवक तथा उनके बीजाणुओं को मारने या उनके विकास को रोकने के लिये उपयोग किये जाते हैं।**
  - कवकनाशक फसलों और अन्य पौधों को कवक संक्रमण से बचाने में सहायता करते हैं, जिससे उपज और गुणवत्ता में सुधार होता है।
- भारत में इन कवकनाशकों पर प्रतिबंध के प्रस्ताव और निर्यात के लिये आयात सहिष्णुता स्तर बनाए रखने या बढ़ाने से संबंधित व्यापार वार्ताओं के बीच विनियामक संघर्ष उत्पन्न हुए हैं।
  - विशेष रूप से एथिलीन ऑक्साइड संदूषण जैसे मुद्दों पर स्पष्ट घरेलू विनियमनों की कमी, फसल सुरक्षा मानकों के विषय में आयातकों को आश्वस्त करने में चुनौतियाँ उत्पन्न करती है।
- **अत: विकल्प A सही है।**

122.

उत्तर: D

व्याख्या:

- FDI तब होता है जब कोई विदेशी फर्म या व्यक्ति किसी अन्य देश की कंपनी में सीधे निवेश करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह **प्रत्यक्ष नियंत्रण** के साथ होता है, जबकि **FPI** में केवल वित्तीय संपत्तियों की खरीद होती है, न कि कंपनी पर नियंत्रण। **अत: कथन 2 सही है।**
- भारत में FDI **FEMA, 1999** के अंतर्गत आता है और इसका प्रशासन **DPIIT**, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत करता है। **अत: कथन 3 सही है।**
- भारत में गैर-महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में 100% FDI स्वचालित मार्ग से अनुमति प्राप्त है और इसमें **गृह मंत्रालय से सुरक्षा मंजूरी की आवश्यकता नहीं** होती। **अत: कथन 4 सही है।**
  - पाकिस्तान और बांग्लादेश से किसी भी निवेश के अलावा रक्षा, मीडिया, दूरसंचार, उपग्रह, निजी सुरक्षा एजेंसियों, नागरिक उड्डयन और खनन जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में निवेश के लिये गृह मंत्रालय से पूर्व सरकारी अनुमोदन या सुरक्षा मंजूरी आवश्यक है।

123.

उत्तर: D

व्याख्या:

**साइबर सुरक्षा:**

- **सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 के** तहत सरकार के पास किसी भी डेटा, डेटाबेस, आईटी नेटवर्क या संचार बुनियादी ढाँचे को उस डिजिटल संपत्ति की सुरक्षा के लिये महत्त्वपूर्ण सूचना बुनियादी ढाँचे (CII) के रूप में घोषित करने की शक्ति है। **अत: कथन 1 सही है।**
- सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के अनुसार महत्त्वपूर्ण सूचना अवसंरचना को एक कंप्यूटर संसाधन के रूप में परिभाषित किया गया है, जिसके निष्क्रिय होने या नष्ट होने से राष्ट्रीय सुरक्षा, अर्थव्यवस्था, सार्वजनिक स्वास्थ्य या सुरक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।
- भारतीय **कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया दल (CERT-In)** आवश्यक सलाह और सूचना-साझाकरण प्रदान करता है, लेकिन इसमें स्वचालित, वास्तविक समय की खतरे की खुफिया जानकारी एवं सक्रिय भेद्यता स्कैनिंग का अभाव है जो एक मज़बूत रक्षा के लिये आवश्यक है। **अत: कथन 2 सही है।**

124.

उत्तर: D

व्याख्या:

**भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम की पहल:**

- **NACH (नेशनल ऑटोमेटेड क्लियरिंग हाउस)** NPCI (भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम) द्वारा स्थापित एक **निधि समाशोधन मंच है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- **भारत इंटरफेस फॉर मनी (BHIM) को** भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) द्वारा विकसित किया गया है, जो भारतीय रिज़र्व बैंक के मार्गदर्शन में देश में खुदरा भुगतान प्रणाली प्रदान करने वाली एक गैर-लाभकारी कंपनी है।
- **तत्काल भुगतान सेवा (IMPS) भारत में** एक अंतर-बैंक **इलेक्ट्रॉनिक निधि अंतरण प्रणाली है,** जिसे भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) द्वारा शुरू किया गया है।
    - यह मोबाइल बैंकिंग, इंटरनेट बैंकिंग या यहाँ तक कि ATM के माध्यम से तुरंत और सुरक्षित रूप से धन हस्तांतरण की अनुमति देता है।
- **अत: विकल्प D सही है।**

**125.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (कृषि श्रमिकों हेतु) [CPI-AL]** ग्रामीण कृषि श्रमिकों की जीवनयापन लागत में होने वाले परिवर्तनों को मापता है और विभिन्न राज्यों में कृषि श्रमिकों के लिये न्यूनतम मज़दूरी को समायोजित करने में उपयोग किया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **CPI-AL, CPI-RL (ग्रामीण श्रमिकों** हेतु उपभोक्ता मूल्य सूचकांक) का एक उप-समुच्चय है, जो ग्रामीण श्रमिकों की जीवनयापन लागत में होने वाले परिवर्तनों को मापता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- CPI-AL और CPI-RL दोनों के लिये आधार वर्ष 1986-87 है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
    - आधार वर्ष वह **सन्दर्भ बिंदु** होता है जिससे समय के साथ सांख्यिकीय परिवर्तनों की तुलना की जाती है, जैसे GDP, महँगाई आदि।

**126.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**मीथेन ($CH_4$):**

- मीथेन ($CH_4$) सबसे सरल हाइड्रोकार्बन है, जिसमें एक कार्बन परमाणु चार हाइड्रोजन परमाणुओं से जुड़ा होता है, और यह प्राकृतिक गैस का मुख्य घटक है।
- यह एक **गंधहीन, रंगहीन, स्वादहीन** गैस है जो वायु से हल्की होती है।
- जब **ऑक्सीजन** के साथ पूर्ण रूप से जलाया जाता है, तो मीथेन नीली लौ देता है और कार्बन डाइऑक्साइड ($CO_2$) तथा जल ($H_2O$) उत्सर्जित करता है।
- मीथेन की **वैश्विक तापन क्षमता (GWP) 28** है, जिसका अर्थ है कि यह निर्धारित समय अवधि में वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड की तुलना में 28 गुना अधिक गर्मी को फँसा लेता है।
- मीथेन को एक **अल्पकालिक जलवायु प्रदूषक (SLCP)** के रूप में वर्गीकृत किया गया है, जो लगभग 12 वर्षों तक वायुमंडल में रहता है और अल्प अवधि में $CO_2$ की तुलना में अधिक तापीय प्रभाव डालता है।
- **अत: विकल्प A सही है।**

**127.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **कार्बन बॉर्डर एडजस्टमेंट मैकेनिज्म (CBAM):**
    - यह **यूरोपीय संघ (EU)** की एक नीति है जो कार्बन उत्सर्जन को रोकने तथा स्वच्छ उत्पादन को बढ़ावा देने के क्रम में कुछ आयातों में निहित कार्बन उत्सर्जन पर कर लगाने पर केंद्रित है।
    - CBAM को **प्रारंभ में इस्पात,** सीमेंट, एल्युमीनियम, उर्वरक, हाइड्रोजन और विद्युत सहित विभिन्न क्षेत्रों पर लागू किया गया।
    - इसके तहत आयातकों को **अक्टूबर 2023 से कार्बन उत्सर्जन की रिपोर्टिंग** के साथ वर्ष 2026 से यूरोपीय संघ के कार्बन मूल्य निर्धारण के अनुरूप प्रमाण पत्र खरीदने का प्रावधान किया गया है।
    - यह **प्रणाली विश्व व्यापार संगठन (WTO)** के नियमों के अनुपालन पर केंद्रित है।
- **अत: विकल्प A सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

128.

उत्तर: C

व्याख्या:

आकाशतीर:

- यह प्रणाली दुश्मन के विमानों, ड्रोनों और मिसाइलों का पता लगाने, उन पर निगरानी रखने तथा उन पर हमला करने हेतु डिज़ाइन की गई है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह विभिन्न रडार प्रणालियों, सेंसरों तथा संचार प्रौद्योगिकियों को एक एकल परिचालन ढाँचे में एकीकृत करने पर केंद्रित है। **अत: कथन 2 सही है।**
- आकाशतीर कई स्रोतों से डेटा एकत्र करता है, उसे संसाधित करता है, और स्वचालित, वास्तविक समय के सहभागिता निर्णयों की अनुमति देता है।
- वाहन-आधारित होने के कारण यह गतिशील होने के साथ प्रतिकूल वातावरण में भी इसका प्रबंधन सुलभ होता है। **अत: कथन 3 सही है।**
- आकाशतीर परियोजना **डिजिटलीकरण** के माध्यम से वायु रक्षा नियंत्रण और रिपोर्टिंग प्रक्रियाओं को स्वचालित करने का एक अग्रणी प्रयास है।

129.

उत्तर: A

व्याख्या:

राष्ट्रीय जाँच एजेंसी ( NIA ):

- NIA भारत सरकार की एक **संघीय एजेंसी है जो आतंकवाद, उग्रवाद और अन्य राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों से संबंधित अपराधों की जाँच तथा मुकदमा चलाने के लिये ज़िम्मेदार है।**
  - किसी देश में संघीय एजेंसियों का क्षेत्राधिकार सामान्यत: उन मामलों पर होता है जो केवल व्यक्तिगत राज्यों या प्रांतों के बजाय **पूरे देश को प्रभावित करते हैं** ।
- **इसकी स्थापना वर्ष 2008 के मुंबई आतंकवादी हमलों के बाद वर्ष 2009 में की गई थी और यह गृह मंत्रालय** के अधीन राष्ट्रीय जाँच एजेंसी (NIA) अधिनियम, 2008 के तहत कार्य करती है।
- राष्ट्रीय जाँच एजेंसी (संशोधन) अधिनियम, 2019 द्वारा NIA अधिनियम, 2008 में संशोधन किया गया।
- NIA राज्य पुलिस बलों और अन्य एजेंसियों से आतंकवाद से संबंधित मामलों की जाँच अपने हाथ में ले सकती है।
- इसके पास राज्य सरकारों से पूर्व अनुमति प्राप्त किये बिना **राज्य की सीमाओं के पार मामलों की जाँच करने का** भी अधिकार है ।
- **NIA विभिन्न तरीकों से जाँच कर सकती है:**
  - राज्य सरकार अनुसूचित अपराधों से संबंधित मामलों को NIA अधिनियम 2008 की धारा 6 के तहत NIA जाँच के लिये **केंद्र सरकार को भेज सकती है।**
  - केंद्र सरकार NIA को भारत के अंदर या बाहर किसी अनुसूचित अपराध की जाँच करने का निर्देश भी दे सकती है।
    - अधिनियम की अनुसूची में उन अपराधों की सूची निर्दिष्ट की गई है जिनकी जाँच और अभियोजन NIA द्वारा किया जाना है।
- **अत: विकल्प A सही है।**

130.

उत्तर: B

व्याख्या:

जनगणना:

- जनसंख्या जनगणना किसी देश या देश के किसी निश्चित भाग के सभी व्यक्तियों के विषय में एक विशिष्ट समय में **जनसांख्यिकीय, आर्थिक और सामाजिक आँकड़ों को एकत्रित करने, संकलित करने, विश्लेषण करने तथा प्रसारित करने की संपूर्ण प्रक्रिया है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- **यह जनसंख्या विशेषताओं के रुझान** भी प्रदान करता है ।
- भारतीय जनगणना विश्व में की जाने वाली **सबसे बड़ी प्रशासनिक प्रक्रियाओं में से एक है।**
- दशकीय **जनगणना गृह मंत्रालय** के महापंजीयक एवं जनगणना आयुक्त कार्यालय द्वारा संचालित की जाती है।
- वर्ष 1951 तक, जनगणना संगठन **प्रत्येक जनगणना के लिये तदर्थ आधार पर स्थापित किया गया था। अतः कथन 1 सही है।**
- जनगणना, **जनगणना अधिनियम,** 1948 के प्रावधानों के अंतर्गत आयोजित की जाती है।
- भारतीय संविधान के **अनुच्छेद** 246 के तहत जनगणना **संघ का विषय है। अतः कथन 2 सही है।**
    - यह संविधान की सातवीं अनुसूची की क्रम संख्या 69 पर सूचीबद्ध है।
- जनगणना के दौरान एकत्र की गई जानकारी इतनी गोपनीय होती है कि यह **न्यायालयों के लिये भी सुलभ नहीं होती। अतः कथन 3 सही नहीं है।**
    - **जनगणना अधिनियम,** 1948 द्वारा गोपनीयता की गारंटी दी गई है ।
    - विधि में अधिनियम के किसी भी प्रावधान का उल्लंघन या अनुपालन न करने पर जनता और जनगणना अधिकारियों दोनों के लिये दंड का प्रावधान किया गया है।

131.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**क्यूरेटिव पिटीशन (उपचारात्मक याचिका):**

- क्यूरेटिव पिटीशन एक **कानूनी सहारा है जो** अंतिम सज़ा के खिलाफ समीक्षा याचिका खारिज होने के बाद उपलब्ध होता है। **अत:कथन 1 सही है।**
- संवैधानिक रूप से, सर्वोच्च न्यायालय के अंतिम फैसले को आम तौर पर केवल समीक्षा याचिका के माध्यम से ही चुनौती दी जा सकती है और तब भी केवल संकीर्ण प्रक्रियात्मक आधार पर ही।
    - क्यूरेटिव पिटीशन न्याय की गंभीर चूक को सुधारने के लिये एक **संयमित रूप से प्रयोग की जाने वाली न्यायिक नवीनता के रूप में कार्य करती है। अतः कथन 2 सही है।**
- क्यूरेटिव याचिकाओं पर आम तौर पर **न्यायाधीशों द्वारा चैंबर में निर्णय लिया जाता है,** हालाँकि विशिष्ट अनुरोध पर खुले न्यायालय में सुनवाई की अनुमति दी जा सकती है। **अतः कथन 3 सही है।**
- क्यूरेटिव याचिकाओं को नियंत्रित करने वाले सिद्धांत सर्वोच्च न्यायालय द्वारा **रूपा अशोक हुर्रा बनाम अशोक हुर्रा और अन्य केस,** 2002 में स्थापित किये गए थे। **अतः कथन 4 सही है।**

132.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- उचित उपयोग अमेरिका का **एक कानूनी सिद्धांत है (जैसा कि हाल ही में अमेरिकी सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है) जो** कुछ परिस्थितियों में बिना अनुमति के **कॉपीराइट सामग्री के सीमित उपयोग की अनुमति देता है। अतः कथन 1 सही है।**
    - यह निर्धारित करने के लिये कि क्या कोई **AI-जनित कार्य उचित उपयोग के रूप में योग्य है,** उपयोग के उद्देश्य, प्रकृति, मात्रा और प्रभाव जैसे कारकों पर विचार करना आवश्यक है।
    - **परिवर्तनकारी उपयोग,** जिसमें कॉपीराइट किये गए कार्य में नया अर्थ या अभिव्यक्ति जोड़ना शामिल होता है, अक्सर उचित उपयोग विश्लेषण में एक महत्त्वपूर्ण कारक होता है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- भारतीय **कॉपीराइट अधिनियम, 1957 और पेटेंट अधिनियम, 1970** निष्पक्ष व्यवहार के लिये विशिष्ट प्रावधान प्रदान करते हैं और कॉपीराइट उल्लंघन हेतु अपवादों को सूचीबद्ध करते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- AI मॉडलों के प्रशिक्षण हेतु कॉपीराइट सामग्री का उपयोग **कानूनी रूप से अस्पष्ट क्षेत्र माना जाता है।**
- वर्तमान स्थिति के अनुसार, **कॉपीराइट कानून किसी भी ऐसी रचना की रक्षा नहीं करता** जो पूर्णतः AI द्वारा उत्पन्न की गई हो, भले ही वह रचना मानव निर्मित पाठ प्रॉम्प्ट से उत्पन्न हुई हो।

133.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**व्यापारिक अभ्यास:**

- **इनसाइडर ट्रेडिंग** से तात्पर्य किसी सार्वजनिक रूप से व्यवसाय करने वाली कंपनी के स्टॉक या प्रतिभूतियों को कंपनी के संबंध में **सामग्री, अप्रकाशित जानकारी (MNPI)** के आधार पर खरीदने या बेचने के **अवैध अभ्यास** से है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - इससे व्यापारी को **अन्य निवेशकों की तुलना में अनुचित लाभ प्राप्त होता है** और बाज़ार की निष्पक्षता कमज़ोर होती है।
  - इनसाइडर में कंपनी के कार्यकारी अधिकारी, निदेशक, गोपनीय जानकारी तक पहुँच रखने वाले कर्मचारी (जो स्टॉक की कीमतों को प्रभावित कर सकती है), उनके रिश्तेदार या सहयोगी और कंपनी के साथ काम करने वाले वकील, बैंकर या ऑडिटर जैसे पेशेवर शामिल हो सकते हैं।
  - भारत में, **इनसाइडर ट्रेडिंग को SEBI अधिनियम, 1992 के तहत प्रतिबंधित किया गया है,** और इसे SEBI (इनसाइडर ट्रेडिंग का निषेध) विनियम, 2015 द्वारा विनियमित किया जाता है, जो इनसाइडर ट्रेडिंग को प्रतिबंधित करने और प्रतिबंधित करने के नियम निर्धारित करता है।
- **फ्रंट-रनिंग एक अवैध अभ्यास है,** जिसमें व्यापारी या दलाल अपेक्षित मूल्य आंदोलनों से लाभ अर्जित करने के लिये लंबित ग्राहक ट्रेडों की अग्रिम जानकारी का उपयोग करते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
  - इनसाइडर ट्रेडिंग के विपरीत, यह कंपनी की गैर-सार्वजनिक जानकारी (अप्रकाशित जानकारी) के बजाय बड़े ऑर्डरों के ज्ञान का लाभ उठाता है।
- **दोनों अभ्यास (इनसाइडर ट्रेडिंग और फ्रंट-रनिंग) भारत में SEBI के विनियमों** के तहत **प्रतिबंधित** हैं। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

134.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**रबड़:**

- **रबड़** एक **लोचदार पदार्थ है** जो बाह्य दबाव के प्रभाव पर विकृत हो जाता है, लेकिन दबाव हटा लेने पर शीघ्र ही अपने मूल आकार में आ जाता है।
- यह **प्राकृतिक या सिंथेटिक हो सकता है** और अन्य कार्बनिक यौगिकों के साथ-साथ कार्बनिक यौगिक आइसोप्रीन के पॉलिमर से बना होता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- रबड़, **जो अमेज़न वर्षावन का मूल वृक्ष है,** एक उष्णकटिबंधीय वृक्ष है जो 20° और 35°C के बीच लगातार उच्च तापमान में पनपता है, जिसका औसत मासिक औसत 27°C है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **रबड़ बोर्ड** देश में रबड़ उद्योग के समग्र विकास के लिये **रबड़ अधिनियम,** 1947 के तहत **गठित एक वैधानिक निकाय है। अतः कथन 3 सही है।**
  - यह **वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अधीन कार्य** करता है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

135.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**सरकारी ई-बाज़ार (GeM):**

- **वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय** द्वारा वर्ष 2016 में शुरू किया गया यह ऐप विभिन्न सरकारी विभागों/संगठनों/सार्वजनिक उपक्रमों को सामान्य उपयोग की आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं की ऑनलाइन खरीद हेतु सुविधा प्रदान करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
    - GeM के वर्तमान संस्करण (अर्थात **GeM 3.0**) को वर्ष 2018 में लॉन्च किया गया था।
    - यह सरकारी उपयोगकर्त्ताओं को सुविधा प्रदान करने तथा संपत्ति का सर्वोत्तम मूल्य प्राप्त करने के लिये **ई-बोली, रिवर्स ई-नीलामी और मांग समुच्चय** जैसे उपकरण प्रदान करने पर केंद्रित है। इसका उद्देश्य **सार्वजनिक खरीद में पारदर्शिता, दक्षता एवं गतिशीलता** को बढ़ाना है।
- **भारत की डाक प्रणाली, इंडिया पोस्ट और कॉमन सर्विस सेंटर (CSC)** का GeM के साथ एकीकरण पूरे देश में क्रियाशील है। **अत: कथन 2 सही है।**
    - इससे भारतीय डाक को देश के सुदूर भागों में GeM के माध्यम से लेन-देन करने वाले विक्रेताओं तथा खरीदारों को **लॉजिस्टिक्स सेवाएँ** प्रदान करने में सहायता मिलेगी।
- **राष्ट्रीय बाँस मिशन** तथा GeM के तहत बाँस की वस्तुओं के विपणन हेतु GeM पोर्टल पर एक समर्पित विंडो बनाई गई है। **अत: कथन 3 सही है।**

136.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**कॉपीराइट:**

- **कॉपीराइट** का तात्पर्य साहित्यिक, नाटकीय, संगीतमय और कलात्मक कार्यों तथा और कंप्यूटर प्रोग्राम के निर्माताओं को प्रदान की गई **विधिक सुरक्षा** से है। **अत: कथन 1 सही है।**
    - यह विचारों की नहीं बल्कि विचारों की अभिव्यक्ति की सुरक्षा पर केंद्रित है।
- कॉपीराइट के स्वामी के पास कार्य को अनुकूलित करने, पुनरुत्पादित करने, प्रकाशित करने, अनुवाद करने तथा लोगों तक पहुँचाने का अनन्य अधिकार होता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- वर्ष 1958 में पारित होने के बाद कॉपीराइट अधिनियम, 1957 में कई संशोधन हो चुके हैं। सबसे हालिया संशोधन वर्ष 2012 में हुआ था। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
- **कॉपीराइट (संशोधन) नियम 2021,** कॉपीराइट विधियों को अन्य संबंधित विधियों के साथ संरेखित करने के लिए बनाए गए थे। **अत: कथन 4 सही है।**
- **इन नियमों के तहत:**
    - रॉयल्टी के संग्रहण तथा वितरण में **जवाबदेहिता तथा पारदर्शिता** सुनिश्चित करने से संबंधित प्रावधान किए गए।
    - **कॉपीराइट बोर्ड** का अपीलीय बोर्ड के साथ विलय कर दिया गया तथा सॉफ्टवेयर पंजीकरण हेतु अनुपालन आवश्यकताओं को कम किया गया।

137.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**पंचायत उन्नति सूचकांक:**

- यह एक समग्र सूचकांक है जिसे **पंचायती राज मंत्रालय** द्वारा जारी किया गया है। इसका उद्देश्य भारत भर में ग्राम पंचायतों (GP) के प्रदर्शन और प्रगति का सामाजिक-आर्थिक संकेतकों के माध्यम से मूल्यांकन करना, विकास अंतराल की पहचान करना और साक्ष्य-आधारित योजना निर्माण में सहायता करना है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI) द्वारा विकसित **सतत् विकास लक्ष्यों (LSDG) के स्थानीयकरण** और **राष्ट्रीय संकेतक फ्रेमवर्क (NIF)** के अनुरूप है। **अत: कथन 2 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- यह भागीदारीपूर्ण, निम्नस्तरीय शासन को बढ़ावा देने, सामाजिक-आर्थिक संकेतकों के माध्यम से ग्राम पंचायतों के विकास का आकलन करने, अंतराल की पहचान करने और साक्ष्य-आधारित योजना को सक्षम बनाने के माध्यम से **SDG 2030 एजेंडा के प्रति भारत की प्रतिबद्धता** को दर्शाता है।

138.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**सामरिक पेट्रोलियम भंडार:**

- सामरिक पेट्रोलियम भंडार (स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिज़र्वस) **कच्चे तेल के विशाल भंडार हैं,** जिनका उपयोग किसी भी कच्चे तेल से संबंधित संकट से निपटने के लिये किया जाता है, जैसे कि प्राकृतिक आपदाएँ, युद्ध या अन्य आपदाएँ जो आपूर्ति में बाधा डाल सकती हैं।
- **अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा कार्यक्रम (I.E.P.)** पर हुए समझौते के अनुसार, प्रत्येक अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (IEA) देश को अपनी शुद्ध तेल आयात की मात्रा के कम से कम 90 दिनों के बराबर आपातकालीन तेल भंडार रखना अनिवार्य है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - तेल आपूर्ति में गंभीर बाधा की स्थिति में, IEA सदस्य सामूहिक कार्रवाई के तहत इन स्टॉक को बाज़ार में जारी करने का निर्णय ले सकते हैं।
- भारत वर्ष 2017 में अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी का सहयोगी सदस्य बन गया।
- **भारत में सामरिक कच्चे तेल भंडारण सुविधाओं** का निर्माण इंडियन स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिज़र्वस लिमिटेड (ISPRL) द्वारा प्रबंधित किया जा रहा है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - ISPRL पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के तहत तेल उद्योग विकास बोर्ड (OIDB) की **पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी** है।

139.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **धनप्रेषण/रेमिटेंस** वे धनराशि होती हैं जो विदेशों में कार्यरत लोग अपने परिवारों को घर भेजते हैं और ये घरेलू आय तथा अर्थव्यवस्था में अहम भूमिका निभाती हैं।
- **भारत के भुगतान संतुलन चालू खाते के तहत एकतरफा हस्तांतरण** के रूप में दर्ज किये गए धनप्रेषण, सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 3% बनाते हैं और देश के चालू खाता शेष में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत के लिये, अमेरिका ने **खाड़ी सहयोग परिषद (GCC)** को पीछे छोड़ते हुए कुल प्रेषण का सबसे बड़ा स्रोत बना लिया है, जो 27.7% (2023-24) का योगदान देता है, उसके बाद संयुक्त अरब अमीरात, ब्रिटेन, सऊदी अरब और सिंगापुर का स्थान आता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

140.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **डिजिटल भाषिनी** एक एआई-संचालित प्लेटफॉर्म है जो भारतीय भाषाओं में आवाज़-आधारित इंटरनेट एक्सेस और सामग्री निर्माण को सक्षम बनाता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- **भारत जेन** देश का पहला सरकारी-वित्त पोषित मल्टीमॉडल बड़ा भाषा मॉडल है, जो भाषा, भाषण और कंप्यूटर विज़न में मूलभूत एआई मॉडल के माध्यम से सार्वजनिक सेवा वितरण को बढ़ाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **इंडियाएआई डेटासेट प्लेटफॉर्म** एक एकीकृत प्लेटफॉर्म है जो स्टार्टअप्स और शोधकर्त्ताओं के लिये गुणवत्तापूर्ण गैर-व्यक्तिगत डेटासेट तक सहज पहुँच प्रदान करता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 — SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 — SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स — SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप — SCAN ME

141.

उत्तर: C

व्याख्या:

डाटा प्राइवेसी:

- वर्ष 2011 में, **न्यायमूर्ति ए.पी. शाह समिति ने** गोपनीयता कानून लाने का प्रस्ताव रखा था। **अत: कथन 1 सही है।**
- वर्ष 2017 में, सर्वोच्च न्यायालय ने न्यायमूर्ति केएस पुट्टस्वामी (सेवानिवृत्त) बनाम भारत संघ मामले में गोपनीयता को मौलिक अधिकार घोषित किया। **अत: कथन 2 सही है।**
- **डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम, 2023,** व्यक्तियों को अपने व्यक्तिगत डेटा को नियंत्रित करने का अधिकार देता है, जिसमें पहुँच, सुधार और विलोपन शामिल है। **अत: कथन 3 सही है।**
  - इसमें डेटा प्रोसेसिंग के लिये स्पष्ट सहमति प्रपत्र के साथ स्पष्ट सहमति की आवश्यकता होती है।

142.

उत्तर: A

व्याख्या:

विस्तारित निधि सुविधा (EFF):

- यह संरचनात्मक कमज़ोरियों के कारण भुगतान **संतुलन की महत्त्वपूर्ण मध्यम अवधि की कठिनाइयों का** सामना करने वाले देशों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है, जिन्हें हल करने हेतु समय की आवश्यकता होती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसका उद्देश्य **देशों को मध्यम अवधि के संरचनात्मक सुधारों में सहायता प्रदान करना है,** EFF लंबी कार्यक्रम अवधि और विस्तारित पुनर्भुगतान शर्तें प्रदान करता है।
- इसे आम तौर पर **3 वर्ष की अवधि के लिये स्वीकृति दी जाती है,** लेकिन गहन और निरंतर संरचनात्मक सुधारों को लागू करने हेतु इसे 4 वर्ष तक की अवधि के लिये भी स्वीकृति दी जा सकती है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

143.

उत्तर: B

व्याख्या:

ब्लॉकचेन:

- यह एक साझा डेटाबेस है जो पारंपरिक डेटाबेस के विपरीत क्रिप्टोग्राफिक रूप से जुड़े ब्लॉक में डेटा संग्रहीत करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- विकेंद्रीकृत ब्लॉकचेन अपरिवर्तनीय हैं, जिसका अर्थ है कि एक बार डेटा रिकॉर्ड हो जाने के बाद, इसे बदला या पूर्ववत नहीं किया जा सकता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) **ने राष्ट्रीय ब्लॉकचेन फ्रेमवर्क (NBF)** लॉन्च किया, जो ब्लॉकचेन तकनीक के माध्यम से पारदर्शिता एवं विश्वास सुनिश्चित करके डिजिटल शासन को बढ़ाने के लिये डिज़ाइन किया गया एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

144.

उत्तर: C

व्याख्या:

आर्कटिक क्षेत्र:

- यह **पृथ्वी के सबसे उत्तरी भाग में स्थित है** और इसमें आर्कटिक महासागर एवं कनाडा, रूस, संयुक्त राज्य अमेरिका, नॉर्वे व ग्रीनलैंड सहित **कई देशों के हिस्से शामिल हैं। अत: कथन 1 सही है।**
- यह क्षेत्र बर्फ से ढका हुआ है, जिसमें समुद्री बर्फ और बर्फ की चोटियाँ शामिल हैं, जो सूर्य के प्रकाश को परावर्तित करके **पृथ्वी की जलवायु को विनियमित करने** में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- आर्कटिक में कोयला, जिप्सम, हीरे, जस्ता, सीसा, सोना और क्वाट्र्ज़ के प्रचुर भंडार हैं, जबकि ग्रीनलैंड में वैश्विक दुर्लभ पृथ्वी भंडार का **लगभग एक चौथाई हिस्सा है। अत: कथन 3 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME




145.

उत्तर: D

**व्याख्या:**

- **डेटा सेंटर** विशेष सुविधाएँ हैं जिनका उपयोग बड़ी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक डेटा को संग्रहीत, प्रबंधित और संसाधित करने के लिये किया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- सार्वजनिक **अभिलेख अधिनियम, 1993,** भारत से सार्वजनिक अभिलेखों को हटाने पर रोक लगाता है, तथा पहली बार स्थानीय डेटा भंडारण की आवश्यकता को लागू करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **भारत का पहला हाइपरस्केल डेटा सेंटर,** Yotta D1, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश में स्थापित किया गया है, जो भारत की डेटा सेंटर क्षमता में एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि है। **अतः कथन 3 सही है।**
- राष्ट्रीय **सूचना विज्ञान केंद्र ( NIC )** ने सरकारी पहलों और डिजिटल बुनियादी ढाँचे का समर्थन करने के लिये उन्नत राष्ट्रीय डेटा केंद्र स्थापित किये। **अतः कथन 4 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

146.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **सर्वोच्च न्यायालय (SC) ने पूर्वव्यापी पर्यावरणीय मंज़ूरी (EC) (किसी परियोजना के शुरू हो जाने के बाद दी गई) को अवैध घोषित कर दिया है** और वर्ष 2017 के पर्यावरण मंत्रालय की अधिसूचना तथा वर्ष 2021 के कार्यालय ज्ञापन (OM) को अमान्य कर दिया है, जो परियोजनाओं के लिये पूर्वव्यापी मंज़ूरी की अनुमति देता है।
- सर्वोच्च न्यायालय ने टिप्पणी की कि **मंज़ूरी के बाद अनुमोदन की अवधारणा अनुच्छेद 21** (प्रदूषण मुक्त वातावरण में जीवन का अधिकार) और अनुच्छेद 14 (कानून के समक्ष समानता का अधिकार) का उल्लंघन है, क्योंकि कार्यालय ज्ञापन उन सभी परियोजना समर्थकों पर लागू होता है जो उल्लंघन के परिणामों से "पूरी तरह अवगत" थे।
- सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि **पर्यावरण प्रभाव आकलन अधिसूचना, 2006** के तहत पर्यावरण, प्राकृतिक संसाधनों, मानव स्वास्थ्य और सामाजिक बुनियादी ढाँचे पर किसी परियोजना के प्रभाव की जाँच करने के लिये पूर्व मंज़ूरी अनिवार्य है। **अतः कथन I सही है।**
- न्यायालय ने इस तर्क पर ज़ोर दिया कि विकास पर्यावरणीय क्षरण की कीमत पर नहीं हो सकता है और **प्रकृति की रक्षा के लिये अनुच्छेद 51 A(g) के तहत संवैधानिक कर्त्तव्य की पुष्टि की । अतः कथन II सही है।**
- **अतः विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन I की सही व्याख्या है।**

147.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**किसान उत्पादक संगठन:**

- FPO एक प्रकार का उत्पादक संगठन (PO) है जिसके सदस्य किसान होते हैं तथा इसके प्रचार-प्रसार को लघु कृषक कृषि व्यवसाय संघ (SFAC) द्वारा समर्थन दिया जाता है।
- FPO वर्ष 2008 में अस्तित्व में आए, जो **कंपनी अधिनियम, 1956** में संशोधन करने के लिये अर्थशास्त्री **वाई.के. अलघ की सिफारिश (2002) से प्रेरित थे। अतः कथन 1 सही है।**
- FPO छोटे किसानों को **थोक इनपुट खरीद की सुविधा प्रदान करके**, सौदेबाजी की शक्ति में सुधार करके और कम लागत के साथ बेहतर मूल्य प्राप्ति सुनिश्चित करके सहायता करते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
    - उत्पादक संगठन, कृषि, गैर-कृषि या कारीगरों का एक समूह है, जो उत्पादक कंपनियों या सहकारी समितियों जैसे कानूनी रूप ले सकता है तथा सदस्यों के बीच लाभ साझा कर सकता है।
    - उद्देश्य एवं आवश्यकता: भारतीय कृषि पर छोटे और सीमांत किसानों का प्रभुत्व है (87% के पास 2 हेक्टेयर से कम भूमि है), जो मौसम और बाज़ार जोखिमों का सामना करते हैं तथा उचित मूल्य पाने के लिये संघर्ष करते हैं।
- FPO को **कंपनी अधिनियम, 2013**, सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 या भारतीय ट्रस्ट अधिनियम, 1882 के तहत सार्वजनिक ट्रस्ट के रूप में पंजीकृत किया जा सकता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

148.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**स्पूफिंग:**

- स्पूफिंग तब होता है जब व्यापारी बाज़ार में **नकली खरीद या बिक्री के आदेश दिये जाते हैं**, जिसका उद्देश्य उन्हें निष्पादित होने से पहले ही रद्द करना होता है।
- यह मूलतः लेनदेन को पूरा करने की किसी योजना के बिना **फर्ज़ी ऑर्डर बनाने का कार्य है।**
- बाज़ार नियामक सेबी ने स्टॉक ब्रोकर पटेल वेल्थ एडवाइज़र्स (PWAPL) को अपने मालिकाना खाते का उपयोग करके प्रतिभूतियों में व्यापार करने से प्रतिबंधित कर दिया है।
    - यह प्रतिबंध PWAPL पर 'स्पूफिंग' गतिविधि में संलिप्त होने के आरोपों के कारण लगाया गया है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- PWAPL ने कथित तौर पर बड़ी मात्रा में विभिन्न शेयरों में कई पूर्णत: प्रकट खरीद और बिक्री के आदेश दिये।
- ये आदेश, बिना किसी निष्पादन के आशय के, प्रचलित बाज़ार मूल्य से काफी नीचे या ऊपर की कीमतों पर दिये गए थे।

- **अत: विकल्प A सही है।**

149.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**सुरक्षित बंदरगाह नियम:**

- सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को **उपयोगकर्त्ता द्वारा उत्पन्न सामग्री के लिये कानूनी रूप से उत्तरदायी सिद्ध नहीं किया जाता है, जब तक कि वे चिह्नित आपत्तिजनक सामग्री को हटाने या संबोधित करने के लिये कार्य करते हैं**, इस प्रकार मुक्त भाषण का समर्थन करते हैं और यह सुनिश्चित करते हैं कि प्लेटफार्म पूर्वव्यापी सामग्री नियंत्रण के लिये ज़िम्मेदार नहीं हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारत में, **सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 79 के तहत सुरक्षित बंदरगाह संरक्षण** प्रदान किया गया है।
- **सूचना प्रौद्योगिकी नियम, 2021 के अनुसार, 5 मिलियन से अधिक उपयोगकर्ताओं वाली सोशल मीडिया कंपनियों को एक मुख्य अनुपालन अधिकारी** नियुक्त करना होगा, जिसे टेकडाउन अनुरोधों या अन्य विनियमों का पालन न करने पर आपराधिक रूप से उत्तरदायी सिद्ध किया जा सकता है। **अत: कथन 2 सही है।**

150.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (SAARC):**

- **SAARC (सार्क) की अवधारणा वर्ष 1980** में आकार लेने लगी जब **बांग्लादेश के राष्ट्रपति जियाउर रहमान ने शांति और स्थिरता को बढ़ावा देने** के लिये **क्षेत्रीय सहयोग का प्रस्ताव** रखा।
- **SAARC की स्थापना** औपचारिक रूप से **8 दिसंबर 1985 को ढाका, बांग्लादेश** में हुई थी, जिसके 7 संस्थापक सदस्य थे: **बांग्लादेश, भूटान, भारत, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका।**
- **अफ़गानिस्तान वर्ष 2007 में 8वें सदस्य के रूप में शामिल** हुआ।
- **अत: विकल्प B सही है।**

151.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- शरणार्थी वे व्यक्ति होते हैं जो अपने **जीवन, शारीरिक सुरक्षा या स्वतंत्रता को गंभीर खतरों के कारण अपने देश से भागकर अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा** की मांग करते हैं।।
  - ये खतरे उनके **मूल देश में उत्पीड़न, सशस्त्र संघर्ष, हिंसा या सार्वजनिक अशांति से उत्पन्न** हो सकते हैं।
- चूँकि भारत ने शरणार्थी सम्मेलन में उल्लिखित अंतर्राष्ट्रीय परिभाषाओं और मानकों को नहीं अपनाया है, इसलिये **भारतीय कानून के तहत शरणार्थियों की कोई विशिष्ट कानूनी रूपरेखा या परिभाषा नहीं** है। **अत: कथन I सही है।**
- भारत में **शरणार्थी शब्द को कानूनी रूप से परिभाषित नहीं** किया गया है, क्योंकि देश ने 1951 शरणार्थी सम्मेलन या इसके 1967 प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर नहीं किये हैं। **अत: कथन II सही है।**
- इस अनुपस्थिति के कारण आर्थिक प्रवासियों और शरण चाहने वाले वास्तविक शरणार्थियों के बीच अंतर करना कठिन हो जाता है।
- **अत: विकल्प A सही है, क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन I का सही व्याख्या है।**

152.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- भारत में **विश्व का पाँचवाँ सबसे बड़ा बॉक्साइट भंडार है,** जिसका उपयोग एल्युमीनियम बनाने में किया जाता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- **यह मुख्य रूप से हाइड्रेटेड एल्यूमीनियम ऑक्साइड** से बनी चट्टान है।
  - बॉक्साइट का उपयोग मुख्यत: बेयर प्रक्रिया के माध्यम से एल्यूमिना के उत्पादन के लिये किया जाता है।
- भारत के लगभग 60% बॉक्साइट भंडार ओडिशा में केंद्रित हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- बॉक्साइट के निक्षेप मुख्यत: लैटेराइट से जुड़े हैं तथा गुजरात और गोवा के तटीय क्षेत्रों को छोड़कर पहाड़ियों एवं पठारों पर आवरण के रूप में पाए जाते हैं।
- ऑस्ट्रेलिया प्रमुख उत्पादक बना रहा और कुल उत्पादन में इसकी हिस्सेदारी लगभग 29% रही, इसके बाद चीन (19%), गिनी (18%), ब्राज़ील (10%) और भारत (7%) का स्थान रहा।
- आर्थिक दृष्टि से एल्युमीनियम, लौह अयस्क और तांबे के बाद **तीसरी सबसे महत्त्वपूर्ण आधार धातु है। अत: कथन 3 सही है।**

**153.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (NPA):**

- यह बैंकों या वित्तीय संस्थानों द्वारा जारी किये गए ऋण या अग्रिमों को संदर्भित करता है **जो अब ऋणदाता के लिये पैसा नहीं लाते हैं** क्योंकि उधारकर्ता कम से कम 90 दिनों के लिये ऋण के मूलधन और ब्याज का भुगतान करने में विफल रहा है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- कृषि ऋण के लिये, अल्पावधि फसलों हेतु दिया गया ऋण NPA माना जाएगा यदि मूलधन या ब्याज की किश्त **दो फसल मौसमों के लिये बकाया रहती है। अत: कथन 2 सही है।**
  - लंबी अवधि की फसलों के लिये दिया गया ऋण NPA माना जाएगा यदि मूलधन या ब्याज की किश्त **एक फसल मौसम के लिये बकाया रहती है।**

**154.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**पूंजी खाता लेनदेन:**

- पूंजी खाता लेनदेन से तात्पर्य ऐसे **लेनदेन से है जो भारत के निवासियों की भारत से बाहर की परिसंपत्तियों या देनदारियों में परिवर्तन करते हैं,** या इसके विपरीत।
  - इस श्रेणी के अंतर्गत प्रमुख लेन-देन में **विदेशी प्रतिभूतियों का हस्तांतरण या जारी करना,** निवासियों और गैर-निवासियों के बीच विदेशी मुद्रा या रुपये में उधार लेना या देना, **मुद्रा नोटों का निर्यात/आयात** तथा भारत या विदेश में अचल संपत्ति का अधिग्रहण या हस्तांतरण शामिल हैं।
- **चालू खाता लेनदेन** में वे लेनदेन शामिल हैं जो पूंजी खाता लेनदेन से संबंधित नहीं हैं।
  - **इसमें विदेशी व्यापार, सेवाओं और निवेश से होने वाली आय के भुगतान के साथ-साथ धनप्रेषण एवं विदेशी सहायता** जैसे हस्तांतरण भी शामिल हैं ।
- **अत: विकल्प A सही है।**

**155.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**बॉण्ड:**

- बॉण्ड एक उधार लेने का साधन है **जिसे सरकार या कंपनी द्वारा** धन जुटाने के लिये जारी किया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - चूंकि सरकारी बॉण्ड (जिन्हें भारत में G-सेक, अमेरिका में ट्रेजरी और UK में गिल्ट कहा जाता है) संप्रभु गारंटी के साथ आते हैं, इसलिये उन्हें सबसे सुरक्षित निवेशों में से एक माना जाता है।
- बॉण्ड की यील्ड इसकी **रिटर्न की प्रभावी दर है** , जो बॉण्ड की कीमत में बदलाव के साथ बदलती रहती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI)** बॉण्ड यील्ड को प्रबंधित करने और अर्थव्यवस्था के भीतर मौद्रिक स्थितियों को विनियमित करने के लिये **ओपन मार्केट ऑपरेशंस (OMO) को एक उपकरण के रूप में** नियोजित करता है । **अत: कथन 3 सही है।**

**156.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**आकाश मिसाइल प्रणाली:**

- यह **भारत में निर्मित सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल (SAM) प्रणाली है,** जिसे एयरक्राफ्ट, हेलीकॉप्टर और मिसाइलों जैसे विभिन्न हवाई खतरों से बचाव के लिये डिज़ाइन किया गया है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- इस प्रणाली को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) द्वारा विकसित किया गया था , और इसका उपयोग मुख्य रूप से भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा किया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसकी रेंज लगभग 25-30 किलोमीटर है, जिससे यह मध्यम ऊँचाई पर स्थित लक्ष्यों पर प्रहार कर सकती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- मिसाइल लक्ष्य प्राप्ति और अवरोधन के लिये रडार-निर्देशित होमिंग का उपयोग करती है, जबकि **राजेंद्र रडार** का उपयोग ट्रैकिंग और मार्गदर्शन के लिये किया जाता है। **अत: कथन 3 सही है।**
- यह प्रणाली एक साथ कई लक्ष्यों पर नज़र रखने और उन पर हमला करने में सक्षम है।
- इसे महत्त्वपूर्ण परिसंपत्तियों की **पॉइंट डिफेंस** और बड़े क्षेत्रों की क्षेत्रीय रक्षा दोनों के लिये स्वायत्त रूप से संचालित करने के लिये डिज़ाइन किया गया है। **अत: कथन 4 सही है।**

157.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**गैलापागोस द्वीपसमूह:**

- वे **प्रशांत महासागर** में स्थित हैं और इक्वाडोर का हिस्सा हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- वर्ष 1978 में, ये द्वीप यूनेस्को के पहले विश्व धरोहर स्थल बन गए। **अत: कथन 2 सही है।**
- गैलापागोस द्वीप समूह **गंभीर रूप से लुप्तप्राय** गैलापागोस पेंगुइन, गैलापागोस फर सील और गैलापागोस सी लायन का आश्रय स्थल है । **अत: कथन 3 सही नहीं है।**




दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025
SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025
SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स
SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप
SCAN ME

158.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **ग्रेट बैरियर रीफ,** जो **क्वींसलैंड, ऑस्ट्रेलिया से 2,300 किमी तक** विस्तृत दुनिया की सबसे बड़ी कोरल रीफ प्रणाली है, जो **वर्ष 1981 से यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल** है और यह **डुगोंग और हरे कछुए जैसी लुप्तप्राय प्रजातियों का आवास** है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- **निंगालू रीफ** (**वर्ष 2011** से **यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल**) **ऑस्ट्रेलिया के पश्चिमी तट पर 300 किमी लंबी एक फ्रिंजिंग रीफ** है।
    - **फ्रिंजिंग रीफ (किनारे के प्रवाल भित्तियाँ),** वे प्रवाल भित्तियाँ हैं जो तटरेखा या द्वीपों के साथ बनती हैं, जिनका तट से बहुत कम या कोई अलगाव नहीं होता। **अत: कथन 2 सही है।**
    - **निंगालू तट** समृद्ध जैवविविधता, गहरे समुद्री आवास, कार्स्ट गुफाएँ और केप रेंज के परिदृश्यों को समेटे हुए है।
    - यहाँ **प्रतिवर्ष 300-500 व्हेल शार्क** आती हैं और **स्थानिक प्रजातियाँ जैसे एक्समाउथ स्पाइनी-टेल्ड गेको, वेस्टर्न नेटेड ड्रैगन और वेस्ट कोस्ट बैंडेड स्नेक भी** पाई जाती हैं।
- **प्रवाल विरंजन (Coral Bleaching)** प्रवालों के रंग की हानि (सफेद होना) है जो पर्यावरणीय तनाव, मुख्य रूप से समुद्री तापमान में वृद्धि के कारण होता है। **इससे प्रवाल अपने सहजीवी शैवाल (ज़ोक्सांथेली) को बाहर निकाल देते हैं जो पोषक तत्त्व और रंग प्रदान करते हैं। अत: कथन 3 सही है। अत: कथन 3 सही है।**
    - वर्ष 2023 तक विरंजन स्तर के ताप तनाव ने वैश्विक प्रवाल भित्तियों के 83.6% को प्रभावित किया है, तथा 81 देशों में प्रवाल विरंजन की रिपोर्ट की गई है।

159.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- भारत संविधान के **अनुच्छेद 343** के तहत **हिंदी को संघ की आधिकारिक भाषा के रूप में अपनाने के उपलक्ष्य** में **प्रतिवर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस** मनाता है। अत: कथन 1 सही है।
- **कोठारी आयोग (1964-66) के त्रि-भाषा फॉर्मूले** में गैर-हिंदी भाषी राज्यों में हिंदी को शीघ्र शुरू करने और हिंदी भाषी राज्यों में एक गैर-हिंदी भारतीय भाषा को शुरू करने का प्रस्ताव रखा गया था। **अत: कथन 2 सही है।**
- **हिंदी** भाषा भारत के **संविधान की आठवीं अनुसूची की 22 भाषाओं में से एक** है। **अत: कथन 3 सही है।**

160.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**आर्थिक पूंजी ढाँचा (ECF):**

- ECF **भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) द्वारा जोखिम प्रावधानों** के उचित स्तर **और अधिशेष (लाभ) को निर्धारित करने हेतु अपनाया गया एक संरचित तंत्र है, जिसे RBI अधिनियम, 1934 की धारा 47** के तहत भारत सरकार को हस्तांतरित किया जा सकता है।
- इस रूपरेखा की सिफारिश RBI के पूर्व गवर्नर **बिमल जालान समिति (वर्ष 2018) द्वारा की गई थी** और इसे औपचारिक रूप से वर्ष 2019 में अपनाया गया था।
- **इसका उद्देश्य मौद्रिक और वित्तीय स्थिरता के लिये पर्याप्त वित्तीय बफर बनाए रखने** और विवेकपूर्ण अधिशेष वितरण सुनिश्चित करने के **बीच संतुलन** बनाना है।
- यह RBI को मुद्रा अस्थिरता और आर्थिक संकट जैसे अप्रत्याशित झटकों के खिलाफ वित्तीय सुरक्षा के रूप में **आकस्मिक जोखिम बफर (CRB) बनाए रखने में सक्षम बनाता है।**
- **अत: विकल्प A सही है।**

161.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**जल जीवन मिशन:**

- **वर्ष 2019 में लॉन्च किये गए** इस अभियान का लक्ष्य दिसंबर 2024 तक **सभी 16 करोड़ ग्रामीण परिवारों को नल का पानी उपलब्ध कराना है। अत: कथन 1 सही नहीं है।**
    - वर्तमान में **75% कवरेज प्राप्त कर लिया गया है** तथा लगभग 4 करोड़ परिवार अभी भी लंबित हैं।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- केंद्र और राज्य के बीच फंड शेयरिंग पैटर्न हिमालयी (उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश) और पूर्वोत्तर राज्यों के लिये **90:10, केंद्र शासित प्रदेशों के लिये 100:0 एवं बाकी राज्यों हेतु 50:50 है। अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- **गोवा,दादरा व नगर हवेली एवं दमन तथा दीव (D&NH और D&D)** क्रमश: देश के **पहले 'हर घर जल' प्रमाणित राज्य और केंद्र शासित प्रदेश हैं।अत: कथन 3 सही है।**

162.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- भारत **मौसम विज्ञान विभाग (IMD) वर्तमान में मानसून मिशन परियोजना** के तहत विकसित युग्मित पूर्वानुमान प्रणाली (CFS) का उपयोग करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - मूल CFS मॉडल फ्रेमवर्क अमेरिका स्थित राष्ट्रीय पर्यावरण पूर्वानुमान केंद्र द्वारा बनाया गया था।
  - भारत के लिये, CFS को विभिन्न स्थानिक और लौकिक पैमानों पर भारतीय मानसून क्षेत्र के लिये **पूर्वानुमान तैयार करने हेतु अनुकूलित किया गया था।**
  - इसके अतिरिक्त, IMD **वैश्विक पूर्वानुमान प्रणाली (GFS) का संचालन करता है**, जो समुद्री और वायुमंडलीय दोनों कारकों पर विचार करने वाला एक युग्मित मॉडल है, जो कुछ घंटों से लेकर एक मौसम तक का मौसम पूर्वानुमान प्रदान करता है।
- **भारत पूर्वानुमान प्रणाली (BFS)** भारत का पहला स्वदेशी रूप से विकसित नियतात्मक मौसम मॉडल है जिसमें उच्चतम रिज़ॉल्यूशन है और इसे जल्द ही भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) द्वारा अपनाया जाएगा। **अत: कथन 2 सही है।**

163.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**नमामि गंगे कार्यक्रम (NGP):**

- यह प्रदूषण को कम करके, जल की गुणवत्ता में सुधार करके और नदी के पारिस्थितिकी तंत्र को बहाल करके **गंगा नदी तथा उसकी सहायक नदियों के पुनरुद्धार के लिये** एक प्रमुख कार्यक्रम है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - इसे वर्ष 2014 में 20,000 करोड़ रुपए के बजट के साथ वर्ष 2021 तक के लिये शुरू किया गया था और अब इसे 22,500 करोड़ रुपए के साथ मार्च 2026 तक बढ़ा दिया गया है।
- **हाइब्रिड एन्युटी मॉडल (HAM)** के अंतर्गत विजेता बोलीदाता द्वारा एक विशेष प्रयोजन वाहन (SPV) सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (STP) के विकास, संचालन और रखरखाव का कार्य संभालता है।
  - लागत का 40% निर्माण के बाद तथा 60% परियोजना की पूरी अवधि के दौरान चुकाया जाता है।
- दिसंबर 2022 में, **पारिस्थितिकी तंत्र बहाली पर संयुक्त राष्ट्र दशक ने** NGP को शीर्ष 10 विश्व बहाली फ्लैगशिप पहलों में से एक के रूप में मान्यता दी। **अत: कथन 2 सही है।**
- अंतर्राष्ट्रीय जल एसोसिएशन ने NGP को क्लाइमेट स्मार्ट यूटिलिटी की उपाधि से सम्मानित किया। **अत: कथन 3 सही है।**

164.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- वर्षों से, **कई विशेषज्ञ समितियों** ने **भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI)** के **पूंजी बफर** की पर्याप्तता और स्थानांतरित की जाने वाली अधिशेष राशि की मात्रा की समीक्षा की है:
  - **वी. सुब्रह्मण्यम समिति (1997)**
  - **उषा थोराट समिति (2004)**
  - **वाई. एच. मालेगाम समिति (2013)** ने विवेकपूर्ण भंडार बनाए रखते हुए सरकार को अधिक धनराशि स्थानांतरित करने की सिफारिश की थी।
  - **बिमल जालान समिति (2018)** ने राजकोषीय आवश्यकताओं के साथ जोखिम प्रावधान को संतुलित करते हुए **संशोधित आर्थिक पूंजी ढाँचा (ECF) पेश किया।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025
SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025
SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स
SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप
SCAN ME

- इन सिफारिशों, विशेषकर मालेगम और जालान समितियों की सिफारिशों का पालन करते हुए, RBI ने सरकार को अधिशेष स्थानांतरण में क्रमिक रूप से वृद्धि की है, जिससे दोनों – मैक्रोइकनॉमिक स्थिरता और सार्वजनिक व्यय के लिये राजकोषीय स्थान – सुनिश्चित हुआ है।
- **अत: विकल्प D सही है।**

165.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**कोयला क्षेत्र:**

- भारत के पास विश्व के पाँचवें सबसे बड़े कोयला भंडार हैं और यह दूसरा सबसे बड़ा कोयला उपभोक्ता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - वर्ष 2023 में, **चीन विश्व में सबसे बड़ा कोयला उपभोक्ता था**। भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका क्रमश: दूसरे और तीसरे सबसे बड़े कोयला उपभोक्ता थे, और इन तीनों देशों के बीच पर्याप्त अंतर था।
  - कोयला **भारत की ऊर्जा मिश्रण में 55%** का योगदान देता है और बिजली उत्पादन का 74% से अधिक कोयले से चलता है।
  - **ओडिशा, झारखंड, और छत्तीसगढ़** भारत के शीर्ष तीन कोयला-समृद्ध राज्य हैं, जो देश के कुल कोयला भंडार का लगभग 69% हिस्सा रखते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- सरकार ने कोयले की उपलब्धता बढ़ाने और विद्युत क्षेत्र के संचालन को सरल बनाने के लिये **संशोधित शक्ति नीति** को मंज़ूरी दी है, जिसके तहत नामांकन आधारित कोयला आवंटन प्रणाली को पारदर्शी नीलामी और टैरिफ आधारित बोली प्रणाली से बदल दिया गया है। **अत: कथन 3 सही है।**
  - इसमें व्यापार को आसान बनाने के लिये आठ पुरानी श्रेणियों की जगह दो सुव्यवस्थित विंडो—विंडो I और विंडो II—को लागू किया गया है।

166.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**राज्य विकास ऋण (SDL):**

- इसका आशय ऐसी ऋण प्रतिभूतियों से है जिन्हें **राज्य सरकारें** अपनी उधारी सीमा के तहत बजट घाटे को वित्तपोषित करने हेतु जारी करती हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसके तहत आमतौर पर वर्ष में दो बार ब्याज दिया जाता है और मूल राशि परिपक्वता पर (**आमतौर पर 10 वर्ष बाद**,हालाँकि अन्य अवधि भी संभव है) वापस कर दी जाती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- SDL पर रिटर्न या प्राप्ति, केंद्र सरकार के बॉण्ड की तुलना में अधिक होती है।
- भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI), SDL का प्रबंधन करता है और राज्यों द्वारा ब्याज एवं मूलधन के समय पर भुगतान की निगरानी करता है, लेकिन इसके द्वारा इन ऋणों पर **कोई गारंटी नहीं** दी जाती है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
  - SDL (ब्याज और मूलधन) का पुनर्भुगतान, जारी करने वाली राज्य सरकार की ज़िम्मेदारी होती है।
  - SDL को इस अर्थ में "**संप्रभु गारंटी**" प्राप्त माना जाता है कि वे राज्य के राजस्व द्वारा समर्थित होते हैं तथा व्यवहार में, इनमें चूक अत्यंत दुर्लभ होती है।
- SDL का **इलेक्ट्रॉनिक रूप से व्यापार** किया जा सकता है और इन्हें **मुख्य रूप से बैंकों**, बीमा कंपनियों, म्यूचुअल फंड, भविष्य निधि तथा अन्य संस्थागत निवेशकों के साथ-साथ खुदरा निवेशकों द्वारा रखा जाता है।

167.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**चावल:**

- चावल अधिकांश भारतीयों का **मुख्य भोजन** है और कम वर्षा वाले क्षेत्रों में इसकी **खेती सिंचाई** के माध्यम से की जाती है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- दक्षिणी राज्यों के साथ पश्चिम बंगाल की जलवायु परिस्थितियाँ, **एक कृषि वर्ष में चावल की दो या तीन फसलें** उगाने के अनुकूल हैं।
- चावल उत्पादन में **भारत, चीन के बाद दूसरे स्थान** पर है जहाँ इसकी **कुल फसल भूमि में से लगभग एक-चौथाई भाग पर चावल** की कृषि होती है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - **अग्रणी उत्पादक राज्य:** पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और पंजाब।
  - **उच्च उपज वाले राज्य:** पंजाब, तमिलनाडु, हरियाणा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल और केरल।
- यह एक **खरीफ फसल** है जिसके लिये उच्च तापमान (25 डिग्री सेल्सियस से अधिक), उच्च आर्द्रता तथा 100 सेमी से अधिक वार्षिक वर्षा की आवश्यकता होती है। **अतः कथन 2 सही है।**


168.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**हॉर्न ऑफ अफ्रीका:**

- **हॉर्न ऑफ अफ्रीका में जिबूती, इरीट्रिया, इथियोपिया और सोमालिया** देश शामिल हैं।
- यह एक **प्रायद्वीप और पूर्वी अफ्रीका** का क्षेत्र है, जो अरब सागर और हिंद महासागर में आगे की ओर निकलता है और अफ्रीकी महाद्वीप का सबसे पूर्वी छोर बनाता है।
  - इस क्षेत्र ने **संघर्ष, सूखा, अकाल** और प्रवासन संकट का सामना किया है, लेकिन यह सांस्कृतिक इतिहास और जैवविविधता की दृष्टि से भी समृद्ध है।
  - यह **जलवायु सहनशीलता, पशुपालन** और रेड सी (लाल सागर) व्यापार के लिये एक महत्त्वपूर्ण क्षेत्र है।




- **अतः विकल्प D सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025
SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025
SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स
SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप
SCAN ME

169.

उत्तर: B

व्याख्या:

- भारतीय संविधान का **अनुच्छेद 19(2)** भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार पर उचित प्रतिबंध लगाने के **आठ आधारों को रेखांकित करता है, जैसा कि अनुच्छेद 19(1)(a) के तहत गारंटी दी गई है।**
    - इन आधारों में भारत की संप्रभुता और अखंडता, राज्य की सुरक्षा, विदेशी राज्यों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध, सार्वजनिक व्यवस्था, शालीनता या नैतिकता, न्यायालय की अवमानना, मानहानि और अपराध के लिये प्रेरित करना शामिल हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- **श्रेया सिंघल बनाम भारत संघ (2015) मामले** में, सर्वोच्च न्यायालय ने सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 66A को रद्द करते हुए फैसला सुनाया कि "अपमान" या "घृणा" जैसे अस्पष्ट आधार भाषण को अपराध घोषित करने का औचित्य नहीं दे सकते। **अतः कथन 2 सही है।**
    - इसने पुष्टि की कि यहाँ तक कि "आक्रामक" या "परेशान करने वाले" भाषण को भी अनुच्छेद 19(1)(a) के तहत संरक्षित किया गया है और किसी भी प्रतिबंध को अनुच्छेद 19(2) के तहत तर्कसंगतता के परीक्षण को पूरा करना होगा।
- **कौशल किशोर बनाम उत्तर प्रदेश राज्य (2023) मामले** में, संविधान पीठ ने पुनः पुष्टि की कि अनुच्छेद 19(2) के तहत आधार संपूर्ण हैं।

170.

उत्तर: C

व्याख्या:

**यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (POSCO), 2012:**

- POCSO अधिनियम, 2012, बच्चों के यौन शोषण और दुर्व्यवहार को संबोधित करने के लिये बनाया गया था, जिसमें 18 वर्ष से कम आयु के किसी भी व्यक्ति को बच्चा माना गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
    - यह अधिनियम लिंग-तटस्थ है तथा लड़के और लड़कियों दोनों को यौन शोषण से बचाता है।
- इसे इसलिये अधिनियमित किया गया क्योंकि भारत ने बाल अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन (1992) की पुष्टि की थी। **अतः कथन 2 सही है।**
- **यह विशेष न्यायालयों द्वारा अंतरिम मुआवज़ा** और तत्काल आवश्यकताओं के लिये बाल कल्याण समिति (CWC) के माध्यम से तत्काल राहत प्रदान करता है। **अतः कथन 3 सही है।**
- कानूनी कार्यवाही के दौरान बच्चे की सहायता के लिये एक सहायक व्यक्ति की नियुक्ति की जाती है।
    - अधिनियम की धारा 23 मीडिया में पीड़ित की पहचान के प्रकटीकरण पर रोक लगाकर गोपनीयता सुनिश्चित करती है।

171.

उत्तर: B

व्याख्या:

- **शरणार्थी सम्मेलन, 1951** के अनुसार, शरणार्थी वे लोग हैं जिन्हें अपने देश से भागने और दूसरे देश में सुरक्षा की तलाश करने के लिये मजबूर होना पड़ता है। **अतः कथन 1 सही है।**
    - वे अपने देश में वापस लौटने में असमर्थ हैं, क्योंकि उन्हें डर है कि वे कौन हैं, वे क्या मानते हैं या क्या कहते हैं, या सशस्त्र संघर्ष, हिंसा या गंभीर सार्वजनिक अव्यवस्था के कारण उन पर अत्याचार किया जाएगा।
- **आंतरिक रूप से विस्थापित व्यक्ति (IDP)** वे व्यक्ति हैं जिन्हें अपने घरों से भागने के लिये मज़बूर किया गया है, लेकिन उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय सीमा पार नहीं की है। **अतः कथन 2 सही है।**
    - वे विभिन्न स्थानों पर सुरक्षा की तलाश करते हैं, जैसे कि पास के कस्बों, स्कूलों, बस्तियों, आंतरिक शिविरों, यहाँ तक कि वनों और खेतों में भी।
    - IDP में आंतरिक संघर्षों और प्राकृतिक आपदाओं के कारण विस्थापित हुए लोग शामिल हैं, जिससे वे **UNHCR द्वारा सहायता प्राप्त करने वाला सबसे बड़ा समूह** बन गए हैं।
    - शरणार्थियों के विपरीत, **आंतरिक रूप से विस्थापित व्यक्तियों को अंतर्राष्ट्रीय कानून द्वारा संरक्षण नहीं मिलता है** और प्रायः वे कई प्रकार की सहायता के लिये पात्र नहीं होते हैं, क्योंकि वे अपनी ही सरकार के कानूनी संरक्षण में रहते हैं।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- **भारत शरणार्थी सम्मेलन, 1951 या इसके वर्ष 1967 के प्रोटोकॉल का हस्ताक्षरकर्त्ता नहीं है**, जिसके परिणामस्वरूप देश के भीतर शरणार्थियों के लिये कानूनी परिभाषा का अभाव है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
  - अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अभाव के कारण शरण चाहने वाले वास्तविक शरणार्थियों और आर्थिक प्रवासियों के बीच अंतर करने में चुनौतियाँ उत्पन्न होती हैं।

172.

उत्तर: D

**व्याख्या:**

**बाल्टिक राज्य:**

- बाल्टिक राज्य (एस्टोनिया, लाटविया और लिथुआनिया) **उत्तरपूर्वी यूरोप** में स्थित हैं, जिनकी सीमा बाल्टिक सागर (पश्चिम और उत्तर), रूस (पूर्व), बेलारूस (दक्षिण-पूर्व) और पोलैंड और रूस (कैलिनिनग्राद) (दक्षिण-पश्चिम) से लगती है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - उन्होंने वर्ष 1991 में सोवियत संघ से स्वतंत्रता प्राप्त की।
- सभी 3 देश उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (NATO) (वर्ष 2004 से), यूरोपीय संघ (EU), यूरोज़ोन और आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (OECD) के सदस्य हैं। **अतः कथन 2 सही है।**




दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

173.

उत्तर: C

व्याख्या:

हिंद महासागर द्विध्रुव (IOD):

- यह एक जलवायु घटना है जो **हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्र की सतह के तापमान और मौसमी प्रारूप को प्रभावित** करती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **सकारात्मक IOD** चरण में, **गर्म जल पश्चिमी हिंद महासागर की ओर स्थानांतरित** हो जाता है, तथा **ठंडा, जल इंडोनेशिया और ऑस्ट्रेलिया के समीप पूर्वी हिंद महासागर की सतह पर** आ जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **नकारात्मक IOD** चरण के दौरान, यह प्रारूप विपरीत हो जाता है - **पूर्वी हिंद महासागर गर्म हो जाता है,** और **पश्चिमी हिंद महासागर में ठंडी परिस्थितियाँ** होती हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

174.

उत्तर: C

व्याख्या:

- **वर्ष** 1998 में भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) द्वारा **बैंकिंग क्षेत्र सुधारों पर गठित नरसिम्हम समिति ने** भारतीय वित्तीय प्रणाली के भीतर **धन शोधन संबंधी चिंताओं को दूर करने के महत्त्व को रेखांकित** किया। **अत: कथन 1 सही है।**
  - धन शोधन, एक जटिल प्रक्रिया है जिसका प्रयोग **व्यक्ति और संगठन अवैध रूप से प्राप्त धन की उत्पत्ति को छिपाने के लिये** करते हैं। इसमें **कई तरह के लेन-देन के माध्यम से अवैध धन को वैध** करना शामिल है।
- **धन शोधन निवारण अधिनियम (PMLA), 2002 को** भारत की संसद ने **अनुच्छेद 253** के तहत अधिनियमित किया था, जो इसे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों को लागू करने के लिये कानून बनाने का अधिकार देता है। **अत: कथन 2 सही है।**


175.

उत्तर: D

व्याख्या:

ब्रह्मपुत्र नदी:

- यह मानसरोवर झील के पास कैलाश पर्वतश्रेणी के **चेमायुंगडुंग ग्लेशियर** से सियांग या दिहांग के नाम से उद्गमित होती है । **अत: कथन 1 सही है।**
- यह अरुणाचल प्रदेश के सादिया शहर के पश्चिम में भारत में प्रवेश करती है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - **सहायक नदियाँ: दिबांग, लोहित, सियांग, बूढ़ी दिहिंग, तिस्ता और धनसारी।**
- यह एक बारहमासी नदी है और इसकी भौगोलिक स्थिति और प्रचलित जलवायु परिस्थितियों के कारण इसकी कई विशिष्ट विशेषताएँ हैं। **अत: कथन 3 सही है।**
  - यहाँ वर्ष में दो बार बाढ़ आती है। एक बाढ़ गर्मियों में हिमालय की बर्फ पिघलने के कारण आती है, और दूसरी मानसून के प्रवाह के कारण आती है।
- यह नदी अपने आप में गतिशील है, क्योंकि लगातार भूस्खलन और भूवैज्ञानिक गतिविधियाँ इसे बार-बार अपना मार्ग बदलने के लिये बाध्य करती हैं।




दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025
SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025
SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स
SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप
SCAN ME

176.

उत्तर: C

**व्याख्या:**

**वोस्ट्रो खाता:**

- नोस्ट्रो और वोस्ट्रो खाते विदेशी मूल्यवर्ग में खोले जाते हैं।
- वोस्ट्रो खाता एक ऐसा खाता है जो एक संपर्ककर्ता बैंक **दूसरे बैंक की ओर से रखता है। अत: कथन 1 सही है।**
- वोस्ट्रो खाते घरेलू बैंकों को वैश्विक बैंकिंग ज़रूरतों वाले ग्राहकों को **अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग सेवाएँ प्रदान करने में सक्षम बनाते हैं। अत: कथन 2 सही है।**
- वोस्ट्रो खाता सेवाओं **में वायर ट्रांसफर निष्पादित करना, विदेशी मुद्रा** लेनदेन करना, जमा और निकासी सक्षम करना एवं अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में तेज़ी लाना शामिल है। **अत: कथन 3 सही है।**
- नोस्ट्रो खाता एक बैंक द्वारा दूसरे बैंक में खोला गया खाता है।
  - यह ग्राहकों को दूसरे बैंक के खाते में पैसा जमा करने की अनुमति देता है।
  - इसका प्रयोग प्राय: तब किया जाता है जब बैंक की किसी विदेशी देश में कोई शाखा नहीं होती।
- **भारतीय रिज़र्व बैंक** ने 22 देशों के साथ विशेष रुपया वोस्ट्रो खाते (SRVA) स्थापित किये हैं।

177.

उत्तर: A

**व्याख्या:**

**अनुच्छेद 142:**

- अनुच्छेद 142 **सर्वोच्च न्यायालय को विवेकाधीन शक्ति प्रदान करता है,** क्योंकि इसमें कहा गया है कि सर्वोच्च न्यायालय अपने अधिकार क्षेत्र का प्रयोग करते हुए, ऐसा आदेश पारित कर सकता है या ऐसा आदेश दे सकता है जो उसके समक्ष लंबित किसी मामले में **पूर्ण न्याय करने के लिये आवश्यक हो।**
- **अन्य अनुच्छेद:**

| अनुच्छेद | विषय | मुख्य विशेषता |
|---|---|---|
| अनुच्छेद 32 | संवैधानिक उपचार का अधिकार | रिट के माध्यम से मौलिक अधिकारों के प्रवर्तन हेतु सर्वोच्च न्यायालय तक सीधी पहुँच |
| अनुच्छेद 131 | सर्वोच्च न्यायालय का मूल अधिकार क्षेत्र | राज्यों और/या संघ के बीच विवादों को सुलझाने की विशेष शक्ति |
| अनुच्छेद 136 | सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अपील की विशेष अनुमति | किसी भी न्यायालय/न्यायाधिकरण से असाधारण मामलों में अपील की अनुमति देने की विवेकाधीन शक्ति |

- **अत: विकल्प A सही है।**

178.

उत्तर: C

**व्याख्या:**

- भारत के पास **विश्व के कोयला भंडार का 10% हिस्सा** है, लेकिन केवल 0.7% प्राकृतिक गैस भंडार है, जिससे कोयला देश में सबसे विश्वसनीय और किफायती ऊर्जा स्रोत बन जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारत का लक्ष्य वर्ष 2030 तक अपनी विद्युत उत्पादन का 50% हिस्सा गैर-जीवाश्म ईंधनों से प्राप्त करना है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - नवंबर 2024 तक, भारत के पास गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से 2,13,701 मेगावाट विद्युत क्षमता है, जो कुल विद्युत क्षमता का 46.8% है।
  - **अज़रबैजान के बाकू में आयोजित UNFCCC COP 29 में,** विकसित देशों ने वार्षिक जलवायु वित्तपोषण के रूप में केवल 300 अरब अमेरिकी डॉलर का वादा किया, जो आवश्यक 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर से कम है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- इससे भारत को कोयले पर अपनी निर्भरता जारी रखनी पड़ सकती है और इसके लिये उसे अपने जलवायु लक्ष्यों में संशोधन करना आवश्यक हो सकता है।
- **परमाणु ऊर्जा मिशन** का उद्देश्य स्वदेशी लघु मॉड्यूलर रिएक्टर (SMR) का विकास करना है, तथा वर्ष 2033 तक कम-से-कम पाँच SMR को चालू करने का लक्ष्य है। **अत: कथन 3 सही है।**

179.

उत्तर: B

**व्याख्या:**

**चतुर्भुज सुरक्षा वार्ता (क्वाड):**

- यह **अमेरिका, जापान, भारत और ऑस्ट्रेलिया का एक रणनीतिक मंच है,** जिसका उद्देश्य हिंद-प्रशांत क्षेत्र में क्षेत्रीय सुरक्षा और आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देना है। **अत: कथन 1 सही है।**
- क्वाड किसी औपचारिक गठबंधन संरचना, सचिवालय या निर्णय लेने वाली संस्था के बिना संचालित होता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- हिंद-प्रशांत क्षेत्र के समुद्री क्षेत्र जागरूकता (IPMDA) और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में प्रशिक्षण हेतु समुद्री पहल (MAITRI) इसके उपक्रम हैं। **अत: कथन 3 सही है।**
  - हिंद-प्रशांत क्षेत्र में समुद्री क्षेत्र जागरूकता (IPMDA) अवैध मछली पकड़ने और समुद्री गतिविधियों की वास्तविक समय निगरानी को सुदृढ़ करता है।
    - यह प्रशांत द्वीप मंच मत्स्य एजेंसी और भारत के सूचना संलयन केंद्र–हिंद महासागर क्षेत्र जैसे क्षेत्रीय निकायों के साथ सहयोग करता है।
  - हिंद-प्रशांत में प्रशिक्षण हेतु समुद्री पहल (MAITRI) समुद्री सुरक्षा और कानून प्रवर्तन प्रशिक्षण के लिये क्षमता निर्माण में सहायता करता है।

180.

उत्तर: D

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (NCLT):**

- यह एक अर्द्ध-न्यायिक संस्था है, जिसे कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत कॉर्पोरेट कानून संबंधी मामलों का निपटारा करने के लिये स्थापित किया गया है। **अत: कथन 1 सही है।**
- न्यायमूर्ति वी. बालकृष्ण एराडी की अध्यक्षता वाली **एराडी समिति (2000)** ने पहली बार NCLT के गठन की सिफारिश की थी। **अत: कथन 2 सही है।**
- NCLT का प्राथमिक उद्देश्य कंपनी कानून और दिवाला और शोधन अक्षमता अधिनियम, 2016 (IBC) से संबंधित विवादों एवं मामलों के निपटान के लिये एक विशेषीकृत मंच प्रदान करना है। **अत: कथन 3 सही है।**
- यह न्यायाधिकरण कॉर्पोरेट शासन सुनिश्चित करने और शेयरधारकों, लेनदारों तथा अन्य हितधारकों के हितों की रक्षा करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

181.

उत्तर: D

**व्याख्या:**

**पूंजी खाते के भाग:**

- अदायगी-संतुलन (BOP) किसी देश के निवासियों द्वारा किये गए सभी अंतर्राष्ट्रीय लेनदेन का रिकॉर्ड है।
  - यह विदेशी मुद्राओं के मुकाबले रुपए की **सापेक्ष मांग को मापता है** जो विनिमय दरों और आर्थिक स्थिरता को प्रभावित करने में महत्त्वपूर्ण है।
- **चालू खाता और पूंजी खाता, अदायगी-संतुलन के दो मुख्य घटक हैं।**
- **पूंजी खाता:** यह एक विशिष्ट अवधि में **किसी देश की परिसंपत्तियों और देनदारियों** में हुए निवल परिवर्तन को दर्शाता है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- **परिसंपत्तियाँ:** यह आर्थिक विकास और स्थिरता के लिये आवश्यक **प्रत्यक्ष विदेशी निवेश तथा विदेशी संस्थागत निवेशक (FII)** जैसे निवेशों को दर्शाता है।
- **देयताएँ:** यह वाणिज्यिक उधार, ऋण और पूंजी जैसे कारकों को भी दर्शाता है।

- **चालू खाता:** इसमें वे लेनदेन शामिल होते हैं जो किसी देश की परिसंपत्तियों या देनदारियों की स्थिति में परिवर्तन नहीं करते हैं।
  - **व्यापारिक वस्तुएँ:** इसमें भौतिक आयात और निर्यात का व्यापार शामिल है, जो व्यापार संतुलन को दर्शाता है। घाटा निर्यात की तुलना में आयात के अधिक होने का संकेत देता है।
  - **अदृश्य:** इसमें **सेवाएँ** (जैसे, बैंकिंग, बीमा IT, पर्यटन, परिवहन, आदि), स्थानान्तरण (जैसे, उपहार, अनुदान, धनप्रेषण आदि) और **उपदान आय** (जैसे निवेश से अर्जित आय) शामिल हैं।
- **अत: विकल्प D सही है।**

182.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**DRR धान 100 (कमला)' और 'पूसा DST राइस 1:**

- **'DRR धान 100 (कमला)' और 'पूसा DST राइस 1'** भारत की पहली जीनोम-संपादित धान की किस्में हैं, जिन्हें उत्पादकता, जलवायु अनुकूलन और संसाधन दक्षता बढ़ाने के लिये विकसित किया गया है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - ये किस्में लोकप्रिय **सांबा मसूरी (Samba Mahsuri)** पर आधारित हैं।
- इन्हें **ICAR** द्वारा **CRISPR-Cas9** जैसी उन्नत जीनोम संपादन तकनीक से विकसित किया गया है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इनमें **कोई विदेशी DNA सम्मिलित नहीं किया गया है,** जिससे ये पारंपरिक प्रजनन वाली फसलों के समान हैं। **अत: कथन 3 भी सही है।**

183.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**ई-जीरो FIR:**

- केंद्रीय गृह मंत्री ने साइबर सुरक्षित भारत के दृष्टिकोण का समर्थन करते हुए साइबर वित्तीय धोखाधड़ी जाँच की दक्षता में सुधार करने के लिये भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (I4C) के तहत **दिल्ली में एक पायलट परियोजना के रूप में ई-जीरो FIR पहल शुरू की।**
- जीरो FIR किसी भी पुलिस स्टेशन में, चाहे वह किसी भी संज्ञेय अपराध का क्षेत्राधिकार हो, दर्ज की जा सकती है तथा जाँच के लिये उचित क्षेत्राधिकार में स्थानांतरित कर दी जाती है।
  - **ई-जीरो FIR,** जीरो FIR का इलेक्ट्रॉनिक संस्करण है और यह BNSS की धारा 173(1) एवं 1(ii) के तहत सक्षम है।
- **अत: विकल्प A सही है।**

184.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- अंडमान और निकोबार द्वीप समूह की उत्पत्ति **भारतीय प्लेट तथा बर्मा माइक्रोप्लेट** (यूरेशियन प्लेट का हिस्सा) के बीच टेक्टोनिक टकराव से हुई, जो हिमालय के निर्माण के समान एक प्रक्रिया है। **अत: कथन 1 सही है।**
- ग्रेट निकोबार द्वीप पर स्थित **इंदिरा पॉइंट निकोबार द्वीप समूह** का सबसे दक्षिणी छोर है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **टेन डिग्री चैनल** एक संकरी जलडमरूमध्य है जो अंडमान द्वीप समूह और निकोबार द्वीप समूह को अलग करता है। **अत: कथन 3 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME




185.

उत्तर: B

**व्याख्या:**

- **विप्रेषण** विदेशी श्रमिकों द्वारा अपने देश में अपने परिवारों की सहायता के लिये भेजी गई धनराशि है, जो घरेलू आय और अर्थव्यवस्था में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है।
- वर्ष 2024 में भारत को रिकॉर्ड 129.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर का विप्रेषण प्राप्त हुआ, जो किसी भी देश के लिये एक वर्ष में अब तक का सबसे अधिक धन है, जो वैश्विक विप्रेषण का 14.3% है। इसके बाद मेक्सिको और चीन सबसे बड़े प्राप्तकर्त्ता हैं।
- **विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (FEMA), 1999** भारत में सभी विदेशी मुद्रा लेनदेन को नियंत्रित करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **उदारीकृत विप्रेषण योजना (LRS)** के तहत, FEMA के एक हिस्से के तहत, भारतीय निवासी व्यक्तिगत और निवेश

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

उद्देश्यों के लिये प्रति वर्ष 250,000 अमेरिकी डॉलर तक विप्रेषित कर सकते हैं तथा इससे अधिक राशि के लिये RBI की मंजूरी की आवश्यकता होगी।

- हालाँकि, **LRS जुआ**, सट्टा व्यापार और आतंकवादी वित्तपोषण के लिये विप्रेषण पर प्रतिबंध लगाता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

- विप्रेषण को भुगतान संतुलन (BoP) के **चालू खाते के तहत एकतरफा हस्तांतरण के रूप में दर्ज किया जाता है। अतः कथन 3 सही है।**
  - वे विदेशी आय के प्रवाह को दर्शाते हैं जो देनदारियों का सृजन नहीं करते।

**186.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**खसरा और रूबेला:**

- खसरा और रूबेला **संक्रामक वायरल रोग हैं जो** मुख्य रूप से बच्चों को प्रभावित करते हैं।
- खसरा, जो **अत्यधिक संक्रामक मोर्बिलीवायरस के कारण होता है,** गंभीर जटिलताओं या मृत्यु का कारण बन सकता है, जबकि रूबेला, जो **रूबेला वायरस के कारण होता है, हल्का होता है** लेकिन गर्भावस्था के दौरान संक्रमित होने पर गंभीर जन्म दोष उत्पन्न कर सकता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम के तहत विश्व टीकाकरण सप्ताह के दौरान शुरू किये गए राष्ट्रीय शून्य खसरा-रूबेला उन्मूलन अभियान (वर्ष 2025-26) का उद्देश्य वर्ष 2026 तक भारत में खसरा और रूबेला को खत्म करने हेतु 100% टीकाकरण कवरेज हासिल करना है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**187.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**तेल का रिसाव:**

- तेल रिसाव से तात्पर्य मानवीय गतिविधियों के परिणामस्वरूप पर्यावरण में, विशेष रूप से महासागरों, नदियों या तटीय जल में **तरल पेट्रोलियम हाइड्रोकार्बन के रिसाव से है।**
- तेल समुद्री पक्षियों के पंखों और समुद्री स्तनधारियों के फर पर जम जाता है, **जिससे हाइपोथर्मिया और उनकी मृत्यु हो जाती है।** यह मछलियों के गलफड़ों को बंद कर देता है, प्रजनन को बाधित करता है और समुद्री जीवन द्वारा निगले जाने पर विषाक्त हो जाता है।

**तेल रिसाव को साफ करने के उपाय:**

- बायोरेमेडिएशन में हाइड्रोकार्बन को तोड़ने के लिये तेल को नष्ट करने वाले बैक्टीरिया (जैसे, साइक्लोक्लास्टिकस, ओलीस्पिरा) का उपयोग किया जाता है; यह पर्यावरण के अनुकूल है और प्राकृतिक विषहरण को तेज़ करता है। **अतः युग्म 1 सही सुमेलित है।**
- सोरबेंट्स जल से तेल को अवशोषित या सोख लेते हैं और प्राथमिक सफाई के बाद छोटे रिसाव या अवशिष्ट तेल के लिये विशेष रूप से उपयोगी होते हैं। **अतः युग्म 2 सही सुमेलित है।**
  - प्राकृतिक सोर्बेंट्स (स्ट्रॉ, ज्वालामुखीय राख), सिंथेटिक (पॉलियेस्टर-व्युत्पन्न प्लास्टिक)।
- कंटेनमेंट बूम फ्लोटिंग बैरियर हैं जो तेल के फैलाव को रोकते हैं, रोकथाम, रिकवरी और पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने में सहायता करते हैं। **अतः युग्म 3 सही सुमेलित है।**
- **अतः विकल्प C सही है।**

**188.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **मर्चेंट शिपिंग अधिनियम, 1958** , भारत में तेल प्रदूषण नियंत्रण पर प्राथमिक समुद्री कानून के रूप में कार्य करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारतीय तटरक्षक बल द्वारा कार्यान्वित वर्ष 1993 की **राष्ट्रीय तेल रिसाव आपदा आकस्मिक योजना (NOS-DCP)**, हितधारकों के बीच समन्वित और समय पर तेल रिसाव प्रतिक्रिया के लिये एक महत्त्वपूर्ण **गैर-बाध्यकारी रूपरेखा प्रदान करता है। अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- **बंकर ऑयल अभिसमय (2001) को** भारत द्वारा वर्ष 2015 में अनुमोदित किया गया था। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- IMO के तहत, यह समझौता जहाज़ों के बंकरों से फ्यूल ऑयल रिसाव के कारण होने वाली क्षति के लिये त्वरित और पर्याप्त मुआवज़ा सुनिश्चित करता है, जिससे ऐसे प्रदूषण घटनाओं से प्रभावित लोगों की सुरक्षा होती है।

189.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA):**

- यह एक **भारत-फ्रांस संयुक्त पहल** है, जिसकी परिकल्पना **वर्ष 2015 में पेरिस** में हुए **COP21** में जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने के लिये **सौर ऊर्जा संबंधी समाधानों को लागू करने के उद्देश्य से की गई** थी। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह **भारत में मुख्यालय वाला पहला अंतर्राष्ट्रीय अंतरसरकारी संगठन** है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **वर्ष 2020** में इसके फ्रेमवर्क समझौते में संशोधन के बाद, **संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देश अब इस गठबंधन में शामिल होने के पात्र** हैं। **अतः कथन 3 सही है।**
- ISA अपनी **"टुवर्ड्स 1000" रणनीति** से निर्देशित होता है, जिसका **उद्देश्य 2030 तक सौर ऊर्जा समाधानों में 1,000 अरब डॉलर का निवेश** एकत्रित करना है, साथ ही **स्वच्छ ऊर्जा समाधानों का उपयोग करके 1,000 मिलियन लोगों तक ऊर्जा पहुँच को सुनिश्चित करना और 1,000 GW सौर ऊर्जा क्षमता** स्थापित करना है।

190.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**मैंग्रोव:**

- वे **लवण-सहिष्णु वृक्ष और झाड़ियाँ** हैं जो ज्वारनदमुख और अंत:ज्वारीय क्षेत्रों में पनपते हैं जहाँ मीठे जल का लवणीय जल से मिलन होता है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - उनमें अद्वितीय अनुकूलन होते हैं, **जैसे वायवी जड़ें और मोमी पर्ण,** जो उन्हें लवणीय वातावरण में अनुकूलन में सक्षम बनाती हैं।
  - वे **तटीय वन पारिस्थितिकी तंत्र का प्रतिनिधित्व** करते हैं, जिसका अर्थ है कि वे तटीय क्षेत्रों में लवणीय जल में पनपते हैं।
  - कुछ सामान्य मैंग्रोव वृक्षों में **रेड मैंग्रोव, ग्रे मैंग्रोव** और राइज़ोफोरा शामिल हैं।
- सुंदरवन (भारत और बांग्लादेश में फैला हुआ) विश्व का **सबसे बड़ा सन्निहित मैंग्रोव वन** है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - भारत में मैंग्रोव आवरण के मामले में सुंदरबन के बाद भितरकनिका दूसरे स्थान पर है
- केंद्रीय बजट 2023-24 में समुद्र तट के किनारे और नमक भूमि पर **मैंग्रोव वृक्षारोपण के लिये मिष्टी पहल** की घोषणा की गई। **अतः कथन 3 सही है।**

191.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- IMD ने **मास्कारेन हाई** को मॉनसून अवधि के दौरान मास्कारेन द्वीप (दक्षिण हिंद महासागर में) के आसपास पाए जाने वाले **उच्च दाब वाले क्षेत्र** के रूप में वर्णित किया है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - उच्च दाब की तीव्रता में परिवर्तन भारत के पश्चिमी तट पर अत्यधिक वर्षा के लिये ज़िम्मेदार है।
- **सोमाली जेट एक निम्न-स्तरीय,** अंतर-गोलार्द्धीय क्रॉस-इक्वेटोरियल पवन बैंड है जो मॉरीशस और उत्तरी मेडागास्कर के पास उत्पन्न होती है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - मई के दौरान, अफ्रीका के पूर्वी तट को पार करने के बाद, यह अरब सागर और भारत के पश्चिमी तट तक पहुँचता है। एक मज़बूत सोमाली जेट मानसूनी पवनों के मज़बूत होने से संबंधित है।
- मानसून गर्त एक लंबा **निम्न दाब वाला क्षेत्र** है जो उत्तर-पश्चिमी भारत के निम्न ताप से लेकर बंगाल की खाड़ी के उत्तरी भाग तक फैला हुआ है। **अतः कथन 3 सही है।**
  - इस गर्त के उत्तर-दक्षिण दिशा में घूर्णन से जून-सितंबर की अवधि में मुख्य मानसून क्षेत्र में वर्षा होती है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- **चक्रवाती मानसून भंवर,** जिसे मानसून आरंभ भंवर (Monsoon Onset Vortex- MOV) के रूप में भी जाना जाता है, एक **लघु स्तरीय चक्रवाती परिसंचरण** है जो भारतीय ग्रीष्मकालीन मानसून के दौरान अरब सागर के ऊपर बनता है। **अतः कथन 4 सही है।**
    - ये भंवर उष्णकटिबंधीय चक्रवातों में परिवर्तित हो सकते हैं तथा मानसून के आगमन और आगे बढ़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

192.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**विशेष आहरण अधिकार (SDR):**

- **SDR** स्वयं एक मुद्रा नहीं है, बल्कि एक परिसंपत्ति है जिसे धारक आवश्यकता पड़ने पर मुद्रा के लिये विनिमय कर सकते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- **SDR** अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) और अन्य अंतर्राष्ट्रीय संगठनों **की लेखांकन इकाई के रूप में कार्य करता है। अतः कथन 2 सही है।**
- **SDR** बास्केट स्पष्ट रूप से GDP (क्रय शक्ति समता) द्वारा पाँच सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं पर आधारित नहीं है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
    - इसका मूल्य **पाँच मुद्राओं की एक बास्केट द्वारा निर्धारित होता है,** जिसमें **अमेरिकी डॉलर, यूरो, चीनी रेनमिनबी, जापानी येन और ब्रिटिश पाउंड स्टर्लिंग** शामिल हैं।
    - उदाहरण के लिये, **भारत PPP के आधार पर एक बड़ी अर्थव्यवस्था है,** लेकिन इसकी मुद्रा (भारतीय रुपए) **SDR बास्केट में शामिल नहीं है।**
- IMF ने वर्ष 1969 में **SDR को एक पूरक अंतर्राष्ट्रीय रिज़र्व** परिसंपत्ति के रूप में बनाया था, जब मुद्राएँ स्वर्ण कीमत से जुड़ी हुई थीं और अमेरिकी डॉलर प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय रिज़र्व परिसंपत्ति थी। IMF ने SDR को स्वर्ण की एक आंशिक मात्रा के बराबर परिभाषित किया जो एक अमेरिकी डॉलर के बराबर था।
- जब वर्ष 1973 में स्थिर विनिमय दरें समाप्त हो गईं, तो IMF ने SDR को विश्व मुद्राओं की एक बास्केट के मूल्य के बराबर के रूप में पुन: परिभाषित किया।

193.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**गरीबी से संबंधित समितियाँ:**

- योजना आयोग द्वारा गठित और **वाई.के.अलघ** की अध्यक्षता वाली अलघ समिति (1979) ने न्यूनतम पोषण आवश्यकताओं तथा तदनुरूप उपभोग व्यय के आधार पर ग्रामीण एवं शहरी भारत के लिये गरीबी रेखा को परिभाषित किया। **अतः 1 सही है।**
- डी.टी. लकड़ावाला की अध्यक्षता वाली **लकड़ावाला समिति (1993) ने कैलोरी-आधारित गरीबी रेखा को जारी रखने की सिफारिश की,** लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों के लिये CPI-AL और शहरी क्षेत्रों के लिये CPI-IW का उपयोग करके अद्यतन की गई राज्य-विशिष्ट गरीबी रेखाएँ पेश कीं तथा राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी के आधार पर स्केलिंग को बाहर रखा। **अतः 2 सही है।**
- सुरेश तेंदुलकर की अध्यक्षता वाली **तेंदुलकर समिति (2009)** ने गरीबी का आकलन कैलोरी सेवन से हटाकर वास्तविक उपभोग व्यय के आधार पर किया, जिसमें स्वास्थ्य और शिक्षा पर निजी व्यय को शामिल किया गया तथा ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों के लिये एक समान गरीबी रेखा की सिफारिश की गई। **अतः 4 सही है।**
- शांता **कुमार समिति (2015) ने** खाद्यान्न खरीद, भंडारण और वितरण में इसकी दक्षता में सुधार करने के लिये **भारतीय खाद्य निगम (FCI) के पुनर्गठन** पर ध्यान केंद्रित किया। **अतः 3 सही नहीं है।**
- **अतः विकल्प C सही है।**

194.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**उजाला योजना:**

- इसे वर्ष 2015 में पारंपरिक तापदीप्त और कॉम्पैक्ट फ्लोरोसेंट लैंप को ऊर्जा-बचत वाले LED बल्बों से बदलकर **ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देने हेतु लॉन्च किया गया था। अतः कथन 1 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- यह भारत सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, **केंद्रीय विद्युत मंत्रालय की ऊर्जा दक्षता सेवा लिमिटेड (EESL)** और डिस्कॉम (वितरण कंपनियों) के बीच एक संयुक्त परियोजना है। **अतः कथन 2 सही है।**

195.

**उत्तर: A**

**व्याख्या :**

**मैडेन-जूलियन ऑसिलेशन (MJO):**

- मैडेन-जूलियन ऑसिलेशन (MJO) पवन, बादल और दाब के असंतुलन की एक **क्षणिक पूर्व-गतिशील प्रणाली है जो भूमध्य रेखा के चारों ओर यात्रा करती है। अतः कथन 1 सही है।**
  - इसकी पहचान वर्ष 1971 में कोलोराडो स्थित नेशनल सेंटर फॉर एटमॉस्फेरिक रिसर्च के वैज्ञानिक रोलाण्ड मैडेन और पॉल जूलियन द्वारा की गई थी।
  - MJO आमतौर पर **4-8 मीटर/सेकंड की गति से पूर्व की ओर यात्रा करता है** और 30-60 दिनों में एक वैश्विक चक्र पूरा करता है, हालाँकि कभी-कभी इसमें 90 दिन तक का समय लग जाता है।
- यह **उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में मौसम को प्रभावित करता है,** खासकर 30°N और 30°S के बीच, जिसमें भारत भी शामिल है। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह **चक्रवातों को ट्रिगर कर सकता है और** शुष्क अवधि के दौरान भी संक्षिप्त लेकिन तीव्र वर्षा का कारण बन सकता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

196.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**क्रिप्टोकरेंसी:**

- क्रिप्टोकरेंसी क्रिप्टोग्राफी द्वारा सुरक्षित एक **विकेंद्रीकृत डिजिटल मुद्रा** है, जो किसी भी सरकार या संस्था के नियंत्रण के बिना संचालित होती है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- क्रिप्टोकरेंसी लेनदेन को ब्लॉकचेन नामक **एक सार्वजनिक डिजिटल खाता बही** पर दर्ज किया जाता है, जिसे कंप्यूटर के वैश्विक नेटवर्क द्वारा बनाए रखा और सत्यापित किया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - विकेंद्रीकरण और क्रिप्टोग्राफी के उपयोग से किसी के लिये भी मुद्रा या ब्लॉकचेन पर दर्ज लेनदेन में परिवर्तित करना कठिन हो जाता है।
  - क्रिप्टोकरेंसी के कुछ उदाहरणों में बिटकॉइन, एथेरियम और लाइटकॉइन शामिल हैं।

197.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **वर्ष 2025** की **मानव विकास रिपोर्ट** में, भारत **193 देशों में से 130 वें स्थान** पर रहा, जो **मध्यम मानव विकास श्रेणी** है, लेकिन उच्च विकास सीमा (HDI □ 0.700) के करीब पहुँच गया। **अतः कथन 1 सही है।**
- **अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF)** के अनुसार, भारत की प्रति व्यक्ति आय 2,800 अमेरिकी डॉलर है, जो वैश्विक स्तर पर 140वें स्थान पर है और ब्रिक्स देशों के समकक्षों में सबसे कम है, जिसमें ब्राज़ील 10,296 अमेरिकी डॉलर, रूस 14,953 अमेरिकी डॉलर, चीन 12,969 अमेरिकी डॉलर और दक्षिण अफ्रीका 6,377 अमेरिकी डॉलर है। **अतः कथन 2 सही है।**
- 10वीं नीति आयोग (नेशनल इंस्टीट्यूशन फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया) गवर्निंग काउंसिल मीटिंग में नीति आयोग के CEO ने घोषणा की कि **भारत जापान को पीछे छोड़कर विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था** बन गया है , जिसका सकल घरेलू उत्पाद (GDP) 4 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर को पार कर गया है। **अतः कथन 3 सही है।**
  - भारत विश्व की सबसे तेज़ी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है तथा यह एकमात्र ऐसा देश है जिसकी अगले दो वर्षों तक वार्षिक वृद्धि दर 6% से अधिक रहने का अनुमान है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

198.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI):**

- इसका तात्पर्य **किसी विदेशी निवेशक द्वारा किसी अन्य देश में किसी व्यावसायिक उद्यम में स्थायी हिस्सेदारी** हासिल करने से है, जिससे उसके प्रबंधन पर प्रभाव या नियंत्रण संभव हो जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इससे उत्पादकता में सुधार तथा रोज़गार सृजन के साथ प्रतिस्पर्द्धा एवं सहयोग के माध्यम से नवाचार को बढ़ावा एवं घरेलू उद्योगों को प्रोत्साहन मिल सकता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **भारत में FDI** का विनियमन **विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (FEMA), 1999** द्वारा होता है और यह **वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय** के तहत उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (DPIIT) द्वारा प्रशासित है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
  - विभिन्न क्षेत्रों में FDI की अनुमति या तो स्वचालित मार्ग से या सरकारी मार्ग से दी जाती है।

199.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टर (SMR):**

- SMR उन्नत परमाणु रिएक्टर हैं जिनकी **क्षमता 300 मेगावाट** तक है, जो **पारंपरिक रिएक्टरों का लगभग एक तिहाई** है। **अत: कथन 1 सही है।**
- ये **कॉम्पैक्ट** होते हैं, **कारखाने में असेम्बल** किये जा सकते हैं, तथा **संस्थापना हेतु परिवहन योग्य** हैं, जिससे **दूरदराज़ अथवा सीमित स्थान वाले क्षेत्रों के लिये ये उपयुक्त** हो जाते हैं।
- इसकी पुन: ईंधनन अवधि **3 से 7 वर्ष** होती है (**परंपरागत संयंत्रों** में यह **1-2 वर्ष** में किया जाता है)। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- केंद्रीय बजट 2025-26 में स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टरों (SMR) के अनुसंधान तथा विकास पर ध्यान केंद्रित करने एवं वर्ष 2033 तक **कम से कम 5 स्वदेशी रूप से डिज़ाइन और संचालन योग्य SMR विकसित करने के क्रम में परमाणु ऊर्जा मिशन** शुरू करने की घोषणा की गई है। **अत: कथन 3 सही है।**

200.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- भारत के गेमिंग नियम विशेष रूप से ऑनलाइन गेमिंग गतिविधियों के संबंध में खंडित हैं।
- स्वतंत्रता के बाद, संविधान ने सट्टेबाजी और जुए के विनियमन का कार्य अलग-अलग राज्यों को सौंप दिया, जबकि कौशल आधारित खेल केंद्रीय सरकार के नियंत्रण में आ गए। **अत: कथन 1 सही है।**
  - परिणामस्वरूप, पोकर, रम्मी और फैंटेसी स्पोर्ट्स जैसे कौशल-आधारित रियल मनी गेम्स को पूरे भारत में वैध व्यवसाय के रूप में कानूनी मान्यता प्राप्त है।
  - हालाँकि, जुए या भाग्य के खेल की वैधता राज्यों में अलग-अलग है तथा उनकी अनुमति भी अलग-अलग है।
- **वर्ष 1867 के सार्वजनिक जुआ अधिनियम,** जिसका अभी भी कई राज्यों द्वारा पालन किया जाता है, सार्वजनिक जुए पर प्रतिबंध लगाता है, लेकिन कौशल खेल के लिये छूट देता है। **अत: कथन 2 सही है।**

201.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय क्वांटम मिशन:**

- अमेरिका, ऑस्ट्रिया, फिनलैंड, फ्राँस, कनाडा और चीन के बाद **भारत सातवाँ देश है जिसके पास समर्पित क्वांटम मिशन है। अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यह मिशन उच्च संवेदनशीलता वाले मैग्नेटोमीटर विकसित करने में सहायता करता है, जिनका उपयोग **सटीक समय निर्धारण (एटॉमिक क्लॉक), संचार और नेविगेशन** में किया जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- यह क्वांटम उपकरणों के निर्माण के लिये सुपरकंडक्टर, नवीन अर्धचालक संरचनाओं और टोपोलॉजिकल सामग्रियों जैसे **क्वांटम सामग्रियों के डिज़ाइन एवं संश्लेषण का** भी समर्थन करता है।
- इसे विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत **विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (DST) द्वारा कार्यान्वित किया जाता है। अतः कथन 3 सही है।**
- यह मिशन वर्ष 2023-2031 के लिये प्रस्तावित है। इसका उद्देश्य वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास (R&D) को प्रारंभ करना, पोषित करना तथा उसका विस्तार करना है, ताकि क्वांटम प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक जीवंत एवं नवोन्मेषी पारिस्थितिकी तंत्र विकसित किया जा सके।

202.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO):**

- NSO भारत में **सांख्यिकीय विकास के लिये नोडल एजेंसी (निकाय) के रूप में कार्य करता है,** जो डेटा का मानकीकरण, समन्वय और प्रसार सुनिश्चित करता है।
- NSO में **केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय (CSO),** डेटा सूचना विज्ञान और नवाचार प्रभाग (DIID) और राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय (NSSO) शामिल हैं।
- **NSO औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (IIP)** को संकलित और जारी करता है, **उद्योगों का वार्षिक सर्वेक्षण (ASI) आयोजित करता है** और औद्योगिक विकास और आर्थिक रुझानों पर सांख्यिकीय जानकारी प्रदान करता है।
  - **वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (FSR) भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI)** द्वारा वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद (FSDC) की ओर से द्विवार्षिक रूप से प्रकाशित की जाती है।
- **अतः विकल्प A सही है।**

203.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **बैंकिंग पर्यवेक्षण पर बेसल समिति (Basel Committee on Banking Supervision- BCBS) बैंकों के विवेकपूर्ण विनियमन के लिये प्राथमिक वैश्विक मानक निर्धारक** है और विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंकों के लिये बैंकिंग पर्यवेक्षी मामलों पर नियमित सहयोग के लिये एक मंच प्रदान करती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **लिक्विडिटी कवरेज़ रेशियो (LCR)** और नेट स्टेबल फंडिंग रेशियो (NSFR) को **वर्ष 2010 में बेसल III द्वारा पेश किया गया था।**
  - लिक्विडिटी कवरेज़ रेशियो (LCR) के तहत बैंकों को उच्च गुणवत्ता वाली लिक्विड संपत्तियों का बफर बनाए रखना आवश्यक है, जो पर्यवेक्षकों द्वारा निर्दिष्ट तीव्र अल्पकालिक तनाव परिदृश्य में सामना किये जाने वाले नकदी बहिर्वाह से निपटने के लिये पर्याप्त हो। यह "बैंक रन" जैसी स्थितियों को रोकने के लिये है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **बेसल III** के अंतर्गत लागू की गई **नेट स्टेबल फंडिंग रेशियो (NSFR) के तहत बैंकों को अपनी ऑफ-बैलेंस-शीट** परिसंपत्तियों और गतिविधियों के संबंध में एक स्थिर फंडिंग प्रोफाइल बनाए रखने की आवश्यकता होती है ।
  - NSFR के अनुसार बैंकों को अपनी गतिविधियों को वित्त के स्थिर स्रोतों (एक वर्ष की अवधि के लिये विश्वसनीय) से वित्तपोषित करना आवश्यक है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
  - न्यूनतम NSFR आवश्यकता 100% है। इसलिये, LCR 30 दिनों की अल्पकालिक (short-term) स्थिरता को मापता है और NSFR 1 वर्ष की मध्यकालिक (medium-term) स्थिरता को मापता है।

204.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी वर्ष 1974 में पेरिस (फ्रांस) में स्थापित एक स्वायत्त अंतर-सरकारी संगठन है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- IEA मुख्य रूप से ऊर्जा नीतियों पर ध्यान केंद्रित करती है, जिसमें आर्थिक विकास, ऊर्जा सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण आदि शामिल हैं। इन नीतियों को 'अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी' के '3E' के रूप में भी जाना जाता है।
- IEA का इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी क्लीन कोल सेंटर, कोयले को सतत् विकास लक्ष्यों के अनुकूल ऊर्जा का स्वच्छ स्रोत बनाने पर स्वतंत्र जानकारी और विश्लेषण प्रदान करने की दिशा में महत्त्वपूर्ण कार्य कर रहा है।

**प्रमुख रिपोर्ट:**

- **ग्लोबल एनर्जी रिव्यू**
- **वर्ल्ड एनर्जी आउटलुक रिपोर्ट।**
- **वर्ल्ड एनर्जी इंवेस्टमेंट रिपोर्ट।**
- वर्ल्ड एनर्जी स्टैटिक्स।
- वर्ल्ड एनर्जी बैलेंसेज़।
- एनर्जी टेक्नोलॉजी पर्सपेक्टिव्स।
- **इंडिया एनर्जी आउटलुक रिपोर्ट।**
- **अतः विकल्प D सही है।**

205.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP):**

- इसकी शुरुआत **वर्ष 1965 में कृषि मूल्य आयोग (जिसे बाद में CACP नाम दिया गया)** के गठन के बाद हुई थी। इसकी शुरुआत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा को बढ़ाने तथा किसानों को बाज़ार मूल्यों में होने वाले उतार-चढ़ाव से बचाने के क्रम में बाज़ार हस्तक्षेप के रूप में की गई थी।
- न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) वह दर है जिस पर सरकार किसानों से फसल खरीदती है ताकि उन्हें कृषि मूल्यों में एकाएक गिरावट से बचाया जा सके। **अतः कथन 1 सही है।**
- सरकार, कृषि लागत और मूल्य आयोग (CACP) द्वारा की गई सिफारिशों का पालन करते हुए **बुवाई के मौसम की शुरुआत में MSP** की घोषणा करती है। **अतः कथन 2 सही है।**

206.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **सापेक्षता का सामान्य सिद्धांत:** अल्बर्ट आइंस्टीन का सिद्धांत स्पष्ट करता है कि पिंड विशाल पिंडो के चारों ओर किस प्रकार परिक्रमण करते हैं। सापेक्षता के सामान्य सिद्धांत का एक मूलभूत परिणाम ब्लैक होल का अस्तित्व है। **अतः युग्म 1 सही सुमेलित है।**
- **क्वांटम सिद्धांत:** परमाणुओं जैसे छोटे कणों के व्यवहार का लघुतम स्तर पर अध्ययन। **अतः युग्म 2 सही सुमेलित है।**
- **आइंस्टीन का तुल्यता नियम:** यह विचार कि गुरुत्वाकर्षण वाले एक छोटे से क्षेत्र में प्रकृति के नियम गुरुत्वाकर्षण के बिना समान हैं। **अतः युग्म 3 सही सुमेलित नहीं है।**
- **हॉकिंग विकिरण:** यह स्टीफन हॉकिंग द्वारा प्रस्तावित एक सैद्धांतिक अवधारणा है, जो बताती है कि ब्लैक होल घटना क्षितिज के पास क्वांटम प्रभाव के कारण विकिरण उत्सर्जित कर सकती है जिसे हॉकिंग विकिरण के रूप में जाना जाता है। **अतः युग्म 4 सही सुमेलित नहीं है।**
- **अतः विकल्प B सही है।**

207.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**साइबर सुरक्षा:**

- एडवेयर, रैनसमवेयर और ट्रोजन जैसे पद **मलीशस सॉफ्टवेयर के प्रकार हैं** जो कंप्यूटर और डिजिटल प्रणालियों के लिये खतरा उत्पन्न करते हैं।
- इनका संबंध सामान्यतः साइबर सुरक्षा से होता हैं क्योंकि साइबर अपराधी इनका उपयोग डेटा चोरी करने, ऐक्सेस को अवरुद्ध करने अथवा सिस्टम को क्षति पहुँचाने के लिये करते हैं।
- **अतः विकल्प B सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME